RNI NO.CHHHIN/2012/41806 | रायपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024 | वर्ष-13 अंक- 136 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

तीन एजेंसियों ने लगाया ओएमएसएस योजना को पलीता

16 मार्च से लेकर 6 जून तक आचार संहिता में देश के राईस मिलरों ने कमाए अरबों रुपए

प्रमोद अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। देश में बढ़ती हुई महंगाई लोकसभा चुनाव जीतने में बाधक होगी यह जानकर भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने एक फरवरी 2024 को खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत पूरे देश में आम आदमी को 29 रुपए किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। जिसके तहत केन्द्र सरकार की तीन एजेंसियों द्वारा पूरे देश में चावल और आटा आम आदमी को सस्ती दर पर मिल सके और उस पर महंगाई का असर न पड़े और इस लालच में वह फिर से सरकार के पक्ष में मतदान करें। इस उद्देश्य के साथ बनाई गई। यह योजना चुनाव घोषणा के ठीक 38 दिन पहले लागू की गई थी। लेकिन चुनाव घोषणा के बाद लगी आचार संहिता का लाभ उठाते हुए केन्द्र की एजेंसियों द्वारा देश के बड़े राईस ब्रोकर और देश के सभी छोटे-बड़े राईस मिलर्स ने इस योजना को पलीता लगा दिया।

छोटे-बड़े राईस मिलर्स और सरकार की एजेंसिया हो गई मालामाल

सरकार को चावल यदि उपभोक्ता को मिलता तो जो चुनाव परिणाम आए है वह निश्चित रूप से ऐसे नहीं होते जो दिख रहे हैं। लेकिन इस योजना से सरकार को क्या फायदा हुआ और उपभोक्ता को क्या फायदा हुआ, यह तो नहीं मालूम लेकिन इस योजना से देश के सभी छोटे-बड़े राईस मिलर्स और सरकार की एजेंसिया मालामाल हो गई। योजना आज भी जारी है और भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी है। यदि सरकार ईमानदारी से इस मामले की जांच करा ले तो किसानों की मेहनत से उपजे धान और उससे बने चावल से घोटाले का एक बड़ा मामला सामने आ सकता है।

नाफेड, एनसीसीएफ और केन्द्रीय भंडार पूरे देश में वितरण करने वाली एजेंसी



मामले की निपक्ष जांच हो तो खुलेगा बड़ा चावल घोटाला

सरकार अगर इस मामले की निपक्ष जांच करे तो इस चावल घोटाले का आसानी से पता लगाया जा सकता है क्योंकि जिस ट्रांसपोर्ट एजेंसियों ने जहां-जहां माल डिलेवर किया है उन राईस मिलरों का पता लगाना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है और फिर उन्होंने किन किन एजेंसियों के जरिए माल बंटवाया है ये पता करना कोई मुश्किल काम नहीं है। जिस तरह नोटबंदी के दौरान गरीबों के आधार कार्ड की फोटो कापियां रखकर अमीर अपने नोट बदलते थे उसी तरह फर्जी आधार कार्ड का डाटा निकालकर यह चावल बटवाया गया। अगर जांच हुई और उन आधार कार्ड के धारकों तक एजेसिंया पहुंच सकी तो उसे पता चलेगा कि 90 प्रतिशत आधार कार्ड धारकों ने वह चावल लिया ही नहीं है।

एफसीआई में संग्रहित चावल खुले बाजार में देने का निर्णय

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 6 फरवरी 2024 को खुला बाजार बिक्री योजना के तहत चावल बांटने की घोषणा की थी। इसके पहले सरकार भारत आटा और भारत दाल नाम से सस्ती दरों पर अनाज पहले भी उपलब्ध करा रही थी। तब तक इस योजना के अच्छे परिणाम इसलिए मिल रहे थे क्योंकि पूरे देश में आटा सरकार के द्वारा नहीं लिया जाता है और जिन राज्यों में दालों की लेवी ली जाती है वो राज्य बहुत कम है। इसी का लाभ उठाने के चक्कर में चावल योजना भी लागू की गई और 18 रुपए 60 पैसे लगभग की दरों पर एफसीआई में संग्रहित चावल खुले बाजार में देने का निर्णय लिया गया। इस चावल को 10 किलो और पांच किलो की पैकिंग में बेचा जाना था। इसे पूरे देश में वितरण करने के लिए नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नाफेड), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), तथा केन्द्रीय भंडार को अधिकृत किया गया। ये तीनों एजेंसियां केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के अंतर्गत आती है।

अपनी राइस मिलो का ब्रांड लगाकर पुनः एफसीआई को सौप दिया

इन तीनों एजेंसियों ने सरकार से मिलने वाले चावल को आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले राशन दुकानों, खुले बाजार के विक्रेताओं, पंचायतों, स्थानीय निकायों का सहारा नहीं लिया और यह सारा चावल राईस मिलर्स को देना शुरू किया और यहीं से बात बिगड़ गई। राइस मिलो को इस चावल की ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से अपने मिलो में ले जाने दिया गया और उसे पांच और दस किलो के पैकेट बनाकर वितरण किया जाना था। लेकिन राइस मिलो ने इसका वितरण नहीं किया। चूंकि ऐसा ही चावल उन्हें सरकार से मिलने वाले धान को कूट कर एफसीआई को देना होता है। तो उन्होंने मौके का फायदा उठाकर उस चावल की पैकिंग तो बदली बजाय पांच और दस किलो की पैकिंग बनाने की जगह अपनी राइस मिलो का ब्रांड लगाकर पुनः एफसीआई को सौप दिया। इस रिसाइकिलिंग के खेल में देश के राईस मिलरो ने अरबो रुपए का वारा न्यारा कर लिया। सरकार से मिलने वाले धान को खुले बाजार में बेचकर करोड़ों का लाभ कमाया। सरकार इसलिए मामले की रोकथाम नहीं कर पाई क्योंकि इस दौरान 16 मार्च से लेकर 6 जून तक आचार संहिता लगी हुई थी और देश में चुनाव चल रहे थे। निगरानी करने वालों का अभाव था और चुनाव जीतने की प्रत्याशाः में इस घोटाले को होने दिया गया।

लगातार हो रहे मालामाल

धान की एमएसपी कब बढ़ेगी और धान का किसान कब मालामाल होगा यह तो कोई नहीं जानता, लेकिन इस धान का चावल बनाने वाले, धान पर राजनीति करने वाले और प्रशासनिक व्यवस्था करने वाले लगातार मालामाल हो रहे हैं।

आज बेबाक

हमारा देश वाकई बहुत तेजी से आगे चल पड़ा है। सड़कें और पुल भी बह कर दूसरे स्थानों पर जा रहे हैं। इस मामले में बिहार ने तो कमाल ही कर दिया है। एक के बाद एक दर्जन भर पुल अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरी जगह के लिए कूच कर चुके हैं। ये एक नई तकनीक विकसित की जा रही है। जिसे बुड़बक लोग समझ नहीं पा रहे हैं। खाली पीली बोम मार रहे हैं कि पूल ढह रहे हैं। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। चलित पुल निर्माण का चमत्कार करने के लिए कायदे से तो बिहार सरकार पुरस्कार की हकदार है।

सत्संग पीड़ितों के घर पहुंचे राहुल गांधी

अलीगढ़। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राहुल गांधी सुबह-सुबह अलीगढ़ के पिलखना पहुंचे। यहां वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। इसके बाद वह हाथरस में नवीपुर खुर्द, विभव नगर स्थित ग्रीन पार्क पहुंचेंगे, जहां वह आशा देवी, मुन्नी देवी आ ओमवती के परिवार वालों से मिले।

11 अगस्त को होगी नीट-पीजी की परीक्षा

नई दिल्ली। नीट-पीजी- 2024- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट-पीजी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। एजेंसी ने परीक्षा की तिथि 11 अगस्त तय की है। यह दो पालियों में आयोजित की जाएगी। 23 जून को होने वाली परीक्षा को यूजी परीक्षा के लिए लीक हुए पेपर सहित कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच शुरू होने से कुछ घंटे पहले स्थगित कर दिया गया था।

जांजगीर-कोरबा के दो कुंओं में 9 मौतें

सरकार ने मृतकों के परिजनों को दी 5-5 लाख की आर्थिक सहायता

जांजगीर-चांपा/कोरबा। शुक्रवार का दिन छत्तीसगढ़ के दो जिलों के लिए दर्दनाक रहा। जहां अलग-अलग कारण से कुएं में उतरे 9 लोगों की जान चली गई है। जांजगीर की दुखद घटना में कुएं में जहरीली गैस रिसाव के कारण 5 लोगों की मौत हो गई, तो वहीं कोरबा में गिरे पिता को बचाने बेटी कुएं में कूदी थी, उसके बाद दोनों को निकालने परिवार के दो और लोग नीचे उतर गए, पर कोई भी बाहर नहीं आ पाया। अंदर ही उनकी मौत हो गई। जांजगीर-चांपा की घटना शुक्रवार सुबह 7.30 बजे की है। दरअसल, कुएं में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए एक व्यक्ति कुएं में उतर गया। कुएं से निकल रही जहरीली गैस से उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए पड़ोस में रह रहे चार लोग एक-एक कर उतरे, पर कोई भी बाहर नहीं आ पाया। वहां जहरीली गैस की वजह से उनकी भी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि रामचंद्र जायसवाल कुएं में गिरी लकड़ी निकालने अंदर गया था, तभी गैस रिसाव होने लगा। जिसे बचाने पड़ोस के रमेश पटेल आया। उसका भी दम घुटने लगा। फिर उसे बचाने रमेश के दोनों बेटे राजेंद्र, जितेंद्र भी कुएं के अंदर गए। इसके बाद पड़ोस के ही टिकेश चन्द्रा उसे बचाने के लिए अंदर गया। गैस रिसाव से सभी की मौत हो गई। इस घटना से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों का नाम रामचंद्र जायसवाल 60 वर्ष, पड़ोसी रमेश पटेल 50 वर्ष, रमेश पटेल के दो बेटे जितेंद्र पटेल 25 वर्ष, राजेंद्र पटेल 20 वर्ष, एक और पड़ोसी टिकेश्वर चंद्रा 25 वर्ष शामिल है। जानकारी अनुसार कि टिकेश चंद्रा की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। दम घुटने से सभी की मौत हो गई।

किकिरदा में लंबे समय से कुएं का नहीं हो रहा था उपयोग

ग्राम किकिरदा के वासियों के अनुसार इस पुराने कुएं का काफी समय से इस्तेमाल नहीं हो रहा था। इसलिए गांव के ही लोगों ने पुरानी लकड़ियों से कुएं को ढंक दिया था। बारिश और तेज हवा के कारण लकड़ियां कुएं में गिर गई थीं, जिन्हें निकालने 60 वर्षीय रामचंद्र जायसवाल शुक्रवार की सुबह लगभग 7.३० बजे उतरा था। काफी देर तक वे बाहर नहीं निकले तो पत्नी ने शोर मचाया।

बिना मास्क गोताखोर नहीं उतरे नीचे

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में जांजगीर चांपा एसपी विवेक शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर के एसडीआरएफ की टीम का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय गोताखोर पहुंचे, मगर ऑक्सीजन मास्क नहीं होने के कारण रिंग कुएं में नहीं उतरा। शव को निकलने के बाद शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम विष्णुदेव साय ने घटना पर जताया शोक

ग्राम किकिरदा की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और पीड़ित परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इसके साथ ही 5-5 लाख के मुआवजे का ऐलान किया है।

अबूझमाड़ में हथियार फैक्ट्री ध्वस्त मुठभेड़ में 5 नक्सली मार गिराए गए

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ के कोड़तामेटा क्षेत्र के घमंडी व हिकुलनार के जंगल में सुरक्षा बल ने लगातार 72 घंटे अभियान चलाकर वहां नक्सलियों के हथियार बनाने के अस्थायी डेरे को ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस डेरे में नक्सलियों के शीर्ष स्तर के केंद्रीय समिति के नेता सोनू उर्फ भूपति, कोसा व माड़ डिविजन की प्रभारी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य माड़ डिवीजन की सचिव रनिता उर्फ जयमति सहित शेष पृष्ठ 6 पर

4 बलिदानी समेत 36 जवानों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह (चरण-1) में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य एवं संघ शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 10 कीर्ति चक्र (सात मरणोपरांत) और 26 शौर्य चक्र (सात मरणोपरांत) प्रदान किए। देश की रक्षा में अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण दिखाने वाले जवानों को राष्ट्रपति द्वारा शेष पृष्ठ 6 पर

11 पुल गिरे, 15 इंजीनियर्स सस्पेंड

बिहार। बिहार में पुलों के ध्वस्त होने पर 15 इंजीनियर्स सस्पेंड कर दिए गए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने दिए पुलों की मरम्मत और निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए 15 इंजीनियर्स को सस्पेंड कर दिया है। इनमें जल संसाधन विभाग के 11 और ग्रामीण कार्य विभाग के 4 इंजीनियर्स शामिल हैं। इसके अलावा दो अन्य इंजीनियर्स से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। यह कार्रवाई पुलों के बार-बार गिरने के चलते हुई है। बता दें कि बिहार में बीते 17 दिनों में 11 पुल गिरे हैं।

सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार

लंदन। ब्रिटेन में आम चुनाव के नतीजे चौकाने वाले आए है। इसमें 650 सीटों वाली ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में विपक्षी लेबर पार्टी ने 400 से ज्यादा सीटों के साथ प्रचंड जीत दर्ज की है। वहीं प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस तरह से ब्रिटेन की शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

नई रणनीति... *भाजपा ने जारी की 24 राज्यों के प्रभारियों की लिस्ट, सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी*

छग में विस-लोस चुनाव जिताने वाले नितिन नबीन होंगे प्रदेश प्रभारी

बिहार और हिमाचल प्रदेश में कोई बदलाव नहीं

हरियाणा में होने वाला है विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली। भाजपा ने 24 राज्यों में नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। जानें किसे कहां मिली जिम्मेदारी और पार्टी की नई रणनीति के बारे में। भारतीय जनता पार्टी ने 24 राज्यों में नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद भाजपा में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब यह नियुक्तियां पार्टी के संगठनात्मक परिवर्तन की शुरुआत मानी जा रही हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने यह आदेश जारी किया है। सतीश पूनिया को हरियाणा की जिम्मेदारी दी गई है। पूनिया विधानसभा चुनाव 2023 में हार गए थे और लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं मिला था। दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद अब उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को हरियाणा का सह प्रभारी बनाया गया है।

इन राज्यों में भी नियुक्त हुए नए प्रभारी

अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा और नगर हवेली, गोवा, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओड़िशा, पुदुचेरी, पंजाब, सिक्किम, उत्तराखंड, और उत्तर-पूर्व प्रदेश के लिए भी नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

इन्हें मिली जिम्मेदारी : अंडमान और निकोबार-प्रभारी-रघुनाथ कुलकर्णी, अरुणाचल प्रदेश-प्रभारी-अशोक सिंघल, बिहार शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस में भी बदलाव की सुगबुगाहट, 2 दिन चलेगा मंथन

बदलेंगे प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कई जिलों के अध्यक्ष और पदाधिकारी बदलने का विचार कर रही है। इसके अलावा परफॉर्मेंस के आधार पर पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की तैयारी है। कांग्रेस में जल्द बड़ा बदलाव होने वाला है। इसके अलावा परफॉर्मेंस के आधार पर पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की तैयारी है। इस मामले को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से भी इस विषय पर चर्चा हुई है। जल्द ही कई बदलाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी में देखने को मिलेंगे। जो पद खाली हैं, उनमें भी मेहनती लोगों की नियुक्ति की जाएगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की दो दिनों के बाद मैराथन बैठकें होंगी। यह बैठक 9 और 10 जुलाई को राजीव भवन में होगी। 9 जुलाई को वरिष्ठ नेताओं और जिला अध्यक्षों की होगी बैठक होने वाली है। वहीं 10 जुलाई को रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर मीटिंग होगी। इस दौरान रायपुर के सभी प्रमुख नेता बैठक मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

मुस्लिम महासभा ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, यह काम क्चछ्वक्क को करना था। लेकिन कोई बात नहीं, अगर यह मुस्लिम समाज कर रहा है तो उसका स्वागत करते हैं। क्चछ्वक्क तो गाय के नाम पर सिर्फ राजनीति करती है। क्चछ्वक्क की सरकार में सबसे ज्यादा शेष पृष्ठ 6 पर

ईरान का चाबहार पोर्ट भारत को मिला तो बढ़ी दुनिया की दिलचस्पी

आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में करीब 120 मिलियन डॉलर का निवेश करने जा रहा है। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के लिए पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं में 250 अरब डॉलर के क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की है। यह बंदरगाह अफगानिस्तान, मध्य एशिया और बड़े यूरेशियन क्षेत्र के लिए भारत की प्रमुख लिंक है।

चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट (एआई जूटीसी) से जोड़ने की योजना है, जो भारत को ईरान के माध्यम से रूस से जोड़ता है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान हिंद महासागर क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंचने के लिए बंदरगाह का उपयोग करने को उत्सुक है। कजाकिस्तान एक ट्रांस-कैस्पियन अंतर्राष्ट्रीय परिवहन मार्ग विकसित कर रहा है जो एशिया और यूरोपीय संघ के विशाल बाजारों को जोड़ेगा।

भारत ने की है निवेश की पेशकश

13 मई को भारत और ईरान ने एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए जो भारत को चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल का अधिकार देता है। 2018 के दिसंबर में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार फ्री जोन के माध्यम से चाबहार पोर्ट का संचालन अपने हाथ में ले लिया। इसके बाद से इसने 90,000 से अधिक टीईयू कंटेनर यातायात और 8.4 एमएमटी से अधिक थोक और सामान्य कार्गो को संभाला है।

तेहरान। कजाकिस्तान और सिंगापुर चाबहार पोर्ट के जरिए संसाधन संपन्न यूरेशिया के साथ एक व्यापार मार्ग स्थापित करने का इच्छुक हैं, जिसके मैनेजमेंट की जिम्मेदारी 10 साल के लिए भारत को मिली है। ये यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) के तहत है। सिंगापुर कजाकिस्तान के साथ एक व्यापार और पारगमन गलियारे की संभावना तलाश रहा है। चाबहार बंदरगाह दक्षिण पूर्व एशिया और सेंट्रल एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने हाल ही में सिंगापुर का दौरा किया और अपने मेजबान के साथ उनकी बातचीत में व्यापार और पारगमन गलियारे का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पिछले साल मई में जब सिंगापुर के तत्कालीन राष्ट्रपति ने कजाकिस्तान का दौरा किया था तो दोनों पक्षों ने एक व्यापार और पारगमन गलियारा बनाने का फैसला किया था जो यूरेशिया को दक्षिण पूर्व एशियाई बाजार से जोड़ेगा। सिंगापुर ने 2019 में ईएईयू के साथ एक एफ्टीए पर हस्ताक्षर किए थे। 2023 की राष्ट्रपति यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम एफ्टीए के ढांचे के भीतर सेवाओं और निवेश में व्यापार पर ईएईयू और सिंगापुर के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर करना था। एक और उभरती अर्थव्यवस्था और भारत के करीबी रणनीतिक साझेदार वियतनाम ने भी ईएईयू के साथ एक एफ्टीए में प्रवेश किया है।

सेना को कमजोर करेगी अग्निपथ स्कीम

मौजूदा समय में कुल अग्निवीरों में 75 प्रतिशत की वापसी तय

नई दिल्ली। कर्तव्य निभाते हुए शहीद होने वाले अग्निवीरों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर चल रहे राजनीतिक घमासान जारी है। इस बीच, कई सेवारत सैन्य अधिकारियों और दिग्गजों का कहना है कि सबसे बड़ी चिंता यह है कि अग्निपथ योजना युद्ध प्रभावशीलता और ऑपरेशनल दक्षता को कम कर देगी। इसे चीन और पाकिस्तान की तरफ से पैदा हुए स्पष्ट और वर्तमान खतरों के बावजूद नजरअंदाज किया जा रहा है।

एयरफोर्स, नेवी के नुकसान

सैन्य अधिकारियों का कहना है कि एक सैनिक, नाविक और वायुसैनिक को अपेक्षित व्यावहारिक अनुभव के साथ पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार होने में सात से आठ साल लगते हैं, लेकिन जून 2022 में शुरू की गई योजना के तहत चार साल बाद प्रत्येक बैच के 75 प्रतिशत अग्निवीरों को सेवा से हटा दिया जाएगा। इससे खास तौर पर भारतीय वायुसेना और नौसेना को नुकसान होगा, जो तकनीक के मामले में ज्यादा संवेदनशील हैं, लेकिन सेना पर भी इसका असर होगा।

सिर्फ 40 हजार की ही भर्ती

हर साल करीब 60,000 सैनिक रिटायर्ड होते हैं, जबकि अग्निवीरों की वार्षिक भर्ती वर्तमान में 40,000 तक सीमित है। यह देखते हुए कि सरकार की तरफ से अग्निपथ योजना को खत्म करने की संभावना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य बढ़ते वेतन और पेंशन बिलों को कम करना है। सशस्त्र बल चाहते हैं कि अग्निवीरों की सेना में बनाए रखने की दर मौजूदा 25त्न से कम से कम 50-60त्न तक बढ़ाई जाए। इसमें अन्य बदलावों के साथ, सर्वे और उनकी इकाइयों से फीडबैक को आधार बनाया जाए।

पूर्व नेवी चीफ ने की आलोचना

नवंबर 2021 में नौसेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए एडमिरल के बी सिंह ने गुरुवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अग्निपथ को आगे बढ़ाने वाली एकमात्र प्रेरणा पेंशन बिल को कम करना है। यह तथ्य कि यह योजना युद्ध प्रभावशीलता को कम कर देगी। यह सभी को पता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को समझते हैं। एक अन्य पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अर्थशास्त्र को पीछे रखना चाहिए।

सेना का कीमती समय और पैसा खर्च

एक शीर्ष अधिकारी ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि तेजी से तकनीकी प्रगति के साथ युद्ध का नेचर बदल रहा है। सशस्त्र बलों को अग्निवीरों को बेहतरीन हथियार प्रणालियों, मिसाइलों और मशीनरी को संभालने के लिए ट्रेनिंग देने में अपना कीमती समय और पैसा क्यों खर्च करना चाहिए, जबकि उनमें से अधिकतर चार साल बाद ही सेना से बाहर हो जाएंगे। इसके अलावा, अत्यधिक व्यस्त सेना पहले से ही युद्ध के लिए तैयार सैनिकों की कमी का सामना कर रही है, जो अग्निपथ योजना में बदलाव के बिना हर गुजरते साल के साथ और भी बढ़ती जाएगी।

जम्मू कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के बाद हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

अमित शाह ने बीजेपी नेताओं को दिए निर्देश

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35(ए) हटने के बाद इसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। पांच साल बाद अब वहां की आम जनता को विधानसभा चुनावों का इंतजार हैं, जिसको लेकर संभावनाएं हैं कि जल्द ही यह इंतजार खत्म हो जाएगा, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं, जिसको लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह न बीजेपी नेताओं को चुनाव की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी के बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर बीजेपी के कई नेता भी शामिल थे। उन्होंने प्रदेश के नेताओं को बताया था कि बीजेपी राज्य की 90 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ सकती है और वह चुनाव के पहले किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी। 2018 में भंग हुई थी विधानसभा गौरतलब है कि अगस्त 2019 में राज्य का 'विशेष राज्य' वाला दर्जा खत्म कर दिया गया था और उसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। बता दें कि पहले जम्मू कश्मीर में ही लद्दाख भी शामिल था, लेकिन लद्दाख को 2019 में एक अलग राज्य बना दिया गया था।

पीएम भी कर सकते हैं दौरा

इसके अलावा विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी किसी भी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का ऐलान भी नहीं करेगी। विधानसभा चुनाव की आहट के चलते ही जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार के मंत्रियों के दौरे बढ़ सकते हैं। साथ ही पीएम मोदी भी राज्य में कुछ अहम परियोजनाओं का शिलान्यास या लोकार्पण कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

लालू का दावा- अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार

पटना। आज राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है।

अब अंतरिक्ष में जा सकेंगे आम लोग

फाईल फोटो

नई दिल्ली। अरबपति जेरेड इसाकमैन और तीन अन्य को स्पेसवाक पर ले जाने के लिए पोलारिस डॉन मिशन पूरी तरह तैयार है। स्पेसवाक के लिए आम नागरिकों को शामिल करने वाली यह पहली उड़ान होगी। पोलारिस डान के 31 जुलाई को लॉन्च होने की उम्मीद है। यह पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान मिशन होगा, जिसमें स्पेसवाक शामिल है। हालांकि, कंपनी ने अबतक मिशन की औपचारिक घोषणा नहीं की है। यह शिफ्ट4 के संस्थापक इसाकमैन द्वारा पोलारिस कार्यक्रम के तहत पहला मिशन है। वह 2021 में लॉन्च किए गए इंस्पिरेशन4 मिशन के कमांडर थे। उन्होंने स्पेसएक्स के साथ तीन अंतरिक्ष उड़ानें खरीदीं और श्रृंखला का नाम पोलारिस कार्यक्रम रखा। पृथ्वी से 700 किलोमीटर ऊपर स्पेसवाक के दौरान भविष्य के मिशनों के लिए स्पेसएक्स की ओर से डिजाइन स्पेससूट का भी परीक्षण होगा। पोलारिस डॉन के क्रू कक्षा में पांच दिन बिताएंगे। इसाकमैन के अलावा, चालक दल के अन्य तीन यात्रियों में पायलट स्काट किड पोटेट, स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख करने वाली सारा गिलिस और चिकित्सा अधिकारी अन्ना मेनन शामिल हैं।

मुदा घोटाले में मैसूरु के उपायुक्त केवी राजेंद्र का तबादला, जी. लक्ष्मीकांत रेड्डी ने संभाला पद

कर्नाटक। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) में भूमि घोटाले पर विवाद के बीच कर्नाटक सरकार ने बड़ा फैसला लिया। उन्होंने मैसूरु के उपायुक्त केवी राजेंद्र का तबादला कर दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता आर. अशोक ने पहले आरोप लगाया था कि राजेंद्र ने मुदा को कई चिट्ठियां लिखी थी, जिसमें कहा गया था कि 50-50 अनुपात योजना के तहत आवासीय लेआउट बनाने के लिए भूमि खोने वालों से प्राप्त भूमि के बदले में वैकल्पिक स्थलों का आवंटन अनुचित था। बता दें कि राजेंद्र उन 21 आईएएस अधिकारियों में शामिल थे जिन्हें सरकार ने नौकरशाही पेरबदल में स्थानांतरित कर दिया था। राजेंद्र की जगह जी लक्ष्मीकांत रेड्डी ने लिया।

'जनता ही मेरी एकमात्र पार्टी : अजित पवार

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों से विकास के लिए उनका समर्थन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राजनीति में कदम रखने के बाद से ही वह अपनी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी साबित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जनता ही उनकी पार्टी है और जनता का कल्याण करना ही उनकी प्राथमिकता है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने एक वीडियो मैसेज में कहा, ÷लोग ही मेरी एकमात्र पार्टी है। मैं जो भी करूं, लोगों का कल्याण ही मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा लोगों के फायदे के बारे में सोचता हूं।÷ उन्होंने यह वीडियो लोक सभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा, राकांपा और शिवसेना वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर असंतोष की अटकलों के बीच जारी किया।

अजित पवार ने की जनता से अपील

पिछले हफ्ते विधानसभा में पेश किए गए बजट का बचाव करते हुए अजित पवार ने कहा कि उनके विरोधी उन्हें गालियां दे रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास का फल नागरिकों को मिले। उन्होंने दावा किया कि उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप कभी साबित नहीं होंगे। यह कहते हुए अजित पवार ने अपने आलोचकों पर गंदी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया।

समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता न देने के फैसले की होगी समीक्षा, सुप्रीम कोर्ट में 10 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पांच सदस्यीय संविधान पीठ पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट की सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3-2 के बहुमत के फैसले से कहा था कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

गौरतलब है कि कोर्ट ने 10 दिनों की सुनवाई के बाद 11 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद की ओर से दायर समीक्षा याचिका शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर संविधान पीठ ने सुनवाई की थी। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाए।

समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से किया था इनकार

सुप्रीम कोर्ट में पिछले साल समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने के मामले में समीक्षा याचिका दायर की गई थी। इससे पहले कोर्ट ने 17 अक्तूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया था।

हाजी मलंग दरगाह के पास 85 इमारतें ढहाई गईं, मंदिर होने का दावा

मुंबई। महाराष्ट्र के कल्याण में मौजूद हाजी मलंग दरगाह तक जाने वाली सीढ़ियों के किनारे स्थित लगभग 85 अनधिकृत इमारतों को ढहा दिया गया। गुरुवार की सुबह वन विभाग ने कलेक्टर कार्यालय के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई। लेकिन इस एक्शन को लेकर वहां के निवासियों और पीर हाजी मलंग दरगाह ट्रस्ट के सदस्यों ने चिंतित कर दिया है। जिन्होंने दरगाह के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की है।

इस साल की शुरुआत में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाजी मलंग दरगाह का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि वह सदियों पुरानी इस संरचना की ÷मुक्ति÷ के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं दक्षिणपंथी समूह का दावा है कि यह एक मंदिर है।

वन विभाग द्वारा 25 जून को अनाधिकृत प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद ही यह कार्रवाई की गई। नोटिस में उनसे अपील की गई थी कि वे नोटिस के तीन दिन के भीतर भूमि के स्वामित्व से संबंधित विवरण जैसे कि भू-राजस्व रिकॉर्ड प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भूस्खलन की उच्च संभावना के कारण अतिक्रमण को सात दिनों के भीतर हटा दिया जाना चाहिए।

प्राधिकरण को जवाब देते हुए दरगाह ट्रस्ट ने तीन दिन से अधिक का समय मांगा था। क्योंकि सर्वेक्षण संख्या 134, जिसके अंतर्गत दरगाह आती है। उसमें 300-400 से अधिक इमारतें हैं।

नोटिस के संबध में वन विभाग ने कलेक्टर कार्यालय के साथ मिलकर पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में गुरुवार सुबह लगभग 85 संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि केवल व्यावसायिक इमारतों को ही ध्वस्त किया गया। स्थानीय अप्सरा होटल से लेकर अन्य इमारतों को तोड़ दिया गया है।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चूंकि यह इलाका भूस्खलन संभावित है, इसलिए अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के लिए तोड़फोड़ की गई। नाम न बताने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, 'हाल ही में मलंगगढ़ इलाके में भूस्खलन का मामला सामने आया था, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए थे। सभी इमारते पहाड़ी ढलान पर बनी हैं। जहां कोई ठोस सतह नहीं है। जिससे पूरा इलाका भूस्खलन की चपेट में आ जाता है। चूंकि हजारों तीर्थयात्री मंदिर में आते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है।' उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें पहले से ही नोटिस जारी कर दिए थे और पहले भी कई नोटिस जारी किए थे, क्योंकि जिन इमारतों को ढहाया गया, वे अनधिकृत हैं। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी नागरिक ढांचे को ध्वस्त नहीं किया गया।

हालांकि, पीर हाजी मलंग साहब दरगाह ट्रस्ट के अध्यक्ष नासिर खान ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, 'अधिकारी सुबह-सुबह पहुंचे और कई दुकानें तोड़ दीं। सभी स्थानीय लोग और विक्रेता गरीब हैं और पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। हमने वन विभाग से अपील की थी कि हमें कुछ और समय दिया जाए।'

'अवैध शराब त्रासदी के पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी नहीं'

10 लाख के मुआवजे के खिलाफ हाईकोर्ट में दलील

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पिछले महीने जहरीली शराब पीने से करीब 56 लोगों की मौत हो गई थी। पूरे राज्य में इस त्रासदी को लेकर हाहाकार मच गया था। जहां भाजपा ने हंगामा करना शुरू कर दिया था। वहीं, बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये और अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार का मुआवजा देने का एलान किया था। हालांकि, अब इस मुआवजे के आदेश को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी की मुआवजा राशि पर चिंता जताते हुए मोहम्मद गौस ने जनहित याचिका दायर की। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। इस मामले पर आगे की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। गौस ने याचिका में कहा कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई हो और जिन्होंने जहरीली शराब पीकर एक तरीके से गलत काम ही किया है।

न्यूज गैलरी

चौथे माले से कूद कर कर्मचारी ने दी जान

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित पर्यावास भवन के चौथे माले से कूदकर एक युवक ने खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान नरेश साहू 35 साल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक उसी बिल्डिंग में हाउसिंग बोर्ड के अकाउंट शाखा में पदस्थ था। इसके साथ ही इस मामले में युवक के पास से किसी तरह का कोई सुसाइडल नोट भी पुलिस को नहीं मिला है। यह पूरा मामला राखी थाना इलाके का हैं। वहीँ मामले की जानकारी देते हुए रायपुर ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद यह तो स्पष्ट हो गया है की मृतक ने खुद चौथे माले से कूद कर आत्महत्या की है लेकिन प्रथम दृष्ट्या में मौत की वजह पारिवारिक कारण प्रतीत हो रहा है लेकिन पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाकर स्वागत

रायपुर/नव प्रदेश। जिले के धरसींवा विकासखंड के ग्राम छपोरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आज शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया साथ ही बच्चों के माथे पर टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर न्योता-भोज के तहत बच्चों को खीर-पुडी खिलाए गए। साथ ही ÷एक पेड मां के नाम÷ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

विधायक अनुज शर्मा के आतिथ्य में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। आज ग्राम पंचायत टेकारी के हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में विधायक श्री अनुज शर्मा, ग्राम सरपंच व शाला समिति के अध्यक्ष के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का अयोजन किया गया। बच्चों का तिलत लगा कर स्वागत किया गया। साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया।

पीसीसीफ वन्य प्राणी का जंगल सफारी नया रायपुर में पौधा रोपण

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी श्री सुधीर अग्रवाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधा रोपण किया द्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी थी द्य जंगल सफारी नया रायपुर में आज से पौधारोपण कार्यक्रम की सुरुवातकी गई है जिसमें कुल 6000 पौधे लगाये जा रहे है । कार्यक्रम में एपीसीसीएफ श्री प्रेमकुमार, सीसीएफवन्यप्राणी एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी श्री विश्वेश झा , संचालक जंगल सफारी श्री गणवीर धम्मशील ने भी पौधरोपण किया। जंगल सफारी के संचालक धम्मशील ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जंगल सफारी में पर्यटक और नागरिक 20 जुलाई तक पौधा रोपण कर प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते है ।

लक्ष्य निर्धारित कर अपनी सीमा न बांधें विद्यार्थी : साव

- उप मुख्यमंत्री अरुण साव सदगुरु प्राकट्य महोत्सव और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री सदगुरू प्राकट्य महोत्सव और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री श्री सदगुरू प्राकट्य महोत्सव और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री श्री सदगुरू प्राकट्य महोत्सव और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज रायपुर के धनेली स्थित श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में श्री सदगुरू प्राकट्य महोत्सव और स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और इंडो-नेपाल यूथ गेम्स में पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ और भारत में पिछले सात वर्षों में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के साथ ही संस्कार और आध्यात्म से भी जुड़ा है। यहां विदेशों से भी विद्यार्थी अध्ययन के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से ही भारत पूरी दुनिया को देते आया है। चिकित्सा, विज्ञान, वेद, आध्यात्म जैसी चीजें भारत ने दुनिया को दी हैं। हमारी संस्कृति और कल्पना इतनी व्यापक है कि श्वसुधैव कुटुंबकमश् को अपनाते हुए हम पूरी दुनिया को अपना परिवार मानते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बीते दस वर्षों में विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। मजबूत भारत के निर्माण की नींव इन दस वर्षों में रखी गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित कर अपने लिए सीमा मत बांधिए। आप अपने विषय और अपने क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा से काम करें। एक दिन आप शिखर पर होंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय श्री ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से आप भी शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया। प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष वर्धन ने समारोह में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कुल सचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। विश्वविद्यालय के डीन (एकेडमिक्स) सहित सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

एक पेड़ मां के नाम : माँ के सम्मान में मुख्यमंत्री साय ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी जन्मभूमि बगिया में अपनी माताजी के सम्मान में पौधरोपण किया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल बगिया परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने भी रुद्राक्ष का पौधा लगाया। वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री और जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने आंवले का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मां के साथ रिश्ता अनमोल होता है। जिस प्रकार मां हमे जीवन देती है, हमारा पालन पोषण करती है, वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है।

सुबह-सुबह कांग्रेसी नेता कुणाल शुक्ला के घर नोटिस के साथ आ धमकी राजस्थान पुलिस

- लोकसभा स्पीकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का है मामला

रायपुर/नव प्रदेश। कांग्रेस नेता और आरटीआई एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला के घर शुक्रवार सुबह राजस्थान पुलिस पहुंची। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ टिपण्णी करने पर राजस्थान में एफ्आईआर दर्ज किया गया था। राजस्थान पुलिस ने नोटिस देते हुए कुणाल शुक्ला से 7 दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीँ इस मामले में कोंग्रेसी नेता और आरटीआई एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ल ने ट्वीट कर लोकसभा स्पीकर को चुनौती देते हुए कहा है की शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे राजस्थान पुलिस स्थानीय छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मेरे दरवाजे में हाजिर होती है। मामला लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के लिए किसी टीका टिप्पणी को लेकर है जिस पर राजस्थान के कोटा शहर के किशोरपुरा थाने में मेरे विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफ्आईआर दर्ज की गई है। अगर ओम बिड़ला और उनके चेले ये समझते हैं कि वे मेरी आवाज़ दबा लेंगे तो वह मुगालते में हैं। मैनें ओम बिड़ला की पुलिस से कहा है कि वह मुझे मारे,मुझे घसीटे मुझे चौक चौराहे पर लटका दे पर मेरी आवाज़ को वह नहीं दबा पाएंगे,जिस जेल में मुझे रखना है रख लें वह मेरी कलम को नहीं रोक पाएंगे। तानाशाही के इस दौर में अब राजनैतिक टिका टिप्पणियों पर भी एफ्आईआर दर्ज की जाने लगी है? मैं गरीबों, मजदूरों, किसानों के लिए आवाज़ उठाता रहा हूँ,और आगे भी उठाते रहूंगा। मैं गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी खत्म किये जाने की बात करता रहा हूँ,आगे भी करता रहूंगा। जाते जाते,ओम बिड़ला की लड़की अंजली बिड़ला आईएएस कैसे बनी?इसका खुलासा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन में त्वरित निर्णय से बड़ी राहत

- सालभर से वेतन के लिए काट रहे थे चक्कर, मुख्यमंत्री से जनदर्शन में की मुलाक़ात, दूसरे दिन खाते में पहुंच गया पैसा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन में धान संग्रहण केंद्रों में कार्यरत कर्मियों को पिछले एक साल से वेतन नहीं मिलने की शिकायत पहुंची। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर डॉ गौरव सिंह को निर्देशित किया और तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई और दूसरे दिन सभी कर्मियों के बैंक खाते में उनका वेतन पहुंच गया। मुख्यमंत्री के इस त्वरित निर्णय से राहत मिलने पर कर्मियों में खुशी है और उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।रायपुर जिले के 6 धान संग्रहण केंद्रों में कार्यरत 28 कर्मियों को पिछले एक साल से वेतन प्राप्त नहीं हुआ था। लंबे समय से सभी कर्मचारी परेशान थे और विभाग के अधिकारी से सिर्फ आश्वसान मिल रहा था। वेतन मिलने की आस खत्म हो रही थी, तभी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जनदर्शन की शुरूआत की। मुख्यमंत्री से पहले ही जनदर्शन में आवेदन लेकर कर्मचारी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विस्तार से उनकी समस्याओं को सुनी और कलेक्टर को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्रवाई प्रारंभ कर वेतन देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए। इसके बाद सभी कर्मचारियों को उनके खाते में वेतन ट्रांसफर कर दिया गया।

राजधानी में उठाईगिरी की बढ़ती घटना चिंता का विषय : हरख

- फाफाडीह व पचपेड़ी नाका में बने पुलिस पाइंट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में उठाईगिरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हो रही घटना चिंता का विषय है, बाहर ग्रामीण तबके से आने वाले लोग अब तो खरीदी करने शहर आने से घबराने लगे हैं। उठाईगिरी की घटना आखिर आटो में सवार होने के बाद ही क्यों होती है ? और होती भी है तो फाफाडीह व पचपेड़ी नाका जैसे दो चौराहे से निकलने वाले आटो पर ही क्यों? पुलिस प्रशासन के लिए यह जांच का विषय होना चाहिए और इन दो जगहों पर पुलिस पाइंट बनना चाहिए ताकि संदिग्धों को निगरानी कर पकड़ा जा सके। साथ ही शहर में संचालित होने सभी ऑटो का वेरिफिकेशन भी अति आवश्यक है।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने जारी बयान में कहा है कि निश्चित तौर पर इन वारदातों के पीछे सुसंगठित गिरोह काम कर रहा है। यदि घटित पिछली सभी घटनाओं पर ध्यान दें तो लगभग समान ही दिखती हैं, बाहर से आए सवारी शहर आने के लिए जैसे ही बस से उतरकर ऑटो में सवार होती हैं, कुछ दूर आगे जाने पर कुछ महिलाएं बैठती हैं और वे सवारी के उतरने से पहले ही बीच रास्ते में उतर जाती हैं। इतने ही देर में वे अपने काम को अंजाम दे जाते हैं। सवारी से यदि जरा भी चूक हुई तो संदिग्ध वारदात करने में सफल हो जाते है। उठाईगिरी का शिकार हुए लोग पुलिस में रिपोर्ट लिखवाते हैं, मामला सुलझ भी नहीं पाता कि दूसरी घटना हो जाती है। गौर करने वाली बात ये हैं कि फाफाडीह व पचपेड़ी नाका जैसे दो सेंटर से ऑटो की सवारी करने वालों के साथ ही उठाईगिरी के अधिकांश मामले होते हैं। न केवल सराफा बल्कि अन्य व्यापार से जुड़े कारोबारी भी लगातार हो रही है ऐसी घटनाओं से चिंतित है, क्योंकि व्यापारिक कामकाज को लेकर प्रतिनिधि भी बाहर से आते जाते हैं।

श्री मालू ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि इन दोनों ही चौराहों पर पुलिस की एक फिक्स पाइंट बनाकर सादी वर्दी में सिपाहियों की तैनाती की जानी चाहिए जो संदिग्धों पर नजर रखे एवं सावधानी के लिए पुलिस सतर्कता सूचना बोर्ड भी लगवाए। महत्वपूर्ण ये भी है कि शहर में संचालित हो रहे सभी ऑटो चालकों का वेरिफिकेशन भी अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।

बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ : श्याम बिहारी जायसवाल

- बीमारियों को बढ़ने से रोकना स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती : स्वास्थ्य मंत्री
- शादी के पहले जन्मकुंडली की तरह ही जेनेटिक कुंडली भी मिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। आईआईटी भिलाई में आयोजित हेल्थ इनोवेशन केयर इन छत्तीसगढ़ के दूसरे राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री आईआईटी भिलाई में आयोजित हेल्थ इनोवेशन केयर इन छत्तीसगढ़ के दूसरे राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज IIT भिलाई में आयोजित हेल्थ इनोवेशन केयर इन छत्तीसगढ़ के दूसरे राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस कॉन्फ्रेंस में IIT, IIM, AIIMS, NIT और मल्टी नेशनल कंपनी के पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचल तक बेहतर मेडिकल सुविधा कैसे पहुंचे इस पर सकारात्मक चर्चा हुई। कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए सुझाव और तकनीक को लेकर चर्चा हुई जो आने वाले दिनों में राज्य के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे।

कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जो इंसान के साथ ताउम्र जुड़ा रहता है , लिहाजा एक बीमारी को ठीक करना हे स्वास्थ्य नहीं है बल्कि व्यक्ति बीमार ही न हो यह ज्यादा आवश्यक है। ऐसी स्थिति लाने की लिए युवा पीढ़ी को शादी से पहले जन्म कुंडली ही नहीं बल्कि जेनेटिक कुंडली भी मिला लेनी चाहिए ताकि सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी पूरी तरह से खत्म हो जाए।

जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है और इसका लाभ भी दूरस्थ अंचल के लोगों को मिल रहा है। अंबिकापुर से उदयपुर तक ड्रोन चिकित्सा सेवा और रायपुर के मेकाहारा में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत नई तकनीक का ही उदाहरण है।

जायसवाल ने भारत की अग्रणी संस्थाओं से कहा कि वो स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए तकनीक की खोज करां जिसके लिए राज्य सरकार का हर संभव सहयोग रहेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कर रही है जिसमें रायपुर और बिलासपुर में 700 बेड के अस्पताल तथा बस्तर और सरगुजा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण की घोषणा शामिल हैं।

कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ धीरेंद्र तिवारी, IIT भिलाई के निदेशक प्रो.डॉ. राजीव प्रकाश , AIIMS रायपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल , NIT रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रमन्ना राव सहित IIM रायपुर और स्टैनफोर्ड बायर्स सेंटर फॉर बायोडिजाइन के पदाधिकारी और IIT भिलाई के रिसर्च स्कॉलर्स आदि उपस्थित थे।

लखपति दीदी बनने के सपने को कर रही साकार-गीदम की महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। हिड़पाल ग्राम पंचायत में माँ गौरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं श्रीमती मंगलदई महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ रही है और कामयाबी का परचम लहरा रही है। मेहनत करने वालों की राह स्वयं ही खुल जाती है। इस बात को दूरस्थ अंचल जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के गीदम विकासखंड अंतर्गत 30 से 35 किलोमीटर दूरी पर स्थित हिड़पाल ग्राम पंचायत में माँ गौरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं चरितार्थ कर रहीं हैं। सुदूर वनक्षेत्र में निवासरत ये ग्रामीण महिलाएं आज सीमेंट ईट बनाने जैसा श्रम साध्य कार्य को अंजाम देने में जुटी हैं। ईंट बनाने के काम में 5 पुरूष मिस्त्रियों ने महिलाओं को इस काम में सहयोग करते हुए तैयारी के संबंध में समझाया फिर उन्हें ईट बनाने की मशीन संचालन करना, रेत, डस्ट में सीमेंट की मात्रा की मिलावट के बारे में जानकारी दी। इस तरह 10 महिलाओं ने शुरूआती दौर में 500 ईंट निर्माण की तैयारी की।

ईंट निर्माण की प्राथमिक जानकारी मिलने से महिलाओं को सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि आने वाले समय पर वे स्वयं मशीन ऑपरेट कर रही हैं। इस संबंध में मॉ गौरी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इसे अब अपनी आजीविका का साधन बनाने का मन बना लिया हैं। ज्ञात है कि राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास निर्माण को प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट की मांग बढ़ गई है। ईंट निर्माण से जुड़ी मॉ गौरी स्व-सहायता समूह की श्रीमती कमला कोर्राम का इस संबंध मे कहना है कि ईंट निर्माण कार्य से जुड़ कर उन्हें बहुत अच्छी लग रही है और काफी खुशी भी हो रही है क्योंकि हमें कुछ नया सीखने को मिल रहा है।

अन्य सदस्य श्रीमती तुलसी कश्यप ने बताया कि शुरूआत में निःशुल्क डस्ट एवं सीमेंट जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया। ईंट बनाने के सांचे भी उन्हे राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत प्राप्त हुए हैं। साथ ही ईंट बनाने के लिए प्रशासन की ओर से उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति अभार व्यक्त किया। आने वाले समय पर रेती, डस्ट एवं सीमेंट की खरीदी का पूरा दारोमदार समूह पर रहेगा। समूह की अन्य महिला श्रीमती मंगलदई ने आगे और जानकारी देते हुए कहा कि मॉ गौरी स्व सहायता समूह के द्वारा बैंक से 3 लाख रूपये का ऋण भी लिया गया है। पहले हम सभी महिलाएं लाल ईंट निर्माण कार्य से जुड़ी हुई थी जिसमें मिट्टी को अच्छे से मिलाकर ईंट बनाया जाता था।

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा के आयोजन में रचनाकारों ने पेश किए गीत, गजल और व्यंग्य

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की जून माह की गोष्ठी वृंदावन हॉल में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु मंजु यदु द्वय द्वारा आयोजित की गई। यह गोष्ठी मासिक गोष्ठी के साथ एक खास शख्सियत की जन्म जयंती के रूप में आयोजित की गई। ऋचा की संस्थापिका स्व शांति यदु माँ का जन्मदिन 30 जून को होता है। ऋचा नामक छोटा सा पौधा शांति यदु ने बोया था, उनके पुत्र व पुत्रवधु तथा पुत्री ने मिलकर इसे सिंचित किया ऋचा के तमाम सदस्यों की देखरेख में यह पुष्पित पल्लवित होकर आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है। यकीनन माँ शांति यदु का आशीष अपरोक्ष रूप से संस्था और परिवार पर बना है। सचिव नीता श्रीवास्तव ने संरक्षक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,मंजु यदु, अध्यक्षा डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव कार्यक्रम अध्यक्ष के पी सक्सेना दूसरे के हाथों माँ वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की ,सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी सरोज दुबे विधा ने । मासिक प्रतिवेदन का पठन किया मीना शर्मा ने । एक प्यारी परंपरा पर सहमति बनी कि हर माह संस्था के जितने भी सदस्यों का जन्मदिन आयेगा उस माह की गोष्ठी में मनाया जायेगा , इसी कड़ी में इस माह प्रज्ञा त्रिवेदी को बुके देकर शुभकामनायें प्रेषित की गई। किरण लता वैद्य कठिन के शानदार संचालन में गीत, गज़ल, व्यंग्य, लघुकथा,आलेखों जैसे इंद्रधनुषी रंगों में काव्य सरिता बह निकली । स्व शांति यदु के जन्मदिन को समर्पित माँ पर बहुत सी कवितायें पढ़ी गई जो नीम की ठंडी छाँह व कलकल बहती नदी सा एहसास करा गई।

सुविचार

जीवन में सफल होना है तो एक दो अच्छे मित्र बनाएं और यदि सफलता के शिखर पर पहुंचना है तो अपने आलोचकों की संख्या बढ़ाएं। - अज्ञात

विश्व में बड़ी ताकत बनती टीम इंडिया

टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर टीम इंडिया ने विश्व क्रिकेट में भारत का डंका बजा दिया है। विश्वकप लेकर भारतीय क्रिकेट टीम जब भारत लौटी तो पूरा देश उनके स्वागत में पलक पावड़े बिछाए बैठा था। भारतीय क्रिकेट टीम का ऐसा ऐतिहासिक स्वागत हुआ जो आज से पहले कभी किसी का नहीं हुआ था। मुंबई में टीम इंडिया के स्वागत के लिए मानो पूरा मुंबई शहर ही सड़कों पर उतर आया था। मुंबई पहुंचने से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात की। पीएम मोदी ने भी उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। वास्तव में टीम इंडिया इसी सम्मान की हकदार थी। वर्ल्ड कप जीतने पर जहां आईसीसी ने भारतीय क्रिकेट टीम को 21 करोड़ रुपए का नगद पुरस्कार दिया था। वहीं मुंबई में बीसीसीआई ने टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया। इसी से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आईसीसी के मुकाबले हमारा बीसीसीआई आज किस मुकाम पर खड़ा है। भारतीय क्रिकेट टीम के कायाकल्प में बीसीसीआई की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसने टीम इंडिया के लिए पहले भी पानी की तरह पैसा बहाया है। पिछले साल हुए वन ड़े विश्वकप में भी भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन फाइनल मुकाबले में वह आस्ट्रेलिया के हाथों पराजित हो गई थी। किन्तु पराजय की इस पीड़ा से टीम इंडिया को उबरने में ज्यादा समय नहीं लगा और उसने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर यह साबित कर दिया कि भारत क्रिकेट की दुनिया में भी महाशक्ति बन चुका है। पहले पहल 1983 में कपिल देव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने वन डे का वर्ल्ड कप जीता था। इसके 25 साल बाद महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने वन डे और टवंटी-20 वर्ल्ड कप जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। रोहित शर्मा की कप्तानी में भी भारत ऐसा ही इतिहास रचने की कगार पर था किन्तु पिछले साल वह वन डे वर्ल्ड कप का विजेता बनने की जगह उप विजेता बनकर रह गया था। बहरहाल रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप जीताकर भारत की पताका दुनिया में लहरा दी है। इस महान उपलब्धि के लिए टीम इंडिया का ऐतिहासिक स्वागत होना ही था। और देशवासियों खासकर मुंबईकरो ने टीम इंडिया का ऐसा अभूतपूर्व स्वागत किया कि दुनिया देखती रह गई। टीम इंडिया के स्वागत में मुंबई में जो लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी उसमें भी एक नया इतिहास रच दिया। इस स्वागत से भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का हौसला और बढ़ेगा। वे अब और भी जी जान लगाकर भारत के लिए अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और टीम इंडिया भारत को चैंपियंश ट्राफी दिलाने में भी सफल होगी। साथ ही जल्द होने वाले टेस्ट वर्ल्ड कप में भी भारतीय क्रिकेट टीम जो इस समय पहले नंबर पर है और इस नाते सीधे फाइनल में पहुंच रही है। वह अपने खिताब की रक्षा करने में भी जरूर कामयाब होगी।

हाथरस घटना को लेकर सियासत होना अनुचित

उत्तरप्रदेश के हाथरस में शूट-बूट वाले बाबा सूरज पाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के प्रवचन के पंडाल में उमड़ी लगभग ढाई लाख लोगों की भीड़ की वजह से जो भगदड़ हुई थी । उसमें 125 लोगों की मौत होने के बाद से कथित बाबा अभी तक फरार हैं। उत्तरप्रदेश सरकार ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू करा दी है। आधा दर्जन सेवादार गिरफ्तार हो चुके हैं लेकिन अभी तक कथित बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। वे कहां अंतर्ध्यान हो गए हैं। यह भी सोच का विषय बन गया है। अब इस घटना को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हाथरस पहुंचे लोगों से मुलाकात की और घटना की जिम्मेदारी उत्तरप्रदेश सरकार के कंधों पर डाल दी। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कथित बाबा को अप्रत्यक्ष रूप से क्लीन चीट देते नजर आए उन्होंने भी इस भगदड़ के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया। समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने तो बाबा को बाकायदा निर्दोष करार दिया। कुल मिलाकर इन नेताओं के बयानों से साफ हो जाता है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते ही उक्त बाबा ने उत्तरप्रदेश में अपना हजारों करोड़ रुपए का साम्राज्य खड़ा किया था। पिछले साल जनवरी माह में उनके ऐसे ही एक कार्यक्रम में अखिलेश यादव गए थे और अपने ट्विटर पर उसकी फोटो डालकर यह लिखा था कि सूरल पाल बाबा की पूरे ब्रम्हाण में जय-जय कार हो यही नहीं बल्कि जब मायावती उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री थी तो उन्होंने उक्त बाबा को तमाम वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराई थी। वास्तव में इस तरह के जितने भी ढोंगी बाबा होते हैं उन्हें कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण जरूर मिलता है यही वजह है कि ऐसे बाबाओं के खिलाफ कार्यवाही करने में प्रशासन के हाथ पांव फूलते हैं। इसके पूर्व भी ऐसे कई फर्जी बाबाओं का पर्दाफाश हो चुका है। जिनमें से कुछ तो जेल की हवा खा रहे हैं। इसके बाद भी अंधविश्वास के चलते इन बाबाओं की बाबागिरी बेरोकटोक बदस्तूर जारी है। नारायण साकार हरि के प्रति अभी भी उनके भक्तों की आस्था बनी हुई है और इतनी बड़ी घटना के बाद ऐसे लोगों की कोई कमी नहीं हैं। जो उक्त बाबा को अभी भी भगवान का अवतार बता रहे हैं। समाज में फैले इस अंधविश्वास को दूर करना निहायत जरूर है।

राजीव खण्डेलवाल

राष्ट्रपति का नरेन्द्र मोदी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण क्या "तकनीकि त्रुटि" है ?

4 जून 2024 को लोकसभा के आम चुनाव के परिणाम आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो चुकी थी कि, चुनाव पूर्व बने दो महत्वपूर्ण गठबंधनों में से एक "एनडीए" को 293 सांसदों का स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ। वहीं दूसरे गठबंधन "इंडिया" को 233 सीटें मिली एवं बहुमत से वह कुछ दूर रहा। कहते हैं न कि "कर्ता से करतार हारे", परन्तु देश को एक मजबूत विपक्ष जरूर मिला। एक-दो दिन की राजनैतिक कयासों व अटकलों के बीच यह स्पष्ट हो गया था कि चुनाव पूर्व बने गठबंधन मजबूत है और गठबंधन दलों से कोई भी पार्टी बाहर आकर दूसरे गठबंधन के पक्ष में नहीं जा रही है। इसलिए जहां तक एनडीए को बहुमत का सवाल है, इस पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह न तो तथ्यात्मक रूप से था और न ही मजबूत विपक्ष ने ऐसा कोई आरोप लगाया। जो इस तथ्य से भी सिद्ध होता है कि 'इंडिया' ने सरकार बनाने का दावा पेश ही नहीं किया था। यद्यपि "कस्तूरी की गंध सौगंध की मोहताज नहीं होती है", इसलिए एनडीए के चुने गये नेता के रूप में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाना प्रथम दृष्ट्या पूर्णतः सवैधानिक, वैधानिक व तथ्यात्मक दिखता है।

पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रपति के नरेन्द्र मोदी को सरकार बनाने को लेकर कुछ प्रश्नवाचक चिन्ह सोशल मीडिया में एस.एन. साहू पूर्व विशेष सचिव पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायण का वायरल होता लेख द्वारा उठाये जा रहे हैं। उनमें से एक बहुत बड़ा कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी के 240 सदस्यीय संसदीय दल का नेता न चुना जाना और राष्ट्रपति द्वारा सरकार गठन का निमंत्रण देते समय उन्हें समय सीमा में बहुमत सिद्ध करने के लिए न कहना। आइये! आगे इसकी संवैधानिक व्याख्या करते हैं। निश्चित रूप से हमारी संसदीय परम्पराएं, नियम व जो संवैधानिक व्यवस्था है, इसके अंतर्गत चुनाव परिणाम आने के बाद समस्त राजनीतिक पार्टियां अपने नवनिर्वाचित सांसदों की संसदीय दल की बैठक बुलाकर नेता का चुनाव करती हैं। तत्पश्चात ही सबसे बडी पार्टी जिसका चुना हुआ नेता गठबंधन के अन्य दलों के समर्थन से समर्थन पत्र के माध्यम से या गठबंधन दल की बैठक में नेता चुना जाकर सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत करता है। परन्तु वर्तमान में भाजपा की नव निर्वाचित सांसदों की संसदीय दल की बैठक ही नहीं हुई। यह सरकार से जुड़ी एक स्पष्ट अनिवार्यता है। इस प्रकार नरेन्द्र मोदी अधिकृत रूप से चुने गये? ऐसा प्रश्न सोशल मीडिया में उठाया जा रहा है, जो निश्चित रूप से एक त्रुटि प्रथम दृष्टया दिखती है, कि "कथा बिना कैसा व्रत", परन्तु प्रश्न यह है कि यह त्रुटि कितनी गंभीर है? संवैधानिक है? या वर्तमान राजनीति परिणाम, परिवेश को देखते हुए जानबूझकर की गई है? अथवा अनजाने में हुई है? इस पर गहनता से विचार करना होगा।

इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायण व रामास्वामी वेंकटरमन का उदाहरण दिया जा रहा है, जिसका उल्लेख "कयामत की नजर रखने वाले" पूर्व राष्ट्रपति के आर. नारायण के पूर्व विशेष सचिव एस. एन. साहू ने अपने एक लेख में किया है, जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। आइये! हम देखते है उस समय उन दोनों महामहिमों ने क्या किया। इस संबंध में हमारी पूर्व नजीरें, मिसालें, रिवाज क्या रहे? क्योंकि "हाथ की नस को हाथ से ही टटोला जाता है"। पूर्व राष्ट्रपति रामस्वामी वेंकटरमन ने वर्ष 1989 के आम चुनाव में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी 194 सदस्य होने के बावजूद सरकार बनाने के लिए निमत्रंण इसलिए नहीं दिया था कि उन्होंने सरकार बनाने का दावा ही पेश नहीं किया था। तब राष्ट्रपति द्वारा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी/ग्रुप के नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह को सरकार बनाने का निमत्रंण देते हुए 30 दिवस में बहुमत साबित करने के निर्देश दिये थे। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी 161 सदस्यों के कारण व 146 सदस्यीय कांग्रेस के द्वारा दावा न करने से तत्कालीन राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा ने भाजपा संसदीय दल के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया था, जो सरकार 13 दिन में बहुमत सिद्ध न कर पाने के कारण गिर गई।

वर्ष 1998 में के. आर. नारायणन पूर्व राष्ट्रपति ने सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को सरकार बनाने के लिए निमत्रिंत किया था, बावजूद इस तथ्य के कि चुनाव पूर्व ग्रुप या गठबंधन (एनडीए) को बहुमत नहीं मिला था (मात्र 182 सीट मिली थी)। तथापि निश्चित समय सीमा में बहुमत सिद्ध करने का निर्देश जरूर दिया गया था। अर्थात् उपरोक्त उल्लेखित दोनों परिस्थितियों में सरकार बनाने का निमत्रंण देने के साथ ही तय समय सीमा में बहुमत सिद्ध करने के निर्देश जरूर दिये गये थे, जिनका पालन भी हुआ था। परन्तु प्रस्तुत प्रकरण में बहुमत सिद्ध करने का निर्देश न देने का सबसे बड़ा आधार यह कि चुनाव पूर्व गठबंधन एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है, जहां राष्ट्रपति उस बहुमत के प्रति संतुष्ट है जिसे किसी पक्ष-विपक्ष सहित चुनौती नहीं दी है। अतः उक्त निर्देश देने की स्थिति किसी भी रूप में उत्पन्न नहीं होती है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी को बहुमत सिद्ध करने का निर्देश तब दिया गया था, जब चुनाव में उन्हें स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इसलिए सबसे बड़ी पार्टी के रूप में निमत्रिंत करते हुए बहुमत सिद्ध करने के निर्देश दिये थे, जो संवैधानिक व उचित थी। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों ही स्थिति में पूर्व राष्ट्रपति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने निर्णय के कारणों से देश के नागरिकों को अवगत कराया था। परन्तु वर्तमान में महामहिम ने ऐसा नहीं किया, क्यों? क्या इसलिए तो नहीं कि "तकल्लुफमें है तकलीफसरासर"? एक स्थिति ऐसी भी हो सकती है बल्कि पूर्व में हुई भी है, जब राज्यसभा के सदस्य डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी। तब निर्वाचित लोकसभा के संसदीय दल का नेता राज्यसभा का सदस्य कदापि नहीं हो सकता है। तथापि नव निर्वाचित सांसदों की बैठक बुलाकर नेता का चुनाव इसलिए किया जाता है ताकि वह नेता लोकसभा होगा। अतः राज्यसभा सदस्य को प्रधानमंत्री के रूप में दावा पेश करने के लिए सिर्फबहुमत का लिखित में समर्थन का दावा प्रस्तुत करना ही काफी है। एक स्थिति और भी हो सकती है, जब वह किसी भी सदन का सदस्य नहीं हो, तब भी वह प्रधानमंत्री पद का दावा पेश कर सकता है, यदि उसके पास बहुमत का दावा है। तथापि उसे छः महीने के अंदर उसे किसी भी सदन का सदस्य चुना जाना आवश्यक होगा। अनुच्छेद 74 के अनुसार राष्ट्रपति की सहायता व सलाह के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक मंत्रिपरिषद होगी। अनुच्छेद 75 के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी। मतलब प्रधानमंत्री का "चुनाव" नहीं "नियुक्ति" होती है। दूसरे शब्दों में "मोल कमर का होता है, तलवार का नहीं"।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1614 में 6 जुलाई को ही अकबर के प्रमुख राजपूत सरदार मान सिंह का निधन हुआ। 1787 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल के शिबपुर में भारतीय वनस्पति उद्यान की स्थापना हुई थी। 1885 में 6 जुलाई को ही लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। 1892 में आज ही के दिन दादा भाई नौरोजी ब्रिटेन की संसद में चुने जाने वाले प्रथम अश्वेत और भारतीय बने थे। 1901 में 6 जुलाई को भारतीय राजनीतिज्ञ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। 1905 में 6 जुलाई को भारत की प्रख्यात समाज सुधारक लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म हुआ था। 1923 में आज ही के दिन सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना हुई थी। 1944 में 6 जुलाई को ही महात्मा गांधी को पहली बार नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था। 1959 में आज ही के दिन वेल्लोर अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। 2006 में 6 जुलाई को ही नाथूला दर्रा 44 साल बाद खोला गया था। 1946 में आज ही के दिन ग्रेट नैतिक दार्शनिक पीटर सिंगर का जन्म हुआ था। 1986 में 6 जुलाई को ही इंडियन पॉलिटिशियन बाबू जगजीवन राम का निधन हुआ था। 2002 में आज ही के दिन इंडियन इंडस्ट्रलिस्ट धीरूभाई अंबानी का निधन हुआ था।

पाठकों की बात

बढ़ते कदम अचानक



बढ़ते कदम अचानक रुक क्यूँ गए.. और पीछे क्यूँ जाने लगे.. ऐसा क्या था जिसने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया.. क्या कोई डर या आत्म चिंतन करते हुए अपने आपको गलत पाया... वैसे अधिकतर कदम डर के कारण ही आगे नही बढ़ पाते.. और अपनी कुछ इच्छाओं को ऐसे ही मार देते हैं... - **भागीरथी सिंह**

आठ आठ आठ आठ

आठ आठ आठ आठ, छन्द रूप घनाक्षरी, लघु दीर्घ यति गति, छन्द में प्रवा सार। शब्द भावना विधान, अंत गाल गुरु लघु, शोध शोध वर्ण लिख,बत्तीस तुकांत प्यार । सार प्यार देख कर, यामिनी द्रवित हुई चाँद रोहिणी नक्षत्र,पत्र पत्रिक विचार। रोहिणी सुअर्थ लाल, पाँच तारिका समूह दक्ष क सुता प्रबल,चंद्र प्रेमिका विहार।

-राजकिशोर मिश्र 'राज'

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | मन लगाकर महनत हो जाए

मन लगाकर महनत होजाए भरपूर। नियमित अभ्यास सफलता देता है जरूर।। अनियमित दिन रात्रि चर्या आलस वक्त की बरबादी। आदमी को सफलता से ले जाते हैं कोशों दूर।। एक से बढक़र एक पड़े हैं मुकाबले में बड़े बड़े हैं। जीतने वाले को सम्मान बहुत पुराना है दस्तूर।। कैसा किया गया है काम बतलाता है ये परिणाम। खास बनें रहकर के आम दुनियाँ कहे आओ हुजूर।। बडों की ना बात भूलना अपनी ना औकात भूलना। नम्रता रखना जीवन में लाना नहीं गुरूर।। - **राजकुमार शर्मा**

मेरे ग़म सब बिन ख़बर के रह गए!

मेरे ग़म सब बिन ख़बर के रह गए! तन्हा हम बिन हमसफ़र के रह गए!! था बनाया रेत का इक आशियाँ , फिर हवाओं से ही डर के रह गए ! ज़िन्दगी में हादसे हैं इस क़दर , ख़्वाब सारे ही बिखर के रह गए ! मंज़िलें जाने कहाँ पर खो गईं , और हम राहे सफ़र के रह गए! आंधियों के जुल्म सह लेने के बाद, फिर शजर सब बेसमर के रह गए! जब वफ़ा का चाँद आया गहन में, तारे जितने थे वो डर के रह गए !

- कविता सिंह

जय मां शारदे देश हित जन हित

जय मां शारदे देश हित जन हित,काज सारे कर रहे। राष्ट्र के विरोधियों पे , काम कछु कीजिए ।। भूल मान मर्यादा को,राग निज अलापते ।ऐसे प्रतिनिधि पर, रोक कछु कीजिए।।मां भारती कराहती,आर्त स्वर पुकारती । भारती विरोधियों पे,अब तो पसिजिए।। फ्लस्तीनी पाकिस्तानी,नारे जो लगाते दिखें । जेल बंद कर उन्हें,लात मूका दीजिए।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

कितने दिनों बाद कितने अरमानों

कितने दिनों बाद कितने अरमानों बाद तपती धरती आज की बारिश और तुम सूरज की तपिश से झुलसी ये धरती सहमी हुई थी जैसे तेरी यादों में लिपटी फिर आई वो घटाएँ बारिश की सौगातें हरबूँद में तेरी छवि हर फुहार में तेरी यादें धरती की प्यासऔर दिल कीभी पुकार तेरे संग बारिश में हुआ प्यार बेशुमार जैसे सूखी धरती पर पहली बूँद गिरती है वैसे ही तेरे आने से रूह में ताजगी भरती है हर पल तेरे प्रेम की पाक महक आए ये बारिश फिर से यादों को जीवंत बनाए कितने दिनों बाद कितने अरमानों बाद तपती धरती पर आज की बारिश और तुम तेरी हँसी की वो गूंज अब भी कानों में है बारिश की रिमझिम तेरे प्यार का पैगाम दे प्रेम की ये बारिश दिल को नया सुकून दे बारिश की रिमझिम तेरे प्यार का पैगाम दे। - **रेनू शब्दमुखर**

मैं भी बारिशें देखता हूँ, मगर कोरी

मैं भी बारिशें देखता हूँ, मगर कोरी आसमानी नहीं आँखों के सावन की मौसमी ऋतुओं की यहाँ कोई गुलामी नहीं वो जो सने हैं कीचड़ से वह नहीं है, अलग हमसे क्या उनकी चमड़ी गुलाबी नहीं बचपना ठीक था लड़ते थे , भूल जाते थे किसी बदले की सुनामी नहीं पक गया हूँ तो बचपना याद आता है ये बात और, तुम सी मेरी कहानी नहीं चूने वाले घरों की सीलन गीली लकड़ियों का धुआँ क्या तुम्हारी पहचानी नहीं - **केदारनाथ शब्द मसीहा**

मेरे घर में नहीं आइना अब कोई

मेरे घर में नहीं आइना अब कोई मैंने सजना संवरना खत्म कर दिया खत्म जब से हुआ उससे रिश्ता मेरा उसके घर आना जाना भी कम कर दिया जिसमें रोशन हुई थी मुहब्बत मेरी बंद कमरा वो मेरे सनम कर दिया था सहेली का घर उसके घर के तरफ़ उस गली से गुज़रना ही कम कर दिया अब निराली का दिल है सकूँ में बहुत - **नीरू श्रीवास्तव**

प्रेरक प्रसंग

अहंकार का उपहार

महात्मा बुद्ध के पास सेठ रतनचंद दर्शन को आए तो साथ में ढेरों साम्रगी उपहारस्वरूप लाए। वहाँ उपस्थित जन-समूह एक बार तो वाह-वाह कर उठा। सेठ रतनचंद का सिर तो गर्व से तना जा रहा था। बुद्ध के साथ वार्तालाप प्रारंभ हुआ तो सेठ ने बताया कि इस नगर के अधिसंख्य चिकित्सालयों, विद्यालयों और अनाथालयों का निर्माण मैंने ही कराया है। आप जिस सिंहासन पर बैठे हैं वह भी मैंने ही भेंट किया है, आदि-आदि। कई दान सेठजी ने गिनवा दिए। सेठ जी ने जब जाने की आज्ञा चाही तो बुद्ध बोले - "जो कुछ साथ लाए थे, सब यहाँ छोड़कर जाओ।" सेठ जी चकित होकर बोले - 'प्रभु, मैंने तो सब कुछ आपके समक्ष अर्पित कर दिया है।' बुद्ध बोले - "नहीं, तुम जिस अंहकार के साथ आए थे उसी के साथ वापस जा रहे हो। यह सांसारिक वस्तुएँ मेरे किसी काम की नहीं। अपना अहम यहाँ त्याग कर जाओ, वही मेरे लिए बड़ा उपहार होगा।" महात्मा बुद्ध का यह कथन सुनकर सेठ जी उनके चरणों में नतमस्तक हो गए। भीतर समाया हुआ सारा अहंकार अश्रु बनकर बुद्ध के चरणों को धो रहा था।

QUIZ TIME

1) हाल ही में नये भारत का सामवेद पुस्तक का विमोचन किसने किया?

2) कम्युनल अवार्ड किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?

3) डेविस कप 2023 का खिताब हाल ही में किसने जीता?

4) भारत के लिए संविधान सभा की रचना हेतु संविधान सभा का विचार सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया?

5) सियाचिन ग्लेशियर के ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद (2) रैम्से मैकडोनाल्ड (3) इटली (4) स्वराज पार्टी ने 1924 में (5) कैप्टन गीतिका कौल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी ।

वृषः आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।

मिथुनः आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे।

कर्कः आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी।

सिंहः सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी।

कन्याः आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

तुलाः आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे परिस्थितयां प्रतिकूल रहने के कारण इससे मानसिक शांति अवश्य मिलेगी।

वृश्चिकः आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी।

धनुः आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी।

मकरः आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है।

कुंभः आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामाजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे।

मीनः आज के दिन आपकी राशि से चतुर्थ चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:47, सूर्यास्तः 19:15, चन्द्रोदयः 06:14, चन्द्रास्तः 19:05, अयन दक्षिणायन, ऋतुः ?? वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : व्याघात, प्रथम करण : चतुष्पाद (16:38 तक), द्वितीय करण : नाग (28:26 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मिथुन,: मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्रः मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:59,राहुकाल : 09:00 से 10:32, यमगण्ड : 15:54 से 17:35, दुर्मुहूर्त : 08:29 से 09:23, अमृत काल : 18:01 से 19:38, सर्वार्थसिद्धि योग : 28:06 से 29:21, विजय मुहूर्त : 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त :19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या : 19:22 से 20:22 निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:42, राहुवासः दक्षिण-पूर्व, होमाहुति : सूर्य (23:51 तक), दिशाशूल : पश्चिम।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पौत्र (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यकुशली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 108 का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	हृ	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	ता	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	ता	क्ष	क

न्यूज गैलरी

बार और होटल में तोड़फोड़

भिलाई। जिले में भिलाई के गदा चौक के पास पेपर चिल्ली बार सेंट्रल प्वाइंट होटल में नशेड़ियों ने तोड़फोड़ की है। बताया जा रहा है कि रात 10 बजे के करीब नशे में चूर कुछ लोग पहुंचे थे। वारदात होटल में लगे सीसीटीव कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। मामले की जानकारी वैशाली नगर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिग टीम घटनास्थल पर पहुंची। इस मामले में पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज हो गई है। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कार चालक पर जानलेवा हमला

भिलाई। एक एक्सयूवी चालक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इससे पहले की आरोपी उसकी हत्या करता एक 15 साल के लड़के ने शोर मचाकर पत्थर मारना शुरू किया। इससे आरोपी भाग गया। आरोपी बाइक में एक महिला के साथ पहुंचा था। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि घटना बुधवार रात 10.30 बजे के आसपास की है। ढांचा भवन निवासी किशोर सहारे उर्फसोनू (33) पर सुपेला स्पर्श हॉस्पिटल के पीछे रहने वाले सेवा सिंह नाम के आरोपी ने जानलेवा हमला किया है। उसने सोनू के सिर, पेट, हांथ और जांघ में चाकू से 7-8 वार किए। घटना के समय सेवा सिंह के साथ एक महिला भी थी।

आम लोगों से मांगे सुझाव

दुर्ग। उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ विजन /2047 डाक्यूमेंट को सर्वसमावेशी बनाए जाने के उद्देश्य से आमलोगों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा पोर्टल ''मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़'' तैयार किया गया है। इस लिंक पर जाकर या क्यू आर कोड स्कैन कर अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन/2047 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं।

किराये के भवन हेतु निविदा

दुर्ग। जिले की विदेशी मंदिरा दुकानों के लिए भवन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। मदिरा दुकानों की जानकारी एवं निविदा शर्तें/फार्म कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी (उप महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड से 18 जुलाई 2024 तक समस्त कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा 18 जुलाई को सायं 3 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकेगा। उक्त निविदा उसी दिन सायं 4 बजे खोली जाएगी।

भिलाई का युवक पुणे में बंधक

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र के कांट्रैक्टर कॉलोनी निवासी एक युवक को पुणे में बंधक बना लिया गया है। उसकी बहन को कॉल पर धमकी देकर पैसे मांगे गए। अब सुपेला पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस ने जल्द ही युवक को छुड़ाने के लिए एक टीम भेजेगी। सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकार तिवारी ने बताया कि लता यादव पति शिव कुमार यादव (30) निवासी कांट्रैक्टर कॉलोनी ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि, वो किसी फाइनेंस कंपनी में काम करती है।

निधन : डूंगरमल सोनी

दुर्ग। ब्राह्मण पारा निवासी डूंगरमल सोनी (जवड़ा) 70 वर्ष का हृदय गति से आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। उनके 4 पुत्र व 2 पुत्री थी। वे जगदीश, जोगेश्वर, हनुमान, श्यामसुंदर सोनी व अणची सोनी, सरला सोनी के पिता थे।

विद्यार्थी माता-पिता व गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव रखें : सांसद बघेल

- कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन।
- पाठ्य-पुस्तक एवं सायकल का किया गया वितरण
- अतिथियों ने स्कूल परिसर में किए पौधरोपण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में तथा विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन और विधायक ललित चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उ.मा. शाला वैशालीनगर में सम्पन्न हुआ। जिला प्रसाशन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी सम्मिलित हुई। अतिथियों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल एवं अन्य अतिथियों ने आंगनबाड़ी केंद्र खुर्सीपार के बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इसी कड़ी में विद्यालय के पहली, छठवी, नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को भी तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय की 10 छात्राओं को सायकल भी वितरित की गई। इसके अलावा कक्षा दसवीं की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले 14 मेधावी छात्राएं तथा कक्षा बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 9 मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लास और उमंग के साथ आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए सांसद बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने की पहल में देश के हर नागरिक को शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति निरक्षर ना रहे, इसके लिए सरकार की पहल जारी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से कहा वे निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सद्भावना पूर्वक सेवाभाव से सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर ने शाला प्रवेश के संबंध में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को दिए गए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। कलेक्टर ने विद्यालय की उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी साथ ही शाला नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने स्वागत प्रतिवेदन में शाला प्रवेशोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन डीएमसी श्री सुरेन्द्र पाण्डे ने किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किए। इस दौरान संस्था की प्राचार्य संगीता सिंह बघेल एवं अन्य शिक्षकगण, बीईओ धमधा कैलाश साहू, बीआरसी धमधा महावीर वर्मा, बीआरसी दुर्ग श्रवण सिन्हा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित थे। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर अक्षय पात्र संस्थान द्वारा विद्यालय में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसका 500 विद्यार्थियों ने लुफ्त उठाया।

सागर और मुकुल गिरफ्तार, जिंदा कारतूस व धारदार हथियार बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्लोब चौक के आगे सेक्टर 10 मे गोली चलाने वाले फरार आरोपी अमित जोश के मुख्य सहयोगी आरोपी सागर उर्फ डागी एवं मुकुल सोना को किया गया गिरफ्तार।आरोपियों के कब्जे से पिस्टल का मैग्जीन, जिंदा कारतुस एवं धारदार हथियार बरामद। गोलीकांड मामले में अब तक पांच आरोप को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार मुख्य आरोपी अमित जोश की लगातार पतासाजी जारी है।

सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ने बताया कि दिनांक 26 जून 2024 की दरमियानी रात्रि ग्लोब चौक के आगे सेक्टर 10 मे गोली चलाने वाले आरोपी फरार अमित जोश एवं इसके साथी सागर बाघ उर्फ डागी एवं मुकुल सुना की हर संभव पतासाजी कर गिरफ्तार किये जाने हेतु जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा दिये गये निर्देशो, सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग एवं सत्य प्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के मार्गदर्शन मे एसीसीयु एवं थाना भिलाई नगर की टीम फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी, मुखबीर लगाये गये थे लोकेशन लिया जा रहा था। फरार आरोपियों की पतासाजी के दौरान आरोपी सागर बाघ उर्फ डागी के नागपुर में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल टीम को नागपुर रवाना कर आरोपी को नागपुर मे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटर सायकल एवं एक धारदार चाकु बरामद किया गया है। इसी प्रकार घटना में संलिप्त फरार आरोपी मुकुल सुना के केलाबाड़ी दुर्ग मे होने की जानकारी प्राप्त होने पर टीम द्वारा घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी की तलाशी लिये जाने पर इसके कब्जे से एक नग पिस्टल का मैग्जीन, दो जिंदा कारतुस एवं एवं एक धारदार चाकु बरामद किया गया है।

महादेव सट्टा ऐप के पैनल ऑपरेटर की हैदराबाद में छलांग लगाने से मौत

हैदराबाद में तीसरी मंजिल से छलांग लगाने वाले महादेव सट्टा ऐप के पैनल ऑपरेटर सुजीत साव की इलाज के दौरान मौत हो गई। सुजीत ने दुर्ग पुलिस से बचकर भागने के लिए छलांग लगाई थी, लेकिन न पुलिस से बच सका और न ही मौत से। ऑपरेशन के बाद से उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। गुरुवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। दरअसल, 6 दिन पहले यानी (29 जून को) महादेव सट्टा ऐप के पैनल को पकड़ने के लिए दुर्ग पुलिस हैदराबाद गई थी। इस दौरान दुर्ग पुलिस ने हैदराबाद के सोई अमु रेजिडेंसी गोली डोडी में एक फ्लैट में छापेमारी की। इसी बीच सुजीत पुलिस को देखकर घबरा गया और उसने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी।

कार्यों का विधायक व महापौर ने किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा वार्ड पार्षद एव नागरिको के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना कर वार्ड 10 सांई मंदिर से घनश्याम अग्रवाल, लक्ष्मी आटा चक्की के पास सीसीरोड निर्माण एवं वार्ड 12 स्ट्रीट-19 से 26 तक, चुमन गली, विश्वकर्मा मंदिर के पास, शंकर नगर रोड व नाली निर्माण कार्य दोनो वार्डो में 31 लाख से होगा सीमेंटीकरण निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर ने कहा कि नागरिकों के द्वारा गली में सड़क की मांग की थी। वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक व महापौर का आभार व्यक्त किया। विधायक व महापौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए की सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य समय अवधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने ने कहा कि राज्य शासन से विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद लगातार भूमिपूजन हो रहा है आगे भी जारी रहेंगा। इस दौरान सभापति राजेश यादव, पार्षद एमआईसी सदस्य संजय कोहले, पार्षद चंद्रशेखर चन्द्राकर, अजीत वैध, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता विनोद मांझी, विकास दमाहे मौजूद रहें।

पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। जहां पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस रही है हजारों लोग गर्मी की मार से बेहाल है। दुनिया के हर कोने से एक ही आवाज उठ रही है कि पेड़ लगाओ पेड़ बचाओं अभियान के चलते हवा में नमी को बढ़ाने व मेघो को आकर्षित कर वर्षा हेतु आज सेट्रल पार्क पद्मनाभपुर के आसपास सैकडो पौधे लगाने का अभियान शुरु किया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा, पार्षद मनीष बघेल, राजेश शर्मा, हरिश साहू, विष्णु वैष्णव, चन्द्रदीप चौहान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, शशिभूषण सिंग ने उपस्थित होकर नीम, बरगद, करन, पीपल, कोनोकारपेट के पौधे लगाए।

न्यौता भोजे व वृक्षारोपण कर मनाया प्रवेशोत्सव

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। संकुल अंतर्गत ग्राम खपरी वि.ख. धमधा प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं शाला आये बच्चों का अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया। शिक्षकों व अतिथियों द्वारा स्कूली बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें व गणवेश बांटे गए। इसके अलावा कार्यक्रम में पहुंचे सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को न्योता भोजन कराया गया। स्कूल परिसर में अतिथियों शिक्षकों व स्कूली बच्चों ने वृक्षारोपण कर नए सत्र को यादगार बनाने का उचित पहल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम खपरी के सरपंच श्रीमती विमला साहू के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी प्रभारी डॉ. अनुपमा कंवर भी उपस्थित रही जिन्होंने स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य सम्बंधित टिप्स दिए कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अजय राजपूत, प्रधान पाठक श्रीमती रेखा ठाकुर, श्रीमती अंजूलता ठाकुर शिक्षकगण, नितिन कुमार जांगड़े ग्रामीण जन कृष्णा साहू अंजोर दास टंडन, कोमिन साहू, रेखा सोनवानी, खिलेश्वरी टंडन सहित पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील आडिल व भानू साहू के द्वारा किया गया।

सतर्कता व जागरूकता से बच सकती है जान : आयुक्त मोनिका

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। निचली बस्ती हो या फिर पॉश कालोनी मच्छर का प्रकोप हर जगह होता। मच्छर के काटने से डेंगू, चिकन गुनिया, मलेरिया जानलेवा बीमारी समेत फाइलेरिया से बचाव हम खुद कर सकते है। जरूरत है सप्ताह में एक दिन बस आधा घंटा समय की। यह समय न केवल स्वयं को स्वस्थ्य रखेगा बल्कि महामारी को पनपने से रोकेगा। शुक्रवार को निगम आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कार्यशाला में बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आजीविका विभाग के सिटी मिशन प्रबंधक, सी.आर.पी समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। खास बात यह है कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी फाईट द बाइट अभियान को प्राथमिकता से जिले में लागू किया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को अपने कार्य स्थल पर सफाई करे और रविवार को अपने घर और आस पड़ोस में आधा घंटे समय खुद के लिए निकालने प्रेरित अवश्य करे। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने बचाव के तरीके को विस्तार से बताया।

अनदेखी पर होगी कार्रवाई

आयुक्त ने निगम के स्वास्थ्य और राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि घरों में टेमीफॉस दवा उपलब्ध कराए।

संयंत्र निदेशक प्रभारी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने 5 जुलाई 2024 को बार एंड रॉड मिल विभाग का दौरा कर टीम बीआरएम को रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। बीआरएम ने दिनांक 04 जुलाई 2024 को 4078 टन (1984 बिलेट) टीएमटी बार रोलिंग का नया रिकॉर्ड बनाकर, 19 मई 2024 को दर्ज पिछले रिकॉर्ड 4013 टन (1955 बिलेट) को पार किया। बार और रॉड मिल की ऊर्जावान टीम सुरक्षा, गुणवत्ता और उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित कर अपने उत्कृष्ट प्रयासों के माध्यम से रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही है।

इस दौरान संयंत्र निदेशक प्रभारी दासगुप्ता ने उत्कृष्ट निष्पादन हेतु बीआरएम बिरादरी, संबंधित शॉप्स और सहयोगी विभागों को बधाई देते हुए कहा कि आपमें उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने की क्षमता है और आप आगे भी इसी प्रकार निरन्तर नए रिकॉर्ड बनाकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखें। कार्यपालक निदेशक ने भी टीम को बधाई दी और उनका हौसला आफ्जाई करते हुए टीम बिरादरी को अपनी प्रक्रियाओं में सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरएम विभाग महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री ने टीम बीआरएम को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशक वर्क्स का आभार व्यक्त किया और उन्होंने यह आश्वासन दिया कि टीम बीआरएम भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक बीआरएम-परिचालन सच्चिदानंद त्रिपाठी, शाश्वत मोहंती तथा समीर पांडे, महाप्रबंधक बीआरएम-इलेक्ट्रिकल आशीष, महाप्रबंधक बीआरएम-मैकेनिकल शिखर तिवारी, उप महाप्रबंधक बीआरएम-इलेक्ट्रिकल तुषार श्रीखंडे सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी टीम बीआरएम को रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ : जिला रायपुर तहसील आरंग प.ह.न. 00005 कोरासी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक एमडी 2023244211100058

ईश्तहार

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00005 के अंतर्गत ग्राम कोरासी के वर्तमान भूमिस्वामी आशाराम पि. बरोहन पिता/पति पता सा.दे. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1056 (0.0800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सोहनलाल पिता/पति आशाराम पता- राजेन्द्र पिता/पति आशाराम पता- रंभा पिता/पति, अशाराम पता- वेदप्रकाश पिता/पति कृष्ण कुमार पता- मानसी पिता/पति कृष्ण कुमार पता- रूखमणी पिता/पति कृष्ण कुमार पता - केनाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दाव आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/06/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायह तहसीलदार आरंग

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
क्र. /556/लोनिवि/न.पं./2024-25 — आमदी, दिनांक 05/07/2024

// रूचि की अभिव्यक्ति //

नगर पंचायत आमदी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में निर्धारित स्थल पर वर्षा जल संरक्षित करने एवं भू-जल स्तर बनाए रखने हेतु रैनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण संबंधी कार्य किया जाना है। इस हेतु आवेदन अशासकीय संस्थानों (एन.जी.ओ./ठेकेदार/ असंगठित कामगारों की समितियों/ महिला समूह समिति एवं अन्य) से ''रूचि की अभिव्यक्ति'' दिनांक 19/07/2024 समय सायं 05.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत आमदी में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु प्रत्येक आवेदन राशि 200/- रूपये देय होगा (वापसी योग्य नहीं होगी) जमाकर आवेदन पत्र दिनांक 12/07/2024 तक प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रत्येक आवेदन की राशि के साथ 2000.00 रु. (दो हजार रुपए मात्र) अमानत राशि एफडीआर के रूप में जमा करना होगा। प्रत्येक रैनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य अधिकतम लागत 15000/- रुपए प्रस्तावित है। आवेदन केवल स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा। इस हेतु अन्य जानकारियां एवं नियम शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत आमदी से प्राप्त की सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No.: 0771-2574980 e-mail: cecivil.trans.raipur@cspc.co.in Fax No.: 0771-2574146 Website: www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/1030 — Raipur, dtd: 03.07.2024

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
1.**Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/33, Rfx No.-8100037152:-** Construction of 03 bay shed with rack for EHT store at 220/132/33 KV S/S Colony premises, Raigarh.; **NIT Value:-**Rs. 12.68 Lakhs & **EMD:-**Rs. 12,700/-, **Completion Period:-**03 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/34, Rfx No.-8100037382:-** Construction of area fencing at proposed 220/132/33 KV S/S Bacheli / Kirandul (patarras) Dist. Dantewada.; **NIT Value:-**Rs. 5.41 Lakhs & **EMD:-**Rs.5,500 /-, **Completion Period:-**02 Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/35, Rfx No.-8100037526:-** Extension of battery room and carrier room at 220/132/33 KV S/S Bhatapara.; **NIT Value:-**Rs. 19.30 Lakhs & **EMD:-**Rs. 19,300/-, **Completion Period:-**06 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/37, Rfx No.- 8100037688:-** Renovation of S.E.(Civil) Circle office situated at Danganiya premises Raipur.; **NIT Value:-**Rs. 7.29 Lakhs & **EMD:-**Rs. 7,300/-, **Completion Period:-**03 Months.**5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/38, Rfx No.- 8100037448:-** Civil work required for extension of control Room Building at 132 KV Sub-Station Jhalap.; **NIT Value:-**Rs. 12.27 Lakhs & **EMD:-**Rs. 12,300/-, **Completion Period:-**06 Months.**6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/39, Rfx No.- 8100035384:-** Repair and maintenance of control Room Building of 132/33 KV S.S. sector-c, Urla.; **NIT Value:-**Rs. 5.98 Lakhs & **EMD:-**Rs. 6,000/-, **Completion Period:-**03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 05, & 06** is **Rs.590/- (i/c GST)**. Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. for **Sl. No.- 01, 02, 03, dt.29.07.2024, Sl. No.-04, 05, 06, dt.30.07.2024.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. S.-406893

SAVE ELECTRICITY — (D.K.Tali) Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

न्यायालय तहसालदीर पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2023-24
पक्षकार प्रेमबाई ग्राम पहंदा
रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमबाई बेवा पंचराम जाति सतनामी निवासी ग्राम पहंदा प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पहंदा स्थित भूमि ख.नं. 05 का रकबा 0.530 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका प्रेमबाई वेवा पंचराम जाति सतनामी के नाम पर दर्ज चला रहा है। उक्त वादभूमि का किसान किताब कहीं गुम हो गया है। इसलिए आवेदक के द्वारा उक्त भूमि का किसान किताब प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा चालान एवं शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 08/07/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्वरी जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ई.पंजी. 202407082200009
अ-20(1) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक -16 ए भूखंड क्रमांक 81 कुल क्षेत्रफल 919.00 वर्गमीटर में से 62.25 व 103.75 व.मी. भूखंड जो नजूल अभिलेख नजूल जांच रजिस्ट्रर वर्ष 194-75 में ईश्वरी प्रसाद आ. विनायक लाल साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड की कब्जे के आधार पर नजूल अभिलेख में निर्धारण + भूमिस्वामी हक करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23/07/2024 को नियत की गई है।

अतएवं निर्धारण+ भूमिस्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/07/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 5/7/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 05/07/2024
पेशी दिनांक 23/07/2024

सील — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2023-24
पक्षकार- फकिरा ग्राम नवगांव
रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण अम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फकिरा पिता भुखउ जाति सतनामी साकिन नवागांव प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला राजनांदगांव-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत आवेदक के पिता भुखउ कोसरीया पिता बुची जाति सतनामी की मृत्यु दिनांक 09.02.2017 को ग्राम नवागांव में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12/07/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार पलारी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)
अ-2 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी पति मनोहरलाल निवासी ग्राम पाकुरभाट तहसील बालोद जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हल्दी तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1193 रकबा 0.03 हेक्टे कुल रकबा 0.03 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 05.07.2024 तक स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्मय से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत अपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 14/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email nagarnigamzone3@gmail.com

ईश्तहार

नामां. प्र.क्र. 12576 दिनांक 05.07.2024
वार्ड का नाम-34- लालबहादुर शास्त्री

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR333A0424A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. SHAHEENA KHAN पित/पति श्री/ श्रीमती EFROZ KHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. ABDUL MAJAD KHATRA 2. AERIN KHARAI पिता/पति श्री/श्रीमती 1. MARHOOM ADAM MOHAMMAD KHATRI, 2. ABDUL MAJID KHATRI ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत वसीयत नामा/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन नं. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

ई-नीलामी संबंधित आम सूचना

यह आम जनता को सूचित करने के लिए है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने संपत्ति (संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका नाम केएच. नंबर 117/2 है, और 136/1 का हिस्सा, प्लॉट नंबर 4, क्षेत्रफल-795 वर्ग फीट, मौजा पंडरी तराई, शहीद हेमू कालानी वार्ड नंबर 35, पीएच नंबर 109, आरएनएम रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़ में स्थित है। बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएं- उत्तर रोड, दक्षिण-रोड, पूर्व-प्लॉट नंबर 3, पश्चिम-प्लॉट नंबर 5।) सार्वजनिक नीलामी में खरीदी है। **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बैंक** ने अवैध रूप से राशि जब्त कर ली है और फिर से सार्वजनिक नीलामी जारी की है जो 08.07.2024 को निर्धारित है। नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** बैंक की कार्रवाई को डीआरटी कोर्ट जबलपुर के समक्ष एसए संख्या 926/2023 में चुनौती दी है, जो कि निर्णय के लिए लंबित है। इसलिए, आम जनता से अनुरोध है कि वे नीलामी में भाग न लें अन्यथा वे इससे उत्पन्न होने वाली लागत और परिणामों के लिए जिम्मेदार होंगे।

दृष्टि प्रेमचंदानी
7400600105

भाजपा नेताओं ने विधायक दीपेश साहू से की मुलाक़ात

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा शहर के भाजपा नेताओं ने आज विधायक दीपेश साहू से उनके निवास कार्यलय में सौजन्य मुलाक़ात कर नगर पालिका के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि नगर पालिका बेमेतरा में कई विकास कार्य रूके हुए हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सिन्हा ने बताया कि शहर के विकास कार्य को लेकर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज भी शहर के कई घरों में मीठा जल नहीं पहुंच पाई है, जबकि इसके लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। शहर में कई जगह पर निर्माण कार्य अधूरा पड़े हैं। इसमें समृद्धि बाजार, बस स्टैंड जैसे निर्माण कार्य अब तक पूरे नहीं हो सकें। स्थिति ऐसी है कि पालिका बाजार के कई दुकान आज तक नीलाम नहीं हो पाए है। शहर में बनाए गए गार्डन की साफ-सफाई नहीं हो पा रही। शहर की समस्या को लेकर लगातार मांग व निवेदन भी किया गया, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया। इसलिए आज हम सब भाजपा नेताओं द्वारा विधायक दीपेश साहू से मुलाक़ात कर नगर पालिका के विभिन्न समस्याओ से विधायक को अवगत करवाया।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ. रमन सिंह

■ विधानसभा स्थित प्रेक्षागृह में 'नेहरू युवा केन्द संगठन' द्वारा 'राज्य युवा सभा' आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने ''नेहरू युवा केन्द, संगठन'' छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा एक दिवसीय ''राज्य युवा सभा'' का आयोजन विधान सभा परिसर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी, प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम का उद्धाटन विधान सभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस अवसर पर वन मंत्री मान. श्री केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव श्री दिनेश शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक श्री श्रीकान्त पाण्डेय, यूनिसेफ उड़िसा और छत्तीसगढ़ के प्रमुख श्री विलियम-हेडलान, सुश्री श्वेता पटनायक एवं श्री अभिषेक सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 146 विकासखंड के लगभग 180 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधान सभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-जब भी धरती में पृथ्वी एवं जलवायु का संतुलन बिगड़ता है तो उसकी त्रासदी पूरी दुनिया को झेलनी पड़ती है । कोविड के दौर में आक्सीजन का प्रभाव पूरी दुनिया ने देखा है, इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण सुधार कर लोगों के जीवन स्तर को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाये । लोगों को शुद्ध आक्सीजन मिल सके इसके लिए देश एवं प्रदेश में 'आक्सीजोन''का निर्माण किया जाना चाहिए । धरती में पानी के गिरते हुए स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए माननीय अध्यक्ष ने कहा-कि धरती में 97 प्रतिशत पानी समुद्र का है एवं खारा है, बचे हुए 3 प्रतिशत पानी मे से 2.5 प्रतिशत पानी ग्लेशियर का है । इसलिए पानी के बचाव एवं उसके संरक्षण का भी पूरा प्रयास किया जाना चाहिए । बढ़ते हुए तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि-इस वर्ष दिल्ली का तापमान 52 डिग्री तक पहुंच गया था । जंगल कटेंगे पेड़ नही लगेंगे तो धरती का संतुलन कैसे होगा, सभी घरों में सौर ऊर्जा लगाये जाने एवं सभी घेरों में वाटर रीचार्ज करने पर भी जोर दिया । उन्होंने यह भी कहा-कि युवा आगे बढ़े और प्रदेश को आगे ले जायें। इस अवसर पर वन मंत्री मान. श्री केदार कश्यप ने कहा-कि 45 प्रतिशत से अधिक वन संपदा छ.ग. राज्य में है, अतः जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा रखी, मै आप सभी को बधाई देता हूँ ।

छ.ग. को एक विकसित राज्य बनाने में मान. विधान सभा अध्यक्ष ने हमेशा, सहयोग किया और मै जहॉ भी जाता हूँ, वहॉ पर लोग ''आक्सीजोन'' बनाने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि-जलवायु परिवर्तन पर चिंता करने की ओर कार्य करने की आवश्यकता है। एवं पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण करना यह हम सब की सामूहिक जवाबदारी है।

कटाई रोकने के साथ केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ का पौधारोपण कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय विद्यालय , सीआई एस एफ भिलाई में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन तृतीय आरक्षित वाहिनी ,भिलाई एवं केंद्रीय विद्यालय, सीआई एस एफ के युवा पर्यटन क्लब, भारत स्काउट एंड गाइड एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सम्मानीय श्री सनी कुमार भट्ट ,वरिष्ठ कमांडेंट तृतीय आरक्षित वाहिनी सीआईएसफ भिलाई एवं सम्मानीया श्रीमती ,श्रीमती भुबनेश्वरी प्राचार्य ,केंद्रीय विद्यालय , सीआई एस एफ भिलाई थे। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्प कुछ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय,एवं विद्यालय के प्राचार्य महोदया श्रीमती भुबनेश्वरी व विभिन्न क्लबों के छात्र-छात्राओं , शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के पौधों का सघन वृक्षारोपण किए। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तृतीय आरक्षित वाहिनी सीआईएसफ भिलाई का लक्ष्य 4000 वर्षों का रोपण करना है। उन्होंने वृक्षारोपण के विषय पर कहा कि पेड़ों की तेजी से हो रही कटाई को रोकने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि हममें से लोग वास्तव में यह नहीं समझते कि यह कितना महत्त्वपूर्ण है। वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लोगों का सावधान न रहना पर्यावरण के लिए बहुत बड़ी समस्या पैदा कर रहा है। यह एक बड़े बदलाव का समय है। खाली, बंजर भूमि को सुंदर जंगल में बदलने के लिए लोगों को मिलकर काम करने की जरूरत है।वृक्षारोपण महत्वपूर्ण है क्योंकि पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

महाराष्ट्र मंडल में शपथ ग्रहण समारोह के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल चौबे कालोनी में शनिवार, छह जुलाई को शाम छह बजे नव निर्वाचित कार्यकारिणी, 14 समितियों के पदाधिकारियों के साथ 16 महिला केंद्रों की संयोजिकाओं- सह संयोजिकाओं का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में धरसींवा के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा उपस्थित होंगे। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की बड़ी विशेषता यह है कि शपथ ग्रहण समारोह के अलावा महाराष्ट्र मंडल के महत्वाकांक्षी 16 कमरों के निर्माण के भावी प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही छह माह से जारी हनुमान चालीसा व राम रक्षा स्तोत्र पाठ अभियान के अंतर्गत सभी सभासद भक्तिभाव से 'पाठ' करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आठवीं बार निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे।

आज से प्रदेश स्तरीय कृषि सरकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकार भारती छत्तीसगढ द्वारा 6 एवं 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजन किया जा रहा है 7 इस आयोजन में प्रदेश स्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन और सम्मान समारोह रखा गया है। सहकार भारती और सहकारिता प्रकोष्ठ के इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्घाटन प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप जी करेंगे, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल भी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रायपुर कृषि महाविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित समारोह का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मुख्य आथित्य मैं किया जाएगा। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री राम विचार नेताम और डॉक्टर गिरीश चंदेल तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई दुर्ग के डॉक्टर मुकेश कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 6 जुलाई को पुणे महाराष्ट्र के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार दामोदर रामदासी द्वारा ÷योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानंद÷ का एकल नाट्य मंचन शाम 5:00 बजे किया जाएगा 7 समापन दिवस 7 जुलाई को शाम 5:00 बजे श्री रामदासी जी द्वारा एकल नाट्य ÷मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम÷ का भी मंचन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में तकनीकी सत्र एवं कृषि तथा सहकारी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन प्रदर्शन, कृषि उत्पादक संगठन और उद्यानिकी प्रमुख आकर्षण होंगे।

सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी जी, महामंत्री करुणानिधि यादव, सहकार मेला संयोजक शशिकांत द्विवेदी जी और सम्मेलन स्वागत अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने यह जानकारी दी है।

धान उठाव के विरुद्ध 50 प्रति. और कम चावल जमा करने वाले रईस मिलर्स को नोटिस

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला अंतर्गत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के त्वरित निराकरण हेतु कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा धान उठाव व चांवल जमा किये जाने की समीक्षा की गई। इस दौरान जिले में भारतीय खाद्य निगम व नागरिक आपूर्ति निगम में मिलर्स को आबंटित स्टेक के विरुद्ध चांवल जमा की जानकारी ली गई। समीक्षा में पाया गया कि 4 राइस मिलर्स ओम साई राइस मिल, श्री मंगलम राइस इंडस्ट्रीज, श्री श्याम राइस इंडस्ट्रीज एवं अग्रवाल इंडिया सर्विसेस स्टक के द्वारा स्टेक आबंटित होने के उपरांत भी दीर्घ अवधि व्यतीत होने के उपरांत भी भारतीय खाद्य निगम में सबसे कम चांवल जमा किया गया हैं।

रथयात्रा की तैयारियां पूरी, भक्तों का उत्साह चरम पर

■ रविवार 7 जुलाई को एक साथ तीन रथ निकलेंगे भ्रमण पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजिम शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच चुका है। परंपरानुसार तीनों रथ सजकर पूरी तरह से तैयार हैं। रविवार 7 जुलाई को रथयात्रा है। रथयात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले रामिज शहर और उसके आस-पास के गांवों में बहुत ही उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। परंपरा के मुताबिक इस शहर में तीन रथ एक साथ निकलती हैं।

परंपरा के मुताबिक इनमें पहले नंबर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर का रथ, दूसरे क्रम में श्री सत्यनाराण मंदिर का रथ और इन दोनो रथों के पीछे साई मंदिर की रथ चलती है। तीनो मंदिरों के रथ अप टु डेट रेडी हो गए हैं। साई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भारत सोनकर ने बताया कि, पिछले कई वर्षो से रथयात्रा पर्व में इस मंदिर से रथ निकाली जा रही है। ये रथ राधाकृष्ण मंदिर और सत्यनाराण मंदिर के रथ के बाद तीसरे क्रम पर रहती है। तीनो रथों से गजा मूंग का प्रसाद वितरण पूरे शहर में की जाती है। ये दृश्य बहुत ही अनोखा होता है। रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मची रहती है।

ट्रस्टिंयों की भक्तों से अपील

यह यात्रा सदर रोड होते बस स्टैंड, गंज रोड होते वापस मंदिर पहुंचती है। इस दौरान, बेंड बाजा, भजन मंडली, सांस्कृतिक मंडलियां नृत्य करते आगे आगे चलती हैं। जिस भी भक्त के घर या दुकान के सामने से महाप्रभु निकलते हैं भक्तगण भगवान की आरती उतारकर दर्शन कर अपने आप को धन्य समझते हैं। पूरे मार्ग में भक्तों को मूंग, चना जिसे गजा मूंग कहा जाता है, वितरण किया जाता है।

शाम 4 बजे निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

मंदिर के ट्रस्टी एवं इस मंदिर से जुड़े भक्तगण रथ यात्रा की तैयारी बहुत ही जोर- शोर से कर रहे हैं। रथ यात्रा के दिन प्रातः 10 बजे से भक्तों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाता है। शाम 4 बजे भगवान को रथ में विराजमान कराया जाता है एवम भक्तों के द्वारा रथ की डोर इस भावना से खींची जाती है कि, हे जगत के नाथ जगन्नाथ प्रभु... हमारे भी भवसागर की डोर को इसी तरह खींचकर पार लगा देना।

पौधारोपण वर्तमान परिदृश्य में अतिआवश्यक : मधुसूदन यादव

मुदलियार कॉलोनी में किया गया पौधारोपण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुदलियार कॉलोनी में वार्डवासियों द्वारा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुदलियार कॉलोनी के नवनिर्मित उद्यान में प्रातःकाल में किया गया, जिसमें वार्डवासियों सहित नौनिहालों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ता संतोष मेश्राम एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी मंयक मेश्राम की अगुवाई में गणमान्य नागरिकगण मनोज सिन्हा, अमन यादव, अनिल शर्मा, ईश्वर लाल राठौर, तारम सिंह ठाकुर, अभिलेख मिश्रा, के.एल.साहू, महिला मोर्चा के सदस्यगण सहित अन्य वार्डवासियों के उपस्थिति में किया गया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने करकमलों से नीम के पौधे का रोपण कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया जिसके पश्चात् वार्डवासियों द्वारा भी कई पौधों का रोपण उद्यान में किया गया।

भू-दान की जमीन को शून्य घोषित करने की मांग, कार्यवाही नहीं

राजनांदगांव/नव प्रदेश। ग्राम अंजोरा के ग्रामीणों ने भूदान की गई जमीन को शून्य घोषित करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में गांव के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर पत्र अंजोरा की भूदान की जमीन के संबंध में बताया कि इस मामले से सांसद संतोष पांडे से भी शिकायत की गई थी। श्री पांडे ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। सांसद के द्वारा वर्ष 2022 में निर्देश देने के दो साल बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में राज्यपाल, उपमुख्यमंत्री द्वय और राजस्व मंत्री से भी शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

विस्तृत जानकारी के अनुसार शासन द्वारा 572/3 रकबा 12.26 एकड़ भूमि को वर्ष 1969-70 मे नरेन्द्र बड़गूजी उर्फ कटार निवासी पचरी पारा दुर्ग को सरकारी पट्टेदार के रूप में दिया गया था। यह कि उक्त भूमि वर्ष 1979-80 में राजस्व रिकार्ड में पट्टेदार का नाम भूमिस्वामी दर्ज है। जिस संबंध में ग्राम वासियो द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच करने का प्रयास किया कि उक्त भूमि भूमिस्वामी किस वर्ष व किन आधार पर तथा किस प्रक्रिया के तहत हुआ या प्रक्रिया के पालन में चुक के संबंध में जानने का प्रयास किया गया जिस पर पाया गया कि वर्ष 1963 से 1970 की नामांतरण पंजी मे सरकारी पट्टेदार व्यक्ति द्वारा 1966-70 का लगान पटाने की अनुमति बावत् आवेदन 27 फरवरी 1970 को तहसीलदार के नाम से दिया गया जो कि संलग्न है। कि प्रमाणित प्रतिलिपि चाहा लेकिन तहसीलदार न्यायालय द्वारा अनुलब्धता की बात कहते हुये टाल दिया। जिस विषय मे माननीय कलेक्टर महोदय को ग्राम वासियो द्वारा आवेदन दिया गया जिस पर अभी तक कोई ठोस एवं न्यायोचित कार्यवाही नही किया गया। वर्तमान में उक्त भूमि अंजारा नेहरू नगर बाई बास रोड निर्माण होने से दो भाग में विभाजित हो गया है। नेहरु के पूर्व दिशा की ओर जो भुदान की जमीन के साथ शासकीय भूमि है उक्त खसरे की जमीन को मिलाई निवासी ओमप्रकाश सिंघानिया पिता द्वारकाजी सिंघानिया द्वारा खतरा नंबर 372/6 समतलीकरण कर बाउंडीवाल किया गया है सांथ सांथ शासकीय भूमि रकबा लगभग 1.5 एकड़ भूमि को कब्जा किया गया है। उक्त संबंध में माननीय कलेक्र महोदय राजनांदगांव को वर्ष 2022 में ग्राम वासियो एवं क्षेत्रीय 7.नप्रतिनिधियो द्वारा संयुक्त आवेदन दिया गया था।

खेत गए युवक की हत्या की गुत्थी डेढ़ माह बाद भी नहीं सुलझी

■ परिजन अब एसपी आईजी से लगाएंगे न्याय की गुहार

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर से सटे ग्राम देवारीभाठ में 19 मई को खेत में मिली युवक की लाश की गुत्थी को खैरागढ़ पुलिस डेढ़ माह बाद भी नहीं सुलझा पाई है । देवारी भाठ में गांव के 33 वर्षीय युवक राजेश्वर वर्मा उर्फ मुकेश की अपने ही खेत में संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी । परिजनों ने बताया था कि राजेश्वर खेत मे चल रहे बोर को बंद करने रात को घर से खाना खाने के बाद निकला था । लेकिन वह रातभर वापस नही आया । सुबह ग्रामीणों ने खेत मे उसका शव देखा और परिजनों के साथ पुलिस को इसकी सूचना दी थी । मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले मे मर्ग कायम कर जांच की शव का पोस्टमार्टम करवाया था । सवा माह बाद पोस्टमार्टम रिपोंट मे चिकित्सकों ने युवक की गला दबाकर हत्या करना पाया है । इसके बाद पुलिस की जांच अब तक अटकी पड़ी है । मृतक राजेश्वर के पिता अलखराम वर्मा भाई नागेश्वर वर्मा ने बताया कि मृतक राजेश्वर की गांव मे किसी से दुश्मनी नही थी ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जांजगीर-कोरबा के ..

अस्पताल भेजा जाएगा।

कुएं में गिरे पिता-बेटी के साथ 4 लोगों की जान गई उधर कोरबा जिले के कटघोरा थानांतर्गत ग्राम जुराली के डिपरा पारा में चार लोगों की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक कुएं में ग्रामीण के गिरने के बाद उसे बचाने के लिए बेटी कुएं में कूद गयी। इसके बाद परिवार के ही दो अन्य लोग भी नीचे उतरे, लेकिन सभी की मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफकी टीम को बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जुराली के डिपरापारा में रहने वाला ग्रामीण जहरू कुएं में अचानक गिर गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पिता को बचाने उसकी बेटी कुएं में कूद गयी। इस दौरान पिता-पुत्री कुएं से बाहर ही नहीं निकले, उसके बाद दो अन्य लोग नीचे उतरे, लेकिन वे भी बाहर नहीं आए। घटना की जानकारी के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को सील कर एसडीआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए मौके पर बुलवाया। बताया जा रहा कि मृतक शिवचरण पटेल कुएं की सफाई कर रहा था। इस दौरान वह नीचे गिर गया, उसे देखकर उसकी बेटी मृतिका सपीना नीचे उतरी जहां उसकी भी मौत हो गई। दोनों को कुएं में गिरा हुआ देख मृतक मनबोध पटेल, मृतक जरूर पटेल नीचे उतरे। थोड़ी देर बाद उनकी भी मौत हो गई। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई उसके बाद हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।

कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां घटनाक्रम की जानकारी ली गई। गैस रिसाव के चलते मौत होना बताया जा रहा है। आगे की कार्यवाही जारी है। बताया जा रहा है कि कुएं में गैस रिसाव के चलते चारों की मौत हुई होगी, फिलहाल अभी कुएं से शव को बाहर निकालने का काम जारी है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

अबूझमाड़ में हथियार फैक्ट्री..

70 से 80 नक्सली उपस्थित थे

सुरक्षा बल के आने की भनक लगते ही वे वहां से भाग खड़े हुए। पीछे रह गए टीम के साथ सुरक्षा बल की मुठभेड़ हुई है। पुलिस के अनुसार नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री लेथ मशीन, बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लांचर) के खाली खोखे, होंडा कंपनी का जनरेटर, स्प्रिंग, खाली पाइप सेल बरामद हुई है। नक्सली इनका उपयोग देशी हथियार बनाने के लिए करते थे। मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सली पीपुल्स लिब्रेशन गुरिल्ला आर्मी कंपनी नंबर एक के सदस्य थे। तीन घायल नक्सली को भी सुरक्षा बल ने घटनास्थल से पकड़ा है।

4 बलिदानी समेत 36 जवानों को ...

सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किए गए । इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे।

सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की ..

ठ शेष पृष्ठ 6 पर सियासत में बड़ा बदलाव हुआ है। ब्रिटेन के लोग 14 साल बाद कीर स्टार्मर को नए प्रधानमंत्री के रुप में देखेंगे। वहीं कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल अब समाप्त हो गया।

छग में विस-लोस चुनाव जिताने वाले ..

-प्रभारी- विनोद तावड़े, छत्तीसगढ़-प्रभारी-नितिन नबीन, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव-प्रभारी-दुष्यंत पटेल, गोवा प्रभारी- आशीष सूद, हरियाणा-प्रभारी-सतीश पूनिया, हिमाचल प्रदेश-प्रभारी-श्रीकान्त शर्मा, जम्मू और कश्मीर-प्रभारी-तरुण चुघ, झारखंड-प्रभारी-लक्ष्मीकांत बाजपेयी, कर्नाटक-प्रभारी- डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, केरल-प्रभारी- प्रकाश जावड़ेकर, लद्दाख- प्रभारी-तरूण चुघ, मध्य प्रदेश- प्रभारी-डॉ. महेंद्र सिंह, मणिपुर- प्रभारी-अजीत गोपछड़े, मेघालय-प्रभारी- अनिल एंटनी, मिजोरम-प्रभारी- देवेश कुमार, नागालैंड-प्रभारी- अनिल एंटनी, ओड़िशा-प्रभारी- विजयपाल सिंह तोमर, पुदुचेरी- प्रभारी- निर्मल कुमार सुराना, पंजाब- प्रभारी-विजयभाई रुपानी, सिक्किम-प्रभारी- दिलीप जायसवाल, उत्तराखंड- प्रभारी- दुष्यंत कुमार गौतम, उत्तर-पूर्व प्रदेश- प्रभारी-संबित पात्रा

कांग्रेस में भी बदलाव की सुगबुगाहट,..

ठ शेष पृष्ठ 6 पर बीफनिर्यात हुआ है। ये लोग गौ सेवा के नाम पर सियासत करते हैं।

रविवार को होने वाले रथयात्रा की तैयारी शुरू

खैरागढ़/नवप्रदेश। जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी शुरू कर दी गई है । शहर मे निकलने वाले एतिहासिक जगन्नाथ यात्रा मे भक्त प्रभु का रथ खींच कर उन्हें शहर का भ्रमण कराएंगे । तो दूसरी ओर रियासतकालीन पाडादाह मे जगत के स्वामी भक्तों के कांधे पर मंदिर परिसर की परिक्रमा पूरी करेंगें । खैरागढ़ और पाडादाह मे होने वाले प्रसिद्ध रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण मे है । रविवार को आयोजित होने वाली रथयात्रा के दौरान शहर मे साप्ताहिक बाजार होने के चलते भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है । शहर के जगन्नाथ मंदिर परिसर से निकलने वाली रथयात्रा दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण, अस्पताल चौक, ठाकुरपारा, बरेठपारा, ईतवारीबाजार,बख्शीमार्ग, गोलबाजार, अस्पताल चौक होते वापस मंदिर परिसर पहुँचेगी ।

चार नई राशन दुकाने खुलेंगी, मंगाए आवेदन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर में छह राशन दुकानों से राशन वितरण में हो रही परेशानी जल्द दूर होगी । शहर में राशनकार्डधारियों की संख्या के हिसाब से कम राशन दुकान होने के चलते राशनकार्डधारियों को राशन लेने मे हो रही दिक्कतों को देखते जिला प्रशासन शहर मे चार नए राशन दुकान का संचालन शुरू करेगा । नए राशन दुकानों का संचालन शुरू होने से अधिक संख्या वाले राशन दुकानों मे लाइन लगाने की स्थिति खत्म होगी और राशनकार्डधारियों को समय पर आसानी से राशन मिल सकेंगा । खैरागढ़ शहर क्षेत्रांतर्गत राशनकार्ड धारियों को सुलभ राशन उपलब्ध कराने नगरपालिका क्षेत्र के अमलीपारा, दाउचौरा, तुरकारीपारा और गोकुलनगर टिकरापारा मे नए राशन दुकान संचालन किए जाने आवेदन आमंत्रित किए गए है ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
उद्यान विभाग

क्र. /उद्यान विभाग/2024/628/70 — भिलाई, दिनांक 03/07/2024

निविदा सूचना

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन/सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर. 01.06.2020 से लागू तथा नान एस.ओ.आर. पर एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक पर निम्न लिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

कार्य हेतु निविदा तिथि

1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 03.07.2024
2. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 25.07.2024 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 26.07.2024
4. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 18.07.2024 सायं 5.30 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न उद्यानों में स्थित पेड़, क्यारी में दवाई, खाद, पानी एवं कीटनाशक डालकर संधारण कार्य।	2.98	3000.00	750.00	30 दिन

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in and चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी, जमा करना होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिए जीवित ठेकेदारी ई-पंजीयन, जीएसटी प्रमाण पत्र, पेनकार्ड/आयकर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति, जीवित साल्वेंसी की छायाप्रति एवं नोटरी से जारी (100/-रु.) का शपथ पत्र की मूल प्रति, लिफाफा ''क'' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा ''ख'' में प्रस्तुत करना होगा।

संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें। जल ही जीवन है जल का सदुपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाएं। स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कार्यपालन अभियंता
उद्यान विभाग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 202404214700024/
अ/2 वर्ष 2023-2023
ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.मा.क्र. 202404214700024 अ/2 वर्ष 2023-2024 आवेदत भुनेश्वर पिता कुलबुल जाति सतनामी निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित 790/4 रकबा 0.024 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के हत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था का दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो पेशी दिनांक 10/07/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आ जदिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी**

न्यूज गैलरी

अमलीडीह कला सरपंच ने जन्मदिन पर स्कूल में कराया न्यौता भोज

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के अमलीडीह कला में सरपंच ने अपने जन्म दिन पर पूर्व माशा के छात्रों को न्यौता भोज कराया। सरपंच दिनेश वर्मा ने जन्मदिन पर स्कूल के बच्चों और शाला परिवार की उपस्थिति में केक काटा और परिसर मे बेल का पौधा लगाकर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया । ब%चों को नेवता भोजन में पोषण आहार केला, रसगुगा, मि%चर का वितरण कराया । ग्राम के पंचों ने भी न्यौता भोज में शामिल होकर बच्चों को भोज परोसा। इस दौरान प्रधानपाठक रूपेश कुमार देवांगन, संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा,तेजराम वर्मा, कृष्णा प्रसाद वर्मा सहित शिक्षकगण , पालक गण इस भोज में शामिल हूए । प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन ने सभी से कहा कि अपने व अपने बच्चों के जन्मदिन पर पौधे रोपित करते हुए हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने में योगदान दें।

शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कल

खैरागढ़/नवप्रदेश। रथयात्रा के अवसर पर शहर के रपटा नदी पुराना बसस्टैण्ड में शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा महादेव मंदिर मे आयोजित होगी । शनिवार को भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाल शहर का भ्रमण किया जाएगा । कलश यात्रा महादेव मंदिर प्रांगण पहुँचेगी जहाँ रविवार रथयात्रा पर्व पर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगा । इस दौरान महादेव घाट पर भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम भी होगा । कार्यक्रम महादेव मंदिर समिति द्वारा आयोजित है ।

प्लेसमेंट कैंप का 8 को

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं, उन्हे अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा कार्यालय परिसर रूम न. 65 में 8 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोक्ता सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विस कोहका भिलाई द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 200 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, 12वीं वेतनमान 12000-17000 आयु 20 से 40 वर्ष लेडीज गार्ड का 20 पद, योग्यता 08वीं से 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष स्थल रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता हैं तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है।

बिजली के दामों में वृद्धि जनता पर अत्याचार: तुकाराम चंद्रवंशी

■ अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही बिजली के दामों में बढ़ोतरी जनता के ऊपर अत्याचार है।

जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी भाजपा सरकार हमला करते हुए कहा एक तरफ जहां भाजपा सरकार के नुमाइंदे सुशासन की दुहाई देते नहीं थक रहे है वही बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालना और प्रतिदिन अवैध अघोषित बिजली कटौती पर अंकुश न लगा पाना छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की विफलता का प्रतीक है ।

तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दलों में बढ़ोतरी को मंजूरी दिया है जो की पूर्णत-अनुचित है भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आवाम बेहाल है,विष्णुदेव साय सरकार आमजनों को हर तरफ से परेशान करने की नियत से कार्य कर रहा है

भाजपा का यह दोहरा चरित्र स्पष्ट है । तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ साथ उद्योगों और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को विवश होना पड़ रहा है और ऐसे में उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगा तो उनके उत्पादों के महंगा होना स्वाभाविक है फिर आम जनता को दोहरी मार पड़ेगी भाजपा सरकार बनते ही मंहगाई बढ़ गया है ।

तुकाराम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली उत्पादन राज्य है लेकिन विगत पांच माह से बिजली कटौती का केंद्र बन चुका है अघोषित बिजली कटौती से किसानों की स्थिति भयावह है,जिले में सैकड़ों की संख्या में ट्रांसफॉर्मर फेल है मगर विभाग के पास आवश्यकतानुसार उचित व्यवस्था नहीं है ,अगर औसतन देखें तो 100 ट्रांसफॉर्मर पीछे 10 ट्रांसफॉर्मर ही मिल रहा है जो ट्रांसफॉर्मर मिल भी रहा है तो वो दो दिन में फेल हो रहा है घटिया क्वॉलिटी के ट्रांसफार्मर सप्लाई भाजपा सरकार की नियत कमीशनखोरी करना है उन्हें आम आदमी की सहूलियत से कोई वास्ता नहीं है ।

तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा भूपेश सरकार में चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति होता था हितग्राहियों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था और बिजली सप्लाई निर्बाधित गति से चले इसलिए ट्रांसफॉर्मर के पावर बढ़ाए गए इसके साथ नए पॉवर ट्रांसफॉर्मर लगाए गए ,सिल्हाटी में नए 132 विद्युत केंद्र का स्थापना के साथ साथ नए नए सब स्टेशन की स्थापना किया गया था ताकि लोगो को सुविधा मिल सके कांग्रेस शासनकाल में कवर्धा जिले ट्रांसफॉर्मर स्टोर खोला गया था मगर विभाग की लचर एवं उदासीन रवैया के चलते स्टोर बंद है अन्य जिलों से ट्रांसफॉर्मर मंगा कर जुगाड़ में काम चलाया गया है,भाजपा सरकार लो वॉल्टेज और अघोषित कटौती से जनता त्रस्त है,विभाग मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ रहे है खबों में लगे तार सड़ चुका उसको बदलने की आवश्यकता है मगर बिजली विभाग में आवश्यकतानुसार नवीनीकरण करना चाहिए मगर साय सरकार का इस पर कोई बेहतर प्लान नहीं है ।

खाद्य व औषधि विभाग ने होटल ढाबों का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला अंतर्गत चौपाटी, गुपचुप सेंटर, मिठाई दुकान, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे प्रतिष्ठानों की किचन, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता का निरीक्षण किया जा रहा है। मोमोज सेंटर, गुपचुप सेंटर, बेकरी शॉप में बनाए जाने वाले ग्रेवी, चाट मसाला, केक इत्यादि में परमिटेड खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग किया जा रहा हैं अथवा नहीं, अखबारी पेपर का उपयोग खाद्य पदार्थ परोसने में नहीं करने, खाद्य तेल में तीन बार से अधिक फूड फाई नहीं

करने संबंधी निर्देश दिया जा रहा हैं तथा डेयरी फार्मों का विशेष तौर पर औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं, जिससे लोगों को दूध एवं दूध से बने उत्पाद गुणवत्तायुक्त प्राप्त हो सके। बेमेतरा चौपाटी से समोसा, कचौड़ी, बूंदी लड्डू, जलेबी, दही चटनी, कढ़ी, इत्यादि का प्राथमिक जांच किया गया। साथ ही नवागढ़ स्थित गोपाल डेयरी से दूध एवं पनीर, बेमेतरा के झरना डेयरी से पनीर लूज का नमूना लिया गया है। संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमला पहुंचा उल्टी-दस्त प्रभावित गांव गोपालभवना

■ सामुदायिक भवन को बनाया अस्थाई अस्पताल

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम गोपाल भवना में उल्टी-दस्त के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए ग्राम के सामुदायिक भवन को अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। इस अस्थायी अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्य अमलों द्वारा लगातार स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर अपर कलेक्टर निर्भय साहू, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज सहित पंचायत एवं ग्राम विकास और लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम गोपाल

भवना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उल्टी-दस्त से पीड़ित परिवारों और उपचार करा रहे ग्रामीणों का हाल-चाल जाना। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम के सभी सार्वजनिक 17 पेयजल स्त्रोतों को जल परीक्षण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी का नमूना लिया गया है। वहीं ग्राम के सभी सार्वजनिक जल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन किया गया है साथ ही सार्वजनिक बोरवेल के जल रिसाव की समस्या का निवारण भी किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर ने अस्थायी स्वास्थ्य कैंप में उपचार करा रहे ग्रामीणों से चर्चा की और स्वास्थ्य अमले से पीडितों के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। गांव में पेयजल का उपयोग पानी उबाल कर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कोटवार के माध्यम से उल्टी-दस्त के रोकथाम के लिए मुनादी भी कराई गई है। कलेक्टर के निर्देश पर गांव के घरों को डोर-टूर डोर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि गांव के संभावित मरीजों को आवश्यक दवाईयां क्लोरीन टेबलेट, ओआरएस पैकेट दिया जा रहा है। साथ ही पेयजल को उबाल कर पीने अथवा ओआरएस घोल का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। गांव में मितानिनों के माध्यम से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानी बरतने के लिए नारा का दीवार लेखन कराया जा रहा है।

गुपचुप ठेले वाले ने रुपए से भरा थैला थाने में कराया जमा

■ पुलिस के कार्य एवं जज्बे को सलाम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शुक्रवार 5 जुलाई को मोहम्मद नूर आलम पिता अहमद अली उम्र 55 वर्ष साकिन दुर्गा चौक लखोली राजनांदगांव का थाना आकर सूचना दी कि गुरुवार 4 जुलाई को शाम करीब 4 बजे आईसीआईसीआई बैंक से नगदी रकम 1 लाख 10 हजार रूपये निकाल कर काले रंग के थैला में डालकर अपनी मोटर सायकल की डिक्की में रखकर गंज चौक स्थित अपने दुकान जा रहा था, कि रास्ते में पूजा मोबाईल के पास उक्त रकम थैला सहित गिर जाने व ढूंढने पर नहीं मिलना बताया। सूचना पर निरीक्षक एमन साहू

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली राजनांदगांव के नेतृत्व में तत्काल स्टॉफ रवाना कर पूजा मोबाईल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज को देखने पर गुपचुप ठेला वाले नेतराम सोनकर पिता नकुल सोनकर उम्र 35 वर्ष निवासी सोनकर पारा को उक्त थैला को उठाते दिखाई देने पर नेतराम सोनकर से संपर्क कर पूछताछ करने पर रकम को रास्ते उठाना बताया एवं उक्त थैला को रकम सहित थाना में लाकर आवेदक मोहम्मद नूर आलम को सौपा गया। आवेदक को उसका गुम थैला रकम सहित कोतवाली पुलिस के सहयोग से मिल जाने पर थाना कोतवाली राजनांदगांव का प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली, आर0 कुश बघेल, प्रदीप जायसवाल, रूपेन्द्र वर्मा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 24.07.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 24.07.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है ।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 23.07.2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 24.07.2024

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
1. मेसर्स निखत बेवरेजेज, मौजा- पाहंदा, पाटन, दुर्ग-490042. 2. श्रीमती अमनप्रीत कौर दहेले पति- गुरप्रीत सिंह दहेले, स्लाइस-1, एलआईजी- 852, सरकारी स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर- 492001.	1. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, क्षेत्रफल- 4800 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि और भवन। चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क । 2. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित प्लांट और मशीनरी का दृष्टिबंधक ।	29.09.2023 11.12.2023 ₹ 75,84,867.35 18.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 37,60,000/- ₹ 3,76,000/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 8,99,000/- ₹ 89,900/- ₹ 10,000/-	Mr. Digvijay Singh (Mo. 9711478233) Kumhari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005305 Email: cb5305@canarabank.com
1. श्री अभय कुमार सिंह श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (ऋणी), 2. अर्चना सिंह पति- अभय कुमार सिंह, श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (जमानतदार)	फ्लैट नं. 408, चौथी मंजिल, खसरा नं. 204/4 (पुराना) एवं 204/26 (नया) का भाग, प.ह.नं. 114, आरआईसी- रायपुर-1, माइलस्टोन अपार्टमेंट, अमलीडीह, वार्ड नं. 46, रायपुर । चौहद्दी: उत्तर- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, दक्षिण- फ्लैट नं. 401, पूर्व- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, पश्चिम- कॉरीडोर,	07.03.2022 01.08.2022 ₹ 47,10,037.00 17.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 22,90,000/- ₹ 2,29,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Jay Sharma (Mo. 7880132368) Raipur Phool Chowk A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0004042 Email: cb4042@canarabank.com
श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार, खसरा नं. 1338, प.ह.नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल वार्ड नं. 8, मौजा- गुढ़ियारी, आरानम्बर- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल- 1025.00 वर्गफीट ।	श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार के नाम पर खसरा नं. 1338 का भाग प.ह.नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल बजरंगी वार्ड, वार्ड नं. 08, मौजा ग्राम- गुढ़ियारी, आरानम्बर- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., में स्थित भूमि व भवन का ईक्विटी, क्षेत्रफल- 1025.00 वर्गफीट । चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पूर्व- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पश्चिम- सड़क,	18.11.2019 26.06.2020 ₹ 22,17,925.00 20.12.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 21,51,000/- ₹ 2,15,100/- ₹ 10,000/-	Sarita Kumari (Mo. 9516009425) T.P. Nagar Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005306 cb5306@canarabank.com
1. संतोष गुरनानी पिता- अर्जुन दास गुरनानी, फ्लैट नं. ए/103, ग्रास रोड, वार्ड नं. 46, अमलीडीह, रायपुर एवं 2. भागचंद गुरनानी पिता- अर्जुन दास गुरनानी, फ्लैट नं. डी/102, गोल्डन टावर, वार्ड 46, पानी टंकी के पास, अमलीडीह, रायपुर.	खसरा नं. 206/2, प.ह.नं. 114/45, प्रथम तल, बहुमंजिला परिसर, ग्रॉस रोड अमलीडीह, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 46, आरआईसी- रायपुर-2, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. क्षेत्रफल- 725 वर्गफीट में स्थित हायवर्टेड आवासीय भूमि फ्लैट नं. ए-103. चौहद्दी: पूर्व- गली, पश्चिम- खुली भूमि, उत्तर- गली, दक्षिण- फ्लैट नं. 101.	11.10.2022 17.12.2022 ₹ 14,36,100.00 11.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,50,000/- ₹ 1,65,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Manoj Kumar (Mo. 9425505142) Sej Bahar Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005142 Email: cb5142@canarabank.com
1. मेसर्स कॉर्पस टेक्निका, प्रोप. विशाख बसु, 2. श्रीमती अंजना बसु, दोनों का पता- फ्लैट नं. 116, सीएचपील शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020.	प्रथम तल, सीएचपील शिखर अपार्टमेंट, मॉडल टाउन के पास जुनवानी, गली नं. 10 के बाजू में, स्मृति नगर, भिलाई- 490020. निर्मित क्षेत्रफल 799.95 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 116 के समस्त भाग व अंश । चौहद्दी: उत्तर- फ्लैट नं. 115, दक्षिण- सड़क/खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 117, पश्चिम- खुला आसमान ।	07.02.2024 12.04.2024 ₹ 31,51,922.06 07.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 23,50,000/- ₹ 2,35,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Manoj Jain (Mo. 7588001823) Bhilai KPS Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0008602 Email: cb8602@canarabank.com
1. श्रीमती रजनी मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3, भिलाई, 2. श्री रोमन दास मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3.	फ्लैट नं. 46ए (पेन्ट हाउस), छठवी मंजिल, ब्लॉक- सी1, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई । क्षेत्रफल- 969.26 वर्गफीट । चौहद्दी: उत्तर- खुला छत, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 45ए, पश्चिम- फ्लैट नं. 47ए	07.08.2021 02.11.2021 ₹ 31,56,643.00 02.11.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 29,00,000/- ₹ 2,90,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Bablu Kumar Yadav (Mo. 9172646466) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0001973 Email: cb1973@canarabank.com
श्री संतोष झा एवं श्रीमती मणी माला झा, दोनों का पता- ट्रिपेक्स मकान नं. 5, ऑर्किड चौहान, ग्रीन वैली, चौहान टाउन के सामने, खम्हरिया, भिलाई छ.ग.-490020.	श्री संतोष झा के नाम पर फ्लैट नं. 11, द्वितीय तल, ब्लॉक- जी2, चौहान टाउन, फेस-11, भिलाई, दुर्ग, क्षेत्रफल- 670 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन का ईक्विटी । चौहद्दी: उत्तर- फ्लैट नं. जी2-10, दक्षिण- सड़क, पूर्व- खुली जगह ब्लॉक जी3, पश्चिम- फ्लैट नं. जी2- 12.	07.08.2021 21.10.2021 ₹ 14,68,403.62 07.08.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 13,00,000/- ₹ 1,30,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Bablu Kumar Yadav (Mo. 9172646466) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0001973 Email: cb1973@canarabank.com
मेसर्स दीपज्योति एजेंसी प्रोप. स्व. श्री प्रशांत गुप्ता, डीसीपी के सामने रायपुर रोड धमतरी (ऋणी) 2. श्रीमती भावना गुप्ता पति- स्व. श्री प्रशांत गुप्ता, एसबी भाई पटेल वार्ड, गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी) 3. श्री आदित्य गुप्ता पिता- स्व. स्वर्गीय श्री प्रशांत गुप्ता, एसबी भाई पटेल वार्ड गोयल ऑटो गली, वार्ड नंबर 5, धमतरी छत्तीसगढ़- 493773 (कानूनी उत्तराधिकारी)	सर्वे नं. 551, 552/21, खाता नं. 898, पीसी नं. 21, हटकेशर, आरआईसी- भोयली, धमतरी । क्षेत्रफल 512 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश । संपत्ति के चौहद्दी: पूर्व- सुषमा गुप्ता की भूमि, पश्चिम- मिनल गोलछा की भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण-केसरीमल की भूमि ।	30.08.2023 08.11.2023 ₹ 46,37,279.00 30.08.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 27,18,000/- ₹ 2,71,800/- ₹ 10,000/-	Mr. Rakesh Sahu (Mo. 9589172700) Dhamtari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0003355 Email: cb3355@canarabank.com
1. सुरजीत सिंह पोधीवाल पिता- हरी सिंह पोधीवाल, मकान नं. 892 के, गली नं. 1डी, वार्ड नं. 60, रिसाली, भिलाई-जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-490006. एवं 2. श्रीमती डिम्पल कौर पति- सुरजीत सिंह पोधीवाल, मकान नं. 892 के, गली नं. 1डी, वार्ड नं. 60, रिसाली, भिलाई-जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-490006.	प्लॉट नं. 9, ब्लॉक नं. 24, सेक्टर-3, भिलाई-3, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 484 वर्गफीट में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग व अंश । चौहद्दी: उत्तर- ब्लॉक 23 का भाग, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट 8, पश्चिम- प्लॉट 10.	17.12.2022 02.03.2023 ₹ 9,96,422.00 17.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 7,30,000/- ₹ 73,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Pramal Singh Singodiya (Mo. 8989162199) Vaishali Nagar, Bhilai Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0006491 Email: cb6491@canarabank.com
1. मेसर्स माहेश्वरी टेक्नोकास्ट लिमिटेड, डायरेक्टर- 1. श्री प्रशांत मंत्री पिता- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई, 2. श्रीमती निर्मला मंत्री, पति- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई, 3. श्रीमती कविता मंत्री पति- श्री प्रशांत मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई.	1. खसरा नं. 1076/2, 1076/3 , पीसी नंबर 39/16, तंदुला ग्राम के पूर्व की ओर- खेड़ामारा, जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 2.965 एकड़, में स्थित फ्री होल्ड खुली भूमि के समस्त भाग व अंश । उत्तर- ज्ञान कौर की भूमि, दक्षिण- राजकुमार की भूमि, पूर्व- तुलसी की भूमि, पश्चिम- जलवंती की भूमि । 2. सीएचपीएल-शिखर, गली नंबर 1-ए के बगल, स्मृति नगर, जुनवानी, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) फ्लैट नंबर 154, 6वीं मंजिल । सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 1460 वर्गफीट में स्थित पेंट हाउस (बहुमंजिला आवासीय भवन) के समस्त भाग व अंश । उत्तर- सड़क, दक्षिण- लॉबी और फ्लैट नंबर 157, पूर्व- फ्लैट नंबर 153, पश्चिम- फ्लैट नंबर 155.	01.03.2023 02.05.2023 ₹ 6,99,85,256.04 21.12.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: 83,02,000/- 8,30,200/- 10,000/- 2: 34,80,000/- 3,48,000/- 10,000/-	Mr. Ravindra Kumar Sharma (Mo. 7718873373) Bhilai Main Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0000298 Email: cb0298@canarabank.com
अ) श्रीमती रोशनी राव पति- जी. श्रीनिवास राव, ब) श्री जी. श्रीनिवास राव पिता- स्व. जी. रमन्ना मूर्ति, दोनों का पता- प्लॉट नं. 36, वृंदावन कॉलोनी, उमदा रोड, भिलाई-3 दुर्ग-490021.	खसरा नंबर 256/1 के हिस्से में शामिल "वृंदावन" के नाम से जाना जाता है । प.ह.नं. 01, मौजा- उमदा, आर.आई.सी. -भिलाई, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1182 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान प्लॉट नं. 36. चौहद्दी: उत्तर- प्लॉट नंबर 35, दक्षिण- प्लॉट नंबर 37, पूर्व- प्लॉट नंबर 39 व 40, पश्चिम- सड़क ।	06.12.2023 14.02.2024 ₹ 29,84,135.02 23.011.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 31,62,000/- ₹ 3,16,200/- ₹ 10,000/-	Mr. Anil Kumar Gupta (Mo. 6291883523) Bhilai GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017765 Email: cb17765@canarabank.com
1. मेसर्स महक रीयलइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक सुंदर नगर, रायपुर-492013 2. श्रीमती स्मृति देवांगन, राजकुमार देवांगन (पार्टनर), 3. श्री राजकुमार देवांगन पिता कुंजबिहारी लाल देवांगन (पार्टनर), दोनों का पता- पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1 के पीछे, न्यू सुपर धरम कांटा, रायपुर - 492013, 4. श्री राज्यवर्धन देवांगन सो राजकुमार देवांगन (गारंटर), पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक, रायपुर- 492013	1. खसरा नंबर 469/1 व 10, शीट नंबर 75 व 26, प्लॉट नं. 04,70/3, 71/2,72/2 एवं 73, प.ह.नं. 106-ए/46, जिसका नाम "वृंदावन अपार्टमेंट" 670 वर्ग क्षेत्रफल, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड नंबर 36, रायपुर खास, मौदहापारा रायपुर (छ.ग.) एक बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित संपत्ति फ्लैट नंबर 35 और म्यूनिसिपल फ्लैट नंबर 608/35, क्षेत्रफल- 670 वर्गफीट पर स्थित है । चौहद्दी- उत्तर- खुला क्षेत्र, दक्षिण- मार्ग, पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम- लिफ्ट एवं सीढ़ियाँ । 2. खसरा नंबर 233/7,233/8 एवं 233/9 का भाग, फ्लैट नंबर 03, बिल्डिंग "सोलस हाइट्स" की चौथी मंजिल पर ब्लॉक एमबी, कुल क्षेत्रफल 981 वर्ग फुट. डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नं. 46, पी.सी. नं. 114, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता नं. 3045, क्षेत्रफल- 981 वर्गफुट। चौहद्दी: उत्तर- फ्लैट नं. एमबी-04, दक्षिण- खुला स्थान, पूर्व- गलियारा, पश्चिम- खुला स्थान । 3. खसरा नंबर 229/44,226/14,229/14 एवं 230/10 का भाग, वाणिज्यिक दुकान नंबर टीएफ-129, बिल्डिंग "मैग्नेटो मॉल" की तीसरी मंजिल, कुल क्षेत्रफल 243 वर्ग फुट., महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, पी.सी. नं. 44, लाभांडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता नं.- 228. क्षेत्रफल- 243 वर्ग फुट । चौहद्दी: उत्तर- मार्ग, दक्षिण- दुकान नं. 130, पूर्व- दुकान नंबर 128, पश्चिम- पैसेज ।	23.11.2023 14.02.2024 ₹ 62,36,545.42 29.09.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 15,55,000/- ₹ 1,55,500/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 29,00,000/- ₹ 2,90,000/- ₹ 10,000/- Property-3: ₹ 16,50,000/- ₹ 1,65,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Jay Sharma (Mo. 7880132368) Raipur Phool Chowk Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0004042 Email: cb4042@canarabank.com
श्री जितेन्द्र यादव, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई एवं श्रीमती मंजू, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई.	श्री जितेन्द्र यादव पिता- श्री रामपत सिंह यादव के नाम पर, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, फेस-11, जुनवानी, भिलाई, जिला दुर्ग क्षेत्रफल- 670 वर्गफीट में स्थित निर्मित संपत्ति के समस्त भाग व अंश । संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- खुली जगह एवं ब्लॉक-जी-7, पश्चिम- फ्लैट नं. जी-6,9, उत्तर- चौहान का खुली भूमि क्षेत्र, दक्षिण- फ्लैट नं. जी-6,9.	26.10.2022 03.01.2023 ₹ 21,97,901.00 26.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 19,00,000/- ₹ 1,90,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Bablu Kumar Yadav (Mo. 9172646466) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0001973 Email: cb1973@canarabank.com
अ. श्री अमरजीत रेखी, पिता- स्व. देवेन्दर सिंह, 15एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (ऋणी) ब. श्रीमती जसमीत कौर पति- अमरजीत रेखी, 15एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (सह-ऋणी).	फ्लैट नं. 01, ब्लॉक-ए, भूतल, खसरा नं. 44/5, न्यू पलाश टावर, ग्राम- रिसाली, प.ह.नं. 19/22, आरआईसी- दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-668.32 में स्थित आवासीय अपार्टमेंट सहित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश । चौहद्दी: उत्तर- चारदीवारी, दक्षिण- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी, पूर्व- फ्लैट नं. 2,3, ब्लॉक-ए, पश्चिम- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी.	19.05.2021 02.09.2021 ₹ 28,12,741.90 16.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 18,30,000/- ₹ 1,83,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Anil Kumar Gupta (Mo. 6291883523) Bhilai GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017765 Email: cb17765@canarabank.com
ऋणी- 1. श्रीमती वंदना आचार्य पुत्री- संजय कुमार आचार्य, क्वा.नं. सी/364 कोल नगर, जिला-सुंदरगढ़, राउरकेला, उड़ीसा-769014, 2. श्री सुभाशीष त्रिपाठी पिता- संतोष कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक नं. 20, फ्लैट नं. 404, अशोका रतन सोसायटी, विधानसभा रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.).	अपार्टमेंट नं. 04, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, खसरा नं. 91/1-2 का भाग, प.ह.नं. 44, प्रोजेक्ट नाम- ओवरसीस पाम रिसॉर्ट, मौजा- सड्डू, आरआईसी- रायपुर-1, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 644.524 वर्गफीट । चौहद्दी: उत्तर- फ्लैट नं. 05, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, दक्षिण- खुला, पूर्व- कॉरीडोर, पश्चिम- ,खुला ।	07.02.2024 30.04.2024 ₹ 30,57,102.75/- 24.05.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 30,00,000/- ₹ 3,00,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Ramesh Kumar Dhr (Mo. 8976559008) Raipur Mova Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0006007 Email: cb6007@canarabank.com
1. मेसर्स श्री बालाजी मशीनरी मार्केट- संदीप गर्ग, दुकान नं. 22 की प्रथम तल, पार्किंग नं. 01, रावाभाटा, ट्रांसपोर्ट नगर, भनपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, 2. श्री संदीप गर्ग पुत्र- रमेश कुमार अग्रवाल, मकान नं. 12, ग्रीन आर्किड, अवनि विहार, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, 3. श्रीमती परी गर्ग पत्नि- संदीप गर्ग, मोती नगर, बोरिया रोड, संतोषी नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 (जमानतदार)	खसरा नं. 397/3 का भाग, प.ह.नं. 100, ट्रांसपोर्ट नगर, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, वार्ड नं.-13, रावाभाटा, रायपुर-492001, क्षेत्रफल- 538 वर्ग फीट में स्थित भूमि प्लॉट नं. एफए-22, ब्लॉक नं. 28 सहित व्यावसायिक दुकान । चौहद्दी: उत्तर- सड़क/पार्किंग, दक्षिण- प्लॉट नं.एफए-21, पूर्व- सड़क/पार्किंग, पश्चिम- प्लॉट नं. डब्ल्यू1-80.	02.01.2020 13.10.2020 ₹ 94,62,465.83 26.04.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 27,00,000/- ₹ 2,70,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Jay Sharma (Mo. 7880132368) Raipur Phool Chowk A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0004042 Email: cb4042@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 23.07.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक 23.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: - eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com. पर संपर्क करें ।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 06.07.2024 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 05.07.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

■ न्यूज गैलरी

उल्लास नवसाक्षर भारत की हुई ब्लॉक समीक्षा बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। नई शिक्षा 2020 के तहत विकास खण्ड भाटापारा को प्राप्त लक्ष्य 5000 असाक्षर (निरक्षर) की सर्वे रिपोर्ट व ऑनलाईन की समीक्षा बैठक समस्त ग्राम प्रभारियों की उपस्थिति में हुई जिसमें लक्ष्य को 06 जुलाई तक पूर्ण करने का दिशा-निर्देश दिया गया, उक्त समीक्षा बैठक में सम्बन्धित प्रधान पाठक, नोडल अधिकारी भास्कर देवांगन, सहायक नोडल अधिकारी रविकांत वर्मा रामेश्वर वर्मा, व मुकेश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

भाटापारा में स्मार्ट मीटर लगाने विद्युत विभाग की हुई शुरुआत

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विद्युत संभाग के अंतर्गत भाटापारा जोन के वृंदावन कॉलोनी में उपभोक्ताओं के परिसर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुक्रवार से चालू हो गया है।वृंदावन कालोनी में नगर का प्रथम स्मार्ट मीटर श्रीमती वंदना वर्मा पति रविकांत वर्मा के निवास पर लगा। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर को लेकर की जाने वाली शिकायतो पर विराम लग जाएगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता जीपी अनंत, कार्यपालन अभियंता प्रोजेक्ट हेमंत कुमार ठाकुर बलोदाबाजार, कार्यपालन अभियंता भाटापारा एन के सोनी , सहायक अभियंता भाटापारा वासुदेव साहू एवं टाटा पावर के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों और होटलों का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बारिश के मौसम में खाद्य पेयजल जनित बीमारियों से जन सामान्य के बचाव हेतु होटल एवं रेस्टोरेंट तथा फल भंडारो की जांच की गई। इस दौरान खाद्य विभाग के टीम द्वारा जिला मुख्यालय के 8 दुकानों को नोटिस जारी करते हुए वहां से बरामद किए अमानक खाद्य सामग्रियों को मौके पर नष्ट किया गया। जिसमें जांच के दौरान देवांगन होटल से लगभग 2 किलोग्राम बासी पोहा व बालूशाही, बरकाती बिरयानी के 2 किग्रा. चिकन फ्राई में डस्ट, सोनी होटल के लगभग 5 किलोग्राम बालूशाही में डस्ट, केजीएन बिरयानी में लगभग 3 किलोग्राम चिकन फ्राई में डस्ट पार्टिकल पाया गया। इसी तरह जायका रेस्टोरेंट के वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का उचित रख रखाव नहीं पाया गया। साथ ही यादव होटल में खाद्य पदार्थों को खुले में बेचना पाया गया, उपरोक्त सभी खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराया गया। इसी तरह किशन फल भण्डार,जयफल भंडार में भी फलों की जांच की गई। इस दौरान फलों को नियमानुसार पकाया जाने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख-रखाव पीने के पानी का साफ बर्तन में भण्डारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढक कर रखने, अखबार पेपर का उपयोग नही करने, तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने, एक्पाइयरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ-सफाई रखने की निर्देश दिए गए है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के द्वारा दी गई है। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी एव कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही किया गया पौधा रोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाई स्कूल टोनाटार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चन्द्र प्रकाश साहू ने पुस्तक कापी का वितरण कर सभी बच्चों को शुभकामना दी । श्री साहू ने सभी नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें रोजाना स्कूल आने और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। बच्चो के स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात चंद्र प्रकाश साहू ने प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर - एक पेड़ मां के नाम से स्कूल परिसर पर पौधारोपण किया और कहा कि वृक्षारोपण एक अच्छा और सराहनीय कदम है। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाती है बल्कि हमारी माताओं को सम्मान देने का एक सुंदर तरीका भी है। इस पहल के तहत, लोग अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ होता है बल्कि मातृत्व का सम्मान भी होता है। इस अवसर पर बुधेश ध्रुव, बाजेलाल दिवाकर, सहदेव रजक, सुरेश कोशले, शशि डहरिया प्राचार्य, सुनील ठाकुर, टी आर वर्मा व छात्र छात्राये उपस्थित थे।

लोक निर्माण विभाग की उदासीनता से क्षेत्र की सड़कें हुई जर्जर

सरसींवा/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते अंचल की सभी प्रमुख सड़कें खराब और बुरी तरह से जर्जर हो गई है। खास कर पेंड्रावन - सरधाभाठा - बालपुर मार्ग, सरसीवा मुख्य मार्ग और सरसीवां से सरायपाली मार्ग अत्यंत दयनीय स्थिति में है। यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है,मार्ग में बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। मार्ग पूरी तरह से दलदल हो गया है। इससे मार्ग से चलने में डर लगता है। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अंचल के लोग गर्मी में इस मार्ग से धूल से परेशान रहे अब बारिश में कीचड़ और दलदल से परेशान हैं।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में नीति आयोग के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान उत्सव का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव व कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इसके तहत ब्लाक गरियाबंद एवं मैनपुर में 6 संकेतकों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन के लक्ष्य प्राप्ति के लिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से 6 संकेतकों के कार्य किए जाएंगे। इनमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल, ब्लाक में लक्षित जनसंख्या के आधार पर बीपी, शुगर की जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने, कृषि विभाग द्वार फसल पैदावार को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेतों के मिट्टी की जांच एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्वसहायता समूह को रोजगार एवं स्वरोजगार करने के लिए चक्रिय निधि की राशि उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम में

■ गरियाबंद व मैनपुर में सभी संकेतकों का क्रियान्वयन 30 सितंबर तक किया जाएगा

जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रीता यादव, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, उप संचालक पंचायत श्रीमती पदमिनी हरदेल, जनपद सीईओ गरियाबंद अमजद जाफरी, आकांक्षी फेलोशिप के समन्वयक सुश्री प्रकृति गौतम, कृषि विभाग के उप संचालक चंदन रॉय, लीड बैंक अधिकारी मो. मोफिज, सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं मैदानी स्तर के कर्मचारी उपस्थित थे।

इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम नीति आयोग के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के तहत गरियाबंद एवं मैनपुर ब्लॉक के ग्रामों में 6 संकेतकों का शत प्रतिशत लक्ष्य को सितम्बर तक पूरा करें। इसके लिए जिले एवं विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ काम करें। जिससे दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी केन्द्र एवं राज्य शासन के सभी योजनाओं से विशेष रूप से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इन क्षेत्रों के लोगों को सभी कार्य में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी गांवों में जाकर ग्रामीणों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन करने होंगे। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के मंशानुरूप विभिन्न विभागों के माध्यम से 6 संकेतकों को लेकर आगामी 3 माह के भीतर शत प्रतिशत कार्य कराया जाएगा।

जन्म पंजीयन व जन्म प्रमाण पत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के रजिस्ट्रारों (जन्म-मृत्यु) को निर्देशित किया है कि कुछ आवेदकों द्वारा आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि में परिवर्तन करने के लिए एक बार से अधिक आवेदन किया जा रहा है। जिला योजना एवं सांख्यिकी के रजिस्टार श्री ओमप्रकाश देशमुख ने बताया कि आवेदकों द्वारा साक्ष्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। जन्म पंजीयन व जन्म प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति की पहचान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जिनके द्वारा जन्म तिथि एवं जन्म स्थान प्रमाणित किया जाता है।

संघर्ष समिति ने दी हाइवा चालकों को चेतावनी

धमतरी/नवप्रदेश। रेत खदानों में 15 जून के बाद लगे प्रतिबंध के बावजूद अवैध उत्खनन जारी है । इसे लेकर प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा इस पर कार्रवाई किये जाने के स्पष्ट निर्देश जिला प्रशासन को दिया गया था । लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। रात को अनेक हाईवा वाहन खरेंगा दोनर मार्ग पर चल रहे थे जिसे ग्रामीणों के साथ संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा रोक कर चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जब तक सड़क नहीं बन जाती तब तक इस मार्ग पर भारी वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। इस संबंध में इस क्षेत्र की सड़क निर्माण संघर्ष समिति के जिम्मेदार लोगों के द्वारा प्रभारी मंत्री ,कलेक्टर, जिला खनिज अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा गया था कि जब तक यहां सड़क बन नहीं जाता तब तक इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाया जावे।

साहित्यकारों ने मनाया कवि सुरजीत नवदीप का 87वां जन्मदिन

कवि, कविता का साधक, आराधक और उपासक होता है: ओंकार साहू

धमतरी/नवप्रदेश। जिला हिन्दी साहित्य समिति के संरक्षक एवं हास्य व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि मंच संचालक सुरजीत नवदीप के 87 वें जन्मदिन के अवसर पर निवास पर साहित्यकारों, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों,नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाजगण द्वारा आत्मीय रुप से सौजन्य भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जन्मदिन को यादगार बनाया।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि-कवि सुरजीत नवदीप को हम लोग कवि सम्मेलन के मंचों में सुनते थे।ये सत्य है कि कवि, कविता का साधक, आराधक और उपासक होता है। सर, अपने चुटीले अंदाज में हृदयग्राही, कालजयी, और श्रेष्ठता की श्रेणी को प्रदान करते हुए साहित्य रसिक को सम्मोहित करते हैं।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि सुरजीत नवदीप अपनी हास्य व्यंग्य की कविताओं की आकर्षक शैली में प्रस्तुतिकरण के कारण सबके आकर्षण के केन्द्र बिन्दु बनते हैं। दीपक लखोटिया ने कहा कि-देश के सुपरिचित हास्य व्यंग्य कवि श्री सुरजीत नवदीप की काव्य रचनाएं कवि सम्मेलन के मंचों में सुनने को मिलती है। उनके सहज, सुकोमल मुक्तक व हास्य व्यंग्य की रचनाएं बड़े आत्मीय लगते हैं।

समकालीन विषयों पर लिखने वाले सशक्त व्यंग्य कवि हैं। गोपाल शर्मा ने कहा कि-कवि सुरजीत नवदीप में व्यंग्य को कोमल भावनाओं से सराबोर,बिना किसी प्रकार के प्रतीकों व बिम्बों के, पर लालित्य पूर्ण, मन प्राणों पर अपनी छाप अंकित करने की क्षमता रखते हैं।

स्वामी जानकी वल्लभ गिरी ने कविता के माध्यम से सतायु होने की मंगल कामना की। जिला पंचायत धमतरी की वन सभापति श्रीमती कविता योगेश बाबर ने सुरजीत सर के प्रिय शिष्या होने का गर्व अनुभव करती है। उन्होंने यह भी कहा कि कवि अपनी वैचारिक अवधारणा में पराजित होना नहीं जानता।उसे अपने लक्ष्य का संकल्पमय बोध होता है।

10 हजार नॉन-एसी कोचों के उत्पादन में आई तेजी

भाटापारा/नवप्रदेश। आम रेल यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है।

वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, लगभग 10000 कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें 5300 से अधिक जनरल कोचों की रिकॉर्ड संख्या शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।

रेल सेवा की मांग गतिशील है और मौसमी बदलावों, यात्री यातायात की वृद्धि आदि के आधार पर घटती/बढ़ती रहती है। कोचों की आवश्यकता इन कारकों पर आधारित होती है और वार्षिक कोच उत्पादन कार्यक्रम में शामिल की जाती है। रेलवे सूत्रों के अनुसार कोचों का उत्पादन आम तौर पर आवश्यकता के अनुरूप होता है।

श्रद्धालुओं को पूर्व विधायक रंजना ने वितरित किया काढ़ा

धमतरी/नवप्रदेश। जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ ज्येष्ठ पूर्णिमा की भीषण गर्मी में अत्यधिक स्नान करने से बीमार हो गए थे. भगवान को बीमारी से राहत दिलाने के लिए औषधियुक्त काढ़ा पिलाया गया था. 15 दिनों तक बीमार रहने के दौरान औषधियुक्त काढ़ा पिलाने से भगवान स्वस्थ हुए थे. बता दें, भगवान 6 जुलाई को स्वस्थ हो जाएंगे और मंदिरों के पट खुल जाएंगे. इसके साथ ही भगवान के नव योवण रूप के भी दर्शन होंगे. उन्हें विशेष भोग लगाया जाएगा. 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ श्री मंदिर से मौसी घर जाने के लिए भक्तों को दर्शन देंगे. यानी उस दिन जगन्नाथ यात्रा निकलेगी. रास्ते भर भक्तों के द्वारा हाथ से रस्सी के सहारे रथ खींचा जाता है,इसी परंपरा को आत्मसात करते हुए धमतरी के जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार सुबह काढ़ा वितरण का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया,जहाँ पहुंच कर पूर्व विधायक रंजना साहू ने भक्तों को काढ़ा प्रसाद वितरित किया,हर वर्ष इस सेवा में पहुंच के भगवान के प्रति अपनी भक्ति का परिचय देकर श्रीमती साहू मंदिर से जुड़े हर सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं।

वहीं उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से दो दिन बाद निकलने वाली रथयात्रा के विषय में चर्चा की,प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती साहू ने कहा सृष्टि के रक्षार्थ अपने भक्तों के रक्षार्थ भगवान स्वयं उनके कष्ट ले लेते हैं,जिसके चलते उन्हें विभिन्न औषधियों से युक्त काढ़ा पिलाया जाता है जिससे भगवान जल्द स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देते हैं,उसी परंपरा में शामिल होकर काढ़ा प्रसाद के भोग पश्चात जनता के निरोगी काया हेतु प्रसाद वितरण में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुजगहन स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम मुजगहन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू सहित शाला विकास समिति, ग्राम विकास समिति एवं अतिथियों ने विद्या की देवी मां शारदा की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों के स्वागत पश्चात विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

पटवारी संघ ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

गरियाबंद/नवप्रदेश। विगत वर्ष की मांग व समस्याओं तथा ऑनलाइन भुईयां में हो रही गंभीर समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ प्रांत स्तर पर हड़ताल में जाने की चेतावनी दी है। संघ ने व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए शुक्रवार 5 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया की 7 जुलाई तक निराकरण नहीं होने पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के समस्त पटवारी 8 जुलाई सोमवार से राज्य स्तरीय हड़ताल में जाने बाध्य होंगे।

पटवारी संघ के सदस्यों ने बताया की वर्तमान में पटवारी आईडी में संकलन, संशोधन विलोपन का विकल्प मौजूद नहीं है साथ ही डिजिटल हस्ताक्षर हटाने का कोई विकल्प मौजूद नहीं है। उसके बावजूद कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा पटवारी साथी उमेश कुमार पटेल को खसरा विलोपन एवं डिजिटल हस्ताक्षर हटाने के आरोप में निलंबित किया गया है।

शाला प्रवेश उत्सव पर हुआ पुस्तक गणवेश का वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र के साथ प्रदेशभर के स्कूलों में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम मे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला न्यू हिंदी भाटापारा में शाला प्रवेश उत्सव आयोजन किया। गया। कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस दौरान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश वितरण किया गया। पुस्तक और स्कूली ड्रेस पाकर बच्चे खुश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद गोवर्धन डहरिया ने अपने बचपन के विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए कहा कि हमारे शिक्षा अध्ययन का वह पहला दिन हुआ करता था कि हमें हमारे पालक स्कूल साथ में ले जाया करते थे ।

पुलिस ने ली शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य संचालकों की बैठक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। स्कूलों में बच्चों के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, समुचित निगरानी आदि के संबंध में पुलिस विभाग ने बैठक ली और समस्त शैक्षणिक संस्थानों को वाहन एवं स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, शिकायत, सुझाव पेटी अनिवार्य रुप से रखने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जिले में स्थित शासकीय एवं प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के प्रमुख एवं प्राचार्यों का समीक्षा बैठक आयोजित* किया गया। बैठक में श्री सिदार ने स्कूली बसों एवं स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा लगाना समस्त स्कूल प्रबंधकों के लिए अनिवार्य होना बताया। साथ ही स्कूली बच्चों की जागरूकता के लिए गुड टच, बैड टच की जानकारी देना एवं महिला एवं बालक विरुद्ध अपराध की भी समुचित जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उनके द्वारा शिकायत एवं सुझाव देने के लिए अनिवार्य रूप से समस्त स्कूलों में शिकायत पेटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया। श्री कुजूर द्वारा स्कूल प्रबंधकों को स्कूल में आने वाले बच्चों को बाइक आदि लाने के लिए पूर्ण रूप में मनाही करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्कूल जाने के समय एवं बच्चों के स्कूल से आने का समय ही यातायात के दृष्टिकोण से बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं।

समीक्षा | कमजोर कार्य निष्पादन पर कोऑर्डिनेटर को थमाया गया नोटिस

भुगतान रोकने के बाद भी प्रगति नहीं, होंगे ब्लैक लिस्टेड

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में जल जीवन मिशन कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसियो के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले एजेंसी की भुगतान रोकी जाएगी, इसके बाद भी सुधार नही लाने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड की जाएगी।उन्होने कमजोर फिल्ड वर्क के कारण हेल्प एंड हेल्प एजेंसी के कोऑर्डिनेटर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान एजेंसियों के कार्य की जमीनी हकीकत जानने फिल्ड पर काम कर रहे कर्मचारियों से सीधे फोन पर बात कर जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए। उन्होने सभी एजेंसियो से प्रतिदिन किये गए कार्य की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने ऐसे एजेंसी जिनके पास आवंटित गांव की संख्या अधिक और कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कार्य की प्रगति बहुत धीमा है उनसे गाँव की संख्या कम कर बेहतर प्रगति वाले एजेंसी को देने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी एजेंसी गुणवत्तापूर्ण काम करें, अब तक जो काम अधूरे है उसे जल्द पूरा करें तथा पाईप बिछाने खोदे गए गड्ढों को ठीक करें। उन्होंने कहा कि सभी जल स्रोतों का टेस्टिंग किट से जल की गुणवत्ता जाँच एवं क्लोरीनिकरण करें। जल जीवन मिशन में सबसे पहले गुणवत्तापूर्ण कार्य हो उसके बाद ग्रामवासियों को यूजर चार्ज के लिए प्रोत्साहित करें। बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों से बचने सभी गांव में बैठक लेकर लोगों को समझाईश दें कि पानी उबालकर ठंडा होने के बाद पीने के लिए उपयोग में लाएं। बताया गया कि विकासखंड बलौदाबाजार में एजेंसी उपवन महिला बालविकास को 146 गाँव, पलारी में एजेंसी हेल्प एंड हेल्प को 132 गाँव, भाटापारा में एजेंसी कामगार फाउंडेशन को 108 गाँव, कसडोल में एजेंसी विकास आशा सेवा समिति को 117 एवं प्रतीक्षा को 110 गांव कार्य करने हेतु आवंटित किया गया है।

82वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का 82 वां प्राकट्य महोत्सव उल्लासपूर्वक आनंदमय वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर मारवाड़ी कुआ शिव मंदिर के विशाल प्रांगण में पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के तत्वाधान में सनातन धर्म प्रेमी भक्तों की ओर से दिव्य रुद्राभिषेक पूजन आराधना सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संकीर्तन महा आरती के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्री शास्त्री जी ने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए पूज्यपाद शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर सारगर्भित व्याख्यान में बताया कि भारतवर्ष धन्य है जहां आदि शंकराचार्य भगवान साक्षात प्रकट होकर आज से 2500 वर्ष पूर्व शंकराचार्य परंपरा को देश की एकता अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रवाहित किया ।इस परंपरा में गोवर्धन पीठ पुरी के 145 वें शंकराचार्य है गुरुदेव भगवान इस पीठ में सन 1992 से अभिषिक्त हैं विगत 34 वर्षों में आप श्री के द्वारा सनातन धर्म संस्कृति तथा देश की एकता सुरक्षा एवं अखंडता के लिए सनातन मान बिंदुओं की रक्षा के लिए जो निरंतर प्रयास किए हैं वह इतिहास में नित्य स्मरणीय रहेगा।

न्यूज गैलरी

स्टोप डायरिया एवं सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ का दिया संदेश

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर में स्टोप डायरिया की मार्ग रेखा पर सफाई अपनाओ , बीमारी भगाओ का सघन स्वच्छता अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरुआत किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक शाला लखनपुर में जाकर स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इसके बाद प्राथमिक शाला स्थित सार्वजनिक हैण्डपम्प के आस-पास की सफाई की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सावित्री साहू , भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहु मुख्य नगर पालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, सफाई दरोगा चन्द्रशेखर चौधरी, स्वच्छता दीदी, सफाई कामगार, शिक्षकगण, एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

बिजली ऑफिस परिसर में कचरा और कीचड़ का अंबार

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय बिजली ऑफिस परिसर में नाली से बहने वाली कचरे एवं कीचड़ से जहां विभाग के कर्मचारियों को परेशानी हो रही है वही दफ्तर में आने वाले उपभोक्ताओं को भी इस अस्वच्छता का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल बिजली कार्यालय के मुख्य दरवाजे से ठीक बाहर मुख्य मार्ग से लगे नपं द्वारा नाली बनवाया गया है लेकिन नाली बिजली दफ्तर के ठीक सामने बनाया गया नाली दो भागों में बंटा हुआ है। ढलान होने से नाली का पानी परिसर में प्रवेश हो रहा है। जिससे कचरा और कीचड़ दोनों जमा हो जातें हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

परियोजना कार्यालय में 15 तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

लखनपुर/नवप्रदेश। एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय लखनपुर में आंबा कार्यकर्ता सहायिका के 14 रिक्त पदों के लिए ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन पेश किया गया था स्कूटनी के पश्चात प्रावीण सूची जारी कर परियोजना कार्यालय में अभ्यर्थियों के नामों की सूची जारी करते हुए चस्पा कर दिया गया है।

बीजातराई तक सड़क निर्माण की धीमी गति देख नाराज हुए विधायक

अधिकारियों को सड़क दुरूस्थ करने के निर्देश

खबर का असर

मुंगेली/नवप्रदेश। पण्डरिया रोड में बीजातराई तक निर्माणाधीन सड़क की धीमी गति के चलते नागरिकों को परेशानी संबंधित लगातार खबरे प्रकाशित की गई थी। नवप्रदेश में प्रकाशित खबर का असर के चलते क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने पण्डरिया रोड सेतगंगा में पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को सड़क दुरूस्थ करने के लिये निर्देशित किया।

बारिश के दिनों में सड़कों में पानी भरने एवं गढ्डों के कारण दुर्घटना की संभावना को देखते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर राहुल देव ने आज मुंगेली-फास्टरपुर सड़क मार्ग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क मार्ग में जगह-जगह जल जमाव होने पर नाराजगी जाहिर की और वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पानी की निकासी के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गड्ढों की पैच रिपेयरिंग और निर्माणाधीन कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए कहा।

उल्लेखनीय है कि हल्की बारिश के साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल हो गया है। दाऊपारा नहर से जिला अस्पताल एवं पुलिस लाईन लालाकापा जाने वाली मार्ग में सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गये है। जिसके चलते लोगों को जिला अस्पताल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पड़ाव चैक से लोरमी बाईपास मार्ग की जर्जर स्थिति बनी हुई है। पुल के पास एप्रोच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गये थे जिनका मरम्मत के नाम पर गड्ढ़ो को पाटा गया है। नागरिकों ने शहर की सड़क व्यवस्था को बरसात में मरम्मत किये जाने की मांग अधिकारियों से की है। ''आधे-अधूरे सड़क निर्माण के चलते बस स्टैण्ड बना तालाब, राहगीर परेशान'' शीर्षक के नाम से 27 जून को नवप्रदेश में प्रकाशित की गई थी। पण्डरिया रोड में आधे-अधूरे सड़क निर्माण को लेकर नवप्रदेश में लगातार खबरों का प्रकाशन किया था। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक श्री मोहले ने बाघामुड़ा से बीजातराई तक अधूरे सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बारिश में अधूरे निर्माण कार्य के कारण कहीं भी सड़क दुर्घटना की शिकायत नहीं मिलना चाहिए।

विधायक श्री मोहले ने दशरंगपुर से किशनपुर सड़क मार्ग को भी संज्ञान में लिया और सड़क में जल जमाव की स्थिति को देखते हुए शीघ्र निकासी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रधान पाठक पर कार्रवाई की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा के मंदिर में पांचवी कक्षा की छात्रा को मार-मारकर लहूलुहान करने वाले प्रधान पाठक पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज युवा कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

युवा कांग्रेस जिला महासचिव अजय साहू ने बताया कि जिले में फिर एक बार शिक्षा को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। शासकीय प्राथमिक शाला चमारी के प्रधान पाठक ने कक्षा पांचवी में पढने वाली छात्रा को डंडे से मार कर लहू लुहान कर दिया। ज्ञात हो कि 29 जून को विद्यालय के प्रधान पाठक टुकराम खांडे के द्वारा विद्यालय के अंदर ही दुर्व्यवहारिक रूप से व्यवहार करते हुए कक्षा पांचवी में पढ़ने वाली गौरी साहू को डराया गया और फिर डंडे से मारकर दाहिने आंख के पास चोट पहुंचाई गई। जिससे आंख में सूजन व खून जम गया है और आंखों के नीचे गंभीर चोट का निशान भी बन गया है। इस घाटन के संबंध में पीड़िता के पालक द्वारा 1 जुलाई को विधिवत रूप से जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रधान पाठक के ऊपर कार्यवाही की मांग की गई थी। परंतु प्रधान पाठक टुकराम खांडे के ऊपर किसी भी प्रकार का विभागीय कार्यवाही नहीं किया गया। जिसको लेकर युवा कांग्रेस के महासचिव अजय साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत किया गया हैं। अजय साहू का कहना है कि प्रधान पाठक पर जल्द निलंबित की कार्यवाही नहीं किया जाता है तो युवा कांग्रेस द्वारा शिक्षा विभाग का घेराव किया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस महासचिव अजय साहू, सूरज साहू पालक, रवीन्द्र पात्रे, विकास खांडे, अतुल यादव, अखिलेश दिवाकर, सूरज खुंटे सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तहसील कार्यालयों का लोगों को चक्कर न लगाना पड़े : कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय मुंगेली का निरीक्षण कलेक्टर राहुल देव ने किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नामांतरण, बटांकन आदि राजस्व से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन नक्शा सुधार एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसील एवं राजस्व कार्यालय के चक्कर लगाते हैं। इसके लिए अभियान चलाएं और आमजनों को राहत दिलाएं। कलेक्टर श्री देव ने तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को मौके पर जाकर नक्शा, बटांकन आदि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और गलत नक्शा काटने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने त्रुटि सुधार के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान देते हुए उनके यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर राहुल देव ने कार्यालय में आए फरियादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें त्वरित लाभ दिलाने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया। उन्होंने फरियादी संतोष साहू, सुमन प्रसाद, मालिक राम से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तहसीलदार को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, तहसीलदार कुनाल पाण्डेय मौजूद रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने विखं शिक्षा अधिकारियों की ली बैठक

रायगढ़। सीईओ जिपं जितेन्द्र यादव ने जिपं कार्यालय के सभाकक्ष में विखं शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। सीईओ श्री यादव ने सभी स्कूलों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा लेने तथा परिणाम के रिकार्ड हर स्कूल को संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे प्राप्त परिणाम के आधार पर विखं की रैंकिंग की जाएगी। इस दौरान उन्होंने जिला, ब्लाक एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में सतत निरीक्षण करने एवं अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

सुरक्षा गार्ड ने ही की देवकर शराब दुकान में चोरी

बेमेतरा/नवप्रदेश। तीन नए कानून अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत दर्ज बेमेतरा ज़िले के प्रथम प्रकरण पर पहले आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गयी है। जिसमें पुलिस चौकी मुख्यालय देवकर में संचालित कम्पोजिट देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में हुई बड़ी नगदी की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस व आबकारी प्रशासन की जांच टीम ने घटना की रिपोर्ट के महज 48 घण्टे के अन्दर ही असली आरोपी को पकड़कर चोरी की गई नगदी की भी बरामदगी कर ली हैं। ज्ञात हो कि विगत 30 जून की रात को नगर अंतर्गत संचालित कम्पोजिट मदिरालय के लॉकर में सुरक्षित रखे गए दिनभर के शराब बिक्री के पूरे पैसों को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था, जिस पर पुलिस चौकी में आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर वीणा भण्डारी की एफआईआर के आधार पर एसपी रामकृष्ण साहू के दिशा निर्देश पर बेरला एसडीओपी तेजराम पटेल के नेतृत्व में साजा टीआई राजकुमार साहू व देवकर चौकी प्रभारी द्वारिका प्रसाद देशलहरे सहित अन्य स्टॉफ को लेकर संयुक्त जांच बनाई गयी। जिन्होंने आबकारी टीम के साथ मिलकर डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक एक्सपर्ट व साइबर टीम का सहारा लेते हुए घटनास्थल में विभिन्न दौरे कर हर पहलुओं की छानबीन की। शराब दुकान के सभी स्टॉफ से कड़ाई से पूछताछ कर संदिग्ध कर्मचारियों की मोबाईल नम्बरों को सीडीआर निकाला गया एवं घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार कर इलाके के लोकशन का टॉवर डम्प किया गया। साथ ही अन्य इलाकों के विभिन्न सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।

प्रार्थी व गवाहों के कथन उपरांत शराब भट्ठी में तैनात सन्देहास्पद सुरक्षा गार्ड अनिल लहरे (36 वर्ष) पिता पुनऊ राम लहरे, ग्राम बावामोहतरा थाना व जिला बेमेतरा व हाल पता शीतल छाया कॉलोनी धनोरा चौकी पद्मनाभपुर ज़िला दुर्ग को हिरासत में लिया गया। आरोपी के जुर्म स्वीकार के बाद चोरी किये 906760 रुपये की रकम की पतासाजी कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ जब्ती कर ली गयी एवं आरोपी पर बीएनएस की धारा 331(4) व 305 (ड) के तहत गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। इस कार्यवाही में पुलिस अफसरों के साथ देवकर चौकी के एएसआई बीपी पटेल, अजय लहरे, मानदास साहू, आरक्षक विकास सिंह, दीपक सिंह, मनीष वर्मा आदि का योगदान रहा।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/CW/2024-25/Tr No.-2411/1742 Raipur Dt- 28-06-2024

NOTICE FOR E-TENDER

Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Contractor for following works.

Tender No / RFx no.	Name of work	Tender amount (excl. GST) (in Rs)	Completion period	Time & Due date of submission
Tr.no 2411 RFx-8000077[illegible]	Engagement of 03 no. Peon for O/o CE (Project) CSPDCL Raipur through Outsourcing	977680.00	2 years	11.00 noon 18.07.2024

Note: 1. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www.cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 2. **Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

SAVE ELECTRICITY S.-40714/2 CHIEF ENGINEER (PROJECT) CSPDCL RAIPUR

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र. सस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
270/154435	ROAD FURNITURE WORK OF DULNA PATEWA KURRA ROAD OF DISTT.- RAIPUR UNDER CGRIDCL, LENGTH 3.40 KM (प्रथम आमंत्रण)	रु. 26.12 लाख
269/154437	ROAD FURNITURE WORK OF KATHOLI KURRA SONESILLI JAMGAON ROAD FROM KM 7/6 TO 17/2 = 9.80 KM DISTT.- RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण)	रु. 44.90 लाख
56/155159	PAINTING & DISTEMPERING WORK VARIOUS BUILDING AT NIMORA SECTION 3 AND E-in-C OFFICE UNDER PWD SUB DIVISION NO. 3 NAVA RAIPUR (प्रथम आमंत्रण)	रु. 22.00 लाख
57/155160	SR/MOW & DEPOSIT WORK IN VARIOUS RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING IN SCIENCE COLLEGE SECTION, RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख
264/155583	S.R./ MOW WORK OF RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING AT KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 50.00 लाख

एन.आई.टी. क्रमांक 270 सिस्टम टेंडर क्रमांक 154435, एन.आई.टी. क्रमांक 269 सिस्टम टेंडर क्रमांक 154437, एन.आई.टी. क्र .56 सिस्टम टेन्डर नं. 155159 एवं एन.आई.टी. क्र.27 सिस्टम टेन्डर नं. 155160 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.07.2024 समय सायं 5.30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 264 सिस्टम टेन्डर नं. 155583 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.07.2024 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविद्रा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-242500838/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर जिला क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टरचंद्रकांत वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के साथ ही सभी आवश्यक उपाय पर चर्चा की । बैठक में जिले के गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना गंडई के खान पेट्रोल पम्प, हनईबन, बिजली ऑफिस के पास , थाना सालहेवारा के ग्राम भाजीडोंगरी पुल के पास को ब्लैक स्पॉट के रूप मे चिन्हाकित करने के बाद आवश्यक उपाय किए जाने निर्देश दिए । कलेक्टर वर्मा ने सड़क किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम लगाने, मुख्य मार्ग से अवैध ठेला गुमटी हटाने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट व चारपहिया मे सीटबेल्ट लगाने, आवारा पशुओ को रोड से हटाने, शहर अंदर पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश देते यातायात नियमों का पालन न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने, विचलित करने वाली होर्डिंग हटाने, स्कूली बसों की सम्पूर्ण दस्तावेज जाँच करने, परिवहन प्रदुषण जांच, सड़क दुर्घटनाओ मे घायल लोगो की मदद हेतु सड़क सुरक्षा मितान, शहरों मे सीसीटीवी कैमरा, रेडियम पट्टी, रोड निर्माण व चौड़ी करने ,अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने शहरों के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध करने जैसी अनेको योजना तैयार कर समुचित उपाय सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने इतवारी बाजार का किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके में शुमार ईतवारीबाजार की पहली बार सुध लेने कलेक्टर खुद अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और ईतवारीबाजार इलाके मे व्याप्त समस्याओं का जायजा लिया । ईतवारीबाजार मे बारिश के दौरान भरने वाले पानी की निकासी, साफ सफाई व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश पालिका सीएमओ को दिए । कलेक्टर ने पैदल ही ईतवारीबाजार के सब्जी मार्केट, धमधा मोड़ का मुआयना किया । यहाँ रोजाना सफाई कराने, और पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने कहा ।

FORM NO. IV
(See Sub rule 2(a) of Rule 5)

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
(Shantikunj, H.No. 797-II South Civil Lines, Jabalpur (M.P.)
(Areas of Jurisdiction Madhya Pradesh & Chhattisgarh)
Summons under Sub-Section (4) of Section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of Rule 5 of Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rule, 1993

ORIGINAL APPLICATION No.1097/2021

BANK OF BARODA : APPLICANT
VERSUS
UMESH THAKUR & ORS : DEFENDANTS

To,
1. Umesh Kumar Thakur S/o Janak Gond R/o Village Nawagaon Post Round Tehsil Dhamdha, District Durg (C.G.)
2. Radheshyam Patel S/o Bedram Patel R/o Village Nawagaon Post Rounda, Tehsil Dhamdha, District Durg (C.G.)

WHEREAS,OA No. 1097/2021 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 23.03.2022.

Whereas the Hon'ble Tribunal is please to issue summons / notice on the said Application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 31,79,321.00 plus Interest and expenses (application alongwith copies of documents etc. annexed).

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the Defendants are directed as under:-
1. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relied prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars of the properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the Original Application,pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
3. You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created an/or other assets and properties specified or disclosed under Serial number 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5. You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.
6. You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the Application and to appear before 04/11/2024 at 11 A.M. failing which the application shall be heard and desided in your absence.

Given under my hand and seal of the Tribunal this 5th day of July, 2024

Seal REGISTRAR

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
CIN: U40108CT2003SGC015822
CSPDCL कार्यालय- कार्यपालन यंत्री नगर संभाग पूर्व रायपुर छ.ग.

विद्युत अवरोध की आवश्यक सूचना

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सविनम्र सूचित किया जाता है नगर संभाग पूर्व रायपुर के अंतर्गत 11 के.व्ही. फीडरों में संचारण/संधारण (मेंटनेन्स) कार्य हेतु निम्नानुसार विद्युत आपूर्ति समय प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निम्नानुसार बंद रहेगी।

क्र.	फीडर का नाम	लाईन बंद रहने का दिनांक व दिन	प्रभावित क्षेत्र
1	11 के.व्ह. सड्डू फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय- शुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	सड्डू मेन रोड, महेश दाल मिल, बाबा दाल मिल, डी केथलान, टंडन होटल एवं आसपास का क्षेत्र
2	11 के.व्ही. उडविला फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय- सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	व्ही.आई.पी. सीटी, अफायर तीन फेस-1 एक्सटेंशन राम निकेतन, मेट्रो ग्रीन, केपिटल सिटी फेस-2 और 3, नमो इनक्लेव एवं आसपास के क्षेत्र
3	11 के.व्ही.शांति सरोवर फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	बंजर पारा, शिवाजी पार्क कालोनी, विधानसभा रोड, अवंति एलिगेंस एवं आसपास का क्षेत्र
4	11 के.व्ही. गोरखा कालोनी फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय-सुबह 11.00 से 02.00 बजे तक	गोरखा कालोनी, न्यू शांति नगर, गांधी नगर जगन्नाथ नगर, शंकर नगर एवं आसपास का क्षेत्र
5	11 के.व्ही. जीवन परिसर फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय-सुबह 11.00 से 02.00 बजे तक	खपरा भट्टी, राजीव नगर, होली क्रास स्कूल एवं आसपास के क्षेत्र
6	11 के.व्ही. अशोका रतन-3 फीडर	06.07.2024 दिन शनिवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	मोवा बस्ती, मोवा मस्जिद एवं काम्पलेक्स, लग्जोरा डाल्फिन एंप्रेशन एवं आसपास का क्षेत्र
7	11 के.व्ही. गोल्डन होम	08.07.2024 दिन सोमवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	व्ही.आई.पी. स्टेट, गोल्डन होम, हाउसिंग बोर्ड फेस-2
8	11 के.व्ही. एम.एल.ए. फीडर	09.07.2024 दिन मंगलवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	राजेन्द्र नगर, कक्कड़ चौक, वाधवानी चौक, मदर टैरेसा, पाम रेसीडेंसी, राजराजेश्वरी मंदिर, कटोरा तालाब, कालड़ा नर्सिंग होम, शहीद पंकज विक्रम परिसर, एवं आसपास के क्षेत्र
9	11 के.व्ही. स्वर्ण भूमि फीडर	09.07.2024 दिन मंगलवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	आमासिवनी बस्ती, पुलिस हाउसिंग कालोनी, विधानसभा रोड एवं आसपास के क्षेत्र
10	11 के.व्ही. शांतिनगर फीडर	09.07.2024 दिन मंगलवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	बी.टी.आई. कैम्पस, गायत्री नगर, शांति नगर, शंकर नगर, जीवन अपार्टमेंट, आई.ए.एस. कालोनी, शिल्प इन्क्लेव एवं आसपास के क्षेत्र
11	11 के.व्ही. आई.टी.आई. फीडर	10.07.2024 दिन बुधवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	भीम सेरिया हास्पिटल, महिला एवं पुरूष आई.टी.आई. कैम्पीयन स्कूल एवं आसपास के क्षेत्र
12	11 के.व्ही. श्याम नगर फीडर	11.07.2024 दिन गुरूवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	श्याम नगर, तारूभाई सिंग चौक, बी.एस.यू.पी. कालोनी, वृद्धा आश्रम, सैनी स्कूल, सुभाष नगर एवं आसपास के क्षेत्र
13	11 के.व्ही. अशोका रतन-2 फीडर	11.07.2024 दिन गुरूवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	एल.आई.सी. कालोनी, अशोका रतन कालोनी, आदर्श नगर, मोवा बस्ती एवं आसपास के क्षेत्र
14	11 के.व्ही. भोला नगर फीडर	11.07.2024 दिन गुरूवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	गीतांजली नगर, कविता नगर, अवंति विहार एवं आसपास के क्षेत्र
15	11 के.व्ही. शांति सरोवर फीडर	12.07.2024 दिन शुक्रवार समय-सुबह 09.00 से 12.00 बजे तक	बंजर पारा, शिवाजी पार्क कालोनी, विधानसभा रोड अवंति एलिगेंस एवं आसपास के क्षेत्र

जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। अतः सम्मानीय उपभोक्ताओं को इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

नोट :- बिजली को बचाना है, आने वाले कल को खुशियों से सजाना है।

(विनय चन्द्राकर- 9511031)
कार्यपालन यंत्री, न.सं. पूर्व
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक - 07

निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम निविदा

क्रमांक 10/ जोन क्र.-07/न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 05/07/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग, श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा निर्धारित पी.एफ.13.00 प्रतिशत एवं ई.एस.आई.सी. 3.25 प्रतिशत जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा ''अ'' में अमानती राशि तथा लिफाफा ''ब'' में सीलबंद निविदाएं निमयानुसार पृथक पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं जोन कमिश्नर जोन क्र. 07 नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

01 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि दिनांक 26/07/2024 संध्या 5.30 बजे तक।
02 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 31/07/2024 संध्या 5.00 बजे तक।
03 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 31/07/2024 संध्या 5.30 बजे तक।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य विवरण	निविदा फार्म	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	जोन क्र.07 अंतर्गत विशेष सफाई कार्य हेतु 08 स्वच्छता कमाण्डो रखे जाने का कार्य।	B	912312	7000	750	लो.नि.वि. में एकल पद्धति में 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म	12 माह
2.	जोन क्र. 07 अंतर्गत आवारा मवेशियों को पकड़ने हेतु 05 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य।	B	760260	6000	750		12 माह

नियम एवं शर्तें (भाग 1)

01. निविदा संबंधित समस्त दस्जावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टण्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04. GST 05. GST RI. last 3 month 06. ITR last 3 years 07. Bank Solvency Certificate 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

नियम एवं शर्तें :- (भाग 2)

1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा ।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा ।
3. निविदा फार्म कार्यलय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी ।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कलेक्टर की पहल से आत्मानंद स्कूल में 4 छात्रों का एडमिशन

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की पहल से प्रमोद कुमार साहू के चार बच्चों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश/हिन्दी माध्यम स्कूल कटियारांका, ब्लॉक बेरला की स्कूल में प्रवेश मिला। इनमें दो बच्चों को कक्षा नौवीं में और बाकी को कक्षा 7 और कक्षा 4 में दाखिला दिया गया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि सभी बच्चों का सफलतापूर्वक प्रवेश हो गया है। यह पहल बच्चों की शिक्षा में सुधार और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस प्रयास से बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त होगी और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। बता दें आत्मानंद स्कूल में प्रवेश से छात्रों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

न्यूज गैलरी

घायल बच्चे को बचाने के लिए मुस्लिम समाज आगे आया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गौरव यदु उम्र 8 साल पिता अशोक कुमार यदु लखोली संजय नगर राजनंदगांव बुधवार 3 जुलाई की शाम छत में खेलते हुए गिर गया था। सिर में गंभीर चोट आई है। उन्हें डाक्टर ने बताया कि सिर के अंदर खून का थक्का जम गया है। उसे कृष्णा हॉस्पिटल राजनांदगांव में एडमिट कराया गया। बच्चे की हालत गंभीर है परिवार गरीब है इलाज की व्यवस्था नहीं कर सकने की जानकारी मुस्लिम समाज के लोगों को मिली। तब मुस्लिम समाज के लोगों ने अस्पताल जाकर मरीज एवं परिवार वालों से मुलाकात कर डॉक्टर से मरीज के हालत की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड में नाम न होने की वजह से इनका इलाज सरकारी रूप से नहीं हो पा रहा है तब लीगल कमेटी मुस्लिम समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष मिर्जा हबीब बेग ने परिवार को वादा दिया कि बच्चे के इलाज का पूरा खर्चा मुस्लिम समाज राजनांदगांव उठाएगा कृष्णा हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने भी कहा कि हमारी ओर से भी मरीज की मदद की जाएगी। दवाई से अगर ठीक नहीं होता तो ऑपरेशन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने होनिशा साहू को सौंपे दो लाख के चेक

गरियाबंद/नवप्रदेश। इस वर्ष दसवी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में अपना दर्ज कराकर जिले का नाम रोशन करने वाली होनहार छात्रा होनिशा साहू अब अपनी खुद की स्कूटी ले सकेंगी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी बनने के अपने सपने को भी पूरा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में होनिशा को दो लाख रूपये का चेक सौपा। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत राज्य के अन्य 12 विद्यार्थियों को दो-दो लाख रुपए के चेक प्रदान किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने और उन्हें राशि मिलने से होनिशा सहित सभी बच्चे उत्साहित हो गये। उन्हें मिले सम्मान और सहायता राशि से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया। दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली होनिशा डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं।

शिक्षक की होगी व्यवस्था हीराबतर में फिर स्कूल शुरू

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर छुरा विकासखण्ड के गांव हीराबतर में अनुविभागीय अधिकारी विशाल महाराणा, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, तहसीलदार योगेंद्र देवांगन ने पहुंच कर कुछ दिनों से बंद स्कूल को पुनः प्रारंभ कराया गया। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम हीराबतर में प्राथमिक व माध्यमिक शाला एक ही परिसर में संचालित है। वर्तमान में प्राथमिक शाला की दर्ज संख्या-71 है। जिसमें दो शिक्षक कार्यरत है दर्ज के मान से एक शिक्षक का पद रिक्त है, माध्यमिक शाला में दर्ज संख्या-38 जिसमें तीन शिक्षक कार्यरत है दर्ज संख्या के मान से शिक्षक पर्याप्त है। शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण होना है, जिसमें प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की प्रतिपूर्ति किया जायेगा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर नेताम को बीईओ ने अवगत करा दिया है। शासन से शिक्षकों की संलग्नीकरण बंद है, जैसे ही युक्तियुक्तकरण शासन से आदेश होगा। दोनों स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में दोनों स्कूलों को एक साथ संचालित करने के लिए प्रधानपाठक को निर्देश दिये गये है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को जिला शिक्षा अधिकारी ने समझा कर स्कूल की ताला खोलने कहा गया।

जर्जर सड़क से जान जोखिम में

सरसीवां/नवप्रदेश। सरसीवां-सरायपाली मार्ग रख रखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ गई है। जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं। जिससे आवागमन में दिक्कतें हो रही है। सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सरसीवां से लेकर माता नाला तक बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी तरह डामर की परतें उखड़ने से वाहन चलाने में परेशानी हो रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है। सड़क किनारे के घरों का पानी निकासी सड़क पर होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। बारिश में कीचड़ और गर्मी में धूल से लोगों को परेसानी होती है। बताया गया है कि पी डबल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था मगर साल भर के भीतर ही सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

मालूम हो कि सिरपुर-सरायपाली- सरसीवां- हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था। मगर स्तरहीन कार्य के कारण जल्दी मरम्मत की आवश्यकता पड़ रही है।

सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं

सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आयी हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबूल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए काफी खतरनाक साबित हो रही है। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। सड़क किनारे बेतरतीब उगे झाड़ियों की सफाई करना आवश्यक हो गया है क्योंकि उनकी शाखाएं अब सड़कों तक पहुंच चुकी है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने मे दिक्कत होती है और इसी समय दुर्घटनायें हो रही हैं।

संधारण की राशि नहीं मिली

बिलाईगढ भटगांव पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि पहले वार्षिक संधारण (एआर) के लिए आवंटन मिलता था। जिसका खर्च नियमित रखरखाव में किया जाता था। मगर अब वार्षिक संधारण की राशि का आवंटन नहीं होने के चलते सड़कों की नियमित मरम्मत नहीं हो पा रही है।

● पी डब्ल्यू डी भटगांव सब इंजीनियर देवेन्द्र सतपती

गर्भवती, शिशुवती व नवविवाहितों को दिए जाएंगे पांच-पांच फलदार पौधे

■ जिले की नवाचारी पहल पोषण निवेश कार्यक्रम

■ हितग्राही 10 जुलाई को पौधों का करेंगे रोपण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की विशेष पहल से जिले में नवाचारी पहल पोषण निवेश कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके तहत गर्भवती, शिशुवती एवं नवविवाहित महिलाओं को पांच-पांच सब्जी-फलदार पौधे प्रदान किये जायेंगे। इन पौधों को हितग्राही अपने घर की बाड़ियों में लगाकर उनका अच्छे से संरक्षण एवं संवर्धन करेंगे। जिससे पौधे से पोषणयुक्त फल एवं सब्जियों की प्राप्ति होगी, जो कि परिवार के पोषक आहार में सहायक होगी। इस नवाचारी पहल के लिए 10 जुलाई का दिन तय किया गया है। इस दिन जिले के लगभग 17 हजार शिशुवती, गर्भवती एवं नवविवाहितों को लगभग 85 हजार पौधों का वितरण किया जायेगा। पौधा उद्यानिकी एवं वन विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध कराया जायेगा। जिसकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से हितग्राहियों को वितरित किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं कार्यान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजरों की बैठक आज कलेक्टर सभाकक्ष में ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में पोषण निवेश कार्यक्रम को सफल बनाने सक्रियता एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रदान किये जाने वाले पौधों के छोटे बच्चे जैसे पालन पोषण करने की जिम्मेदारी निभाने के लिए हितग्राहियों से संकल्प पत्र भी भरवाने के निर्देश दिये। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय सहित सभी ब्लाकों के महिला सुपरवाईजर मौजूद थे।

राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का कलेक्टर ने लिया जायजा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविरों का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी गुरुवार 4 जुलाई को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम मुड़ियाडीह एवं लवन तहसील अंतर्गत ग्राम करदा पहुंचे। उन्होंने पहुंचकर शिविर में आये ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल लिया।

■ 3694 आवेदनों का किया गया तत्काल निराकरण

साथ ही इस मौके पर आए ग्रामीणों एवं किसानों को किसान किताब, नकल, बी-1 पी-2 प्रदान किया। इससे किसान गदगद हुए। इस दौरान सभी राजस्व अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी राजस्व संबंधित आवेदनों के निराकरण में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी सभी आवेदनों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही सुनिश्चित करें।

गांव में किसी भी प्रकार की विवाद हो उसे आपसी सहमति के साथ निराकरण करें जिसमें सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेवें। गांव में किसी भी प्रकार के अवैधानिक कार्य किया जाता है तो उसकी जानकारी अवश्य रूप से दर्ज करावें। इस दौरान कलेक्टर ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, महतारी वंदन सहित फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

शाला प्रवेश उत्सव के साथ पौधा रोपण भी

भाटापारा/नवप्रदेश। शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाई स्कूल टोनाटार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चन्द्र प्रकाश साहू ने पुस्तक कापी का वितरण कर सभी बच्चों को शुभकामना दी । श्री साहू ने सभी नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चो के स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात चंद्र प्रकाश साहू ने प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर - एक पेड़ मां के नाम से स्कूल परिसर पर पौधारोपण किया।

आंगन मां शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

नगरी/नवप्रदेश।शास. प्राथमिक शाला, टेंगना में कक्षा पहली व बालवाड़ी के विद्यार्थियों के माता के लिए पढ़ाई तिहार के अंतर्गत अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने माता को अपने बच्चों को सीखने के तरीके बताएं एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को समय देने के लिए प्रशिक्षित किया गया । समस्त माता ने अपने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों में अपने बच्चों के साथ शामिल हुई। प्रधान पाठक ममता प्रजापति कहा कि महिलाएं विभिन्न स्वरूपों में अपने दायित्व का निर्वहन करती है और वह अपनी कुशलता से बच्चों को घर पर

डॉ. रमन ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से की मुलाकात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुलिस लाईन पहुंचकर जिले के विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने जिले की खेल प्रतिभाओं से भेंट के दौरान कहा कि वे अपनी खेल प्रतिभा को और अधिक निखारे और प्रदेश सहित देश एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतिस्प्रर्धाओं में शामिल होकर देश का नाम रौशन करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, समाज सेवी बहादुर अली, अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला

पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू एवं भूमिका साहू ने भेंट की। अनिशा साहू ने नीदरलैण्ड में और भूमिका साहू ने जर्मनी में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस दौरान विभिन्न खेलों में हिस्सा लेने वाले एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष से भेंट की। रक्षित केन्द्र राजनांदगांव द्वारा तीरंदाजी में जिले के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। तीरंदाजी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 46 खिलाड़ी एवं उनके कोच भी विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर अपने प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तीरंदाजों ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष तीरंदाजी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इन तीरंदाजों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें और बेहतर प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को उभारने के लिए कहा, वहीं इन तीरंदाजों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को लाने-ले जाने वाले 26 सीटर वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। इस वाहन से खिलाड़ियों को अन्य स्थानों पर खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने जाने के लिए सुविधा होगी।

बजाज फाइनेंस में गैलेक्सी मोबाइल जिले में टॉप

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में बजाज फाइनेंस में सर्वाधिक फाइनेंस करने में पहला स्थान गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड ने प्राप्त किया है।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ डीलरों में अच्छी श्रेणी हासिल करने पर गैलेक्सी मोबाइल वर्ल्ड के संचालक योगेंद्र यदु को बजाज फायनेंस छत्तीसगढ़ हेड भूषण अधेकर, सीनियर सेल्स मैनेजर रजनीश शुक्ला और भाटापारा के ब्रांच मैनेजर अंकित तिवारी ने जिले में लगातार 2022 से अभी तक सबसे सर्वाधिक ग्राहकों के फाइनेन्स की सुविधा देने पर बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया।

शिक्षा से ही समाज की प्रगति: रोहित साहू

छुरा/नवप्रदेश। विकासखंड छुरा अंतर्गत अकलवारा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे। उनका गांव पहुंचने पर राऊत नाच के साथ स्वागत किया गया। विधायक रोहित साहू ने पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण कर एक पेड़ माँ के नाम की शुरुआत की। ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव को कहा कि यह विद्यालय निजी स्कूलों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ चुका है, मैं यहां पहली बार आया हूँ लेकिन यहां मुझे बहुत खुशी हुई है।यह विद्यालय जिला स्तर पर अपनी पहचान बना चूका है। जब वो सरपंच थे तो गांव में बहुत अधिक कीचड़ होने के कारण गांव के व्यक्तियों के साथ साथ जानवरों को भी आने जाने में बहुत अधिक परेशानी होती थी। उन्होंने इस व्यवस्था को सुधारने के लिए सरपंच बना। सन 2005 में सरपंच बनकर गांव का विकास किया।उन्होंने कहा कि राजिम क्षेत्र का विकास मेरा सपना है। उसे पूरा करना है जो आप सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी।हम सब मिलकर राजिम विधान सभा का विकास करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, विशिष्ट अतिथि तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा,श्रीमती केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, गौरव मिश्रा जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, मंडल अध्यक्ष पीलू यादव,संदीप पांडे, कमल सिन्हा, मनीष हरित,राजू साहू, सोमन यदु,पंकज निर्मलकर सहित आदि उपस्थित थे।

सिकाशेर से हाथी दल धमतरी वनमंडल पहुंचा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले व गरियाबंद जिले के बीच नगरी विकासखंड के अंतिम छोर तुमबाहरा चारगांव के जंगल में नदी किनारे पर वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 353,350,349 परिसर उत्तर तुमबहरा मटिया बाहरा नदी किनारे विचारण करते हुए वही वन टीम परिक्षेत्र सहायक तुमबहरा परिक्षेत्र द्वारा अलर्ट ग्राम तुमबहरा चारगांव मतियाबाहरा भैसामुडा गजकन्हार बिलभद्दर डोंगरडुला कल्लेमेटा डमकाडीही छिपली संबलपुर अमाली गोरेगांव को किया गया है जिसमे दल प्रमुख झम्मनलाल कश्यप रिजवान रामकुमार ध्रुव कादिर रिजवी त्रिलोचन कश्यप राजाराम साहू बीएफओं तुलाराम ध्रुव असकरण साहू दाल की निगरानी पर है साथ में लोगो को सुरक्षा श्रमिक,टीप कोई भी जंगल न जावे, सतर्क रहें।

भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश नेतृत्व के आदेश अनुसार आज बजरंग चौक नगरी में कांग्रेस नेता एवं वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के राहुल गांधी द्वारा संसद में अपने वक्तव्य के दौरान हिंदू धर्म के प्रति जो मानसिकता दर्शाया है और हिंदुओं को हिंसक बताकर हिंदुओं का घोर अपमान किया, साथ ही हमारे आराध्य देव भगवान शंकर की तैलचित्र को हाथ में लेकर भी हिंदुओं के साथ-साथ आदिवासी समाज की अपेक्षा किया है। जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बजरंग चौक में पुतला दहन कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुआ। भाजपाई पुतला दहन करने में सफल हुए इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा नेता नागेंद्र शुक्ला जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, वरिष्ठ नेता, कमल डागा, विकल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, विस् मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू, नंद यादव, महामंत्री हृदय साहू, राजेश गोसाई, प्रतिमा देवांगन, सुलोचना साहू, आराधना शुक्ला, अजय नाहटा, मण्डल मीडिया प्रभारी अशोक संचेती, चेलेश्वरी साहू, विनीत कोठारी, प्रीति यादव, निखिल साहू, बालू सेन, महेश साहू, नागेंद्र बोरझा, नरेंद्र नाग, विक्की बोहरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयोजन | भाजपा कार्यकर्ताओ ने अभनपुर क्षेत्र के अनेक स्थानों पर मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हित में काम कर रही: चंद्रशेखर साहू

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में जन्मदिन मनाया गया। इसी कड़ी में नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम डोंगीतराई मोड़ पर नवनिर्मित भगवान हनुमान जी मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साहू ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र, प्रदेश, देश और समूचे विश्व के जनकल्याण की कामना की । श्री साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों के लिए यह समय खेती किसानी काम के लिए है।

किसान अपने खेती किसानी के कार्य में व्यस्त हैं और जरूरी भी है क्योंकि खेती किसानी में हम अच्छी मेहनत करेंगे तो अच्छी फसल होगी तो हमें इसका दाम भी अच्छी

मिलेगी जिससे हम और समृद्धि की ओर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि से किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं, मोदी सरकार हमेशा गांव, गरीब, युवा, किसान के लिए विजन कर तैयार करने का काम किया है, जिससे सभी का जीवन स्तर सुधर रहे है। कार्यक्रम के दौरान श्री साहू द्वारा आसपास के दर्जन भर से अधिक बुजुर्गों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कमल नारायण साहू,नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,भाजयुमो नेता किशोर देवांगन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नागेद्र वर्मा,पूर्व पार्षद बल्लू सोनी, मनीष देवांगन,नवल साहू,चंद्रिका साहू,पंडित गोविंद प्रसाद तिवारी, ईश्वरी देवांगन,सुधीर रजक,अब्दुल रशीद मुन्ना खान, डॉ चंद्रकांत साहू पटेवा, हितेश मंडई,डोंगीतराई से चित्त लाल साहू,हसदा से धनेश,नोहरू, गुलाब,गुलशन सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण जन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष उमेश यादव एवं आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य कमल नारायण साहू द्वारा किया गया।

ग्राम पंचायत लिखामा में शिविर

नगरी/नवप्रदेश। विकास खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत लिखामा में आयोजित किया गया। इसमें जनपद पंचायत नगरी के सभा पति मन्नू यादव ने कहा कि शासन की योजना को अंतिम व्यक्ति व गावों तक पहुंचे और विकास की राह आसान हो इसके लिए ऐसा आयोजन दुरस्त जगहों में आयोजित करना सासन की मंशा है। खंड स्तरीय अधिकारियों ने अपनी, अपनी विभागीय योजनाएं के बारे मैं विस्तार पूर्वक जानकारी दी पी एम जनमन आवास हितग्राहियों को उद्यानिकी विभाग के सहयोग से निशुल्क फलदार पौधे वितरित किए गए इस जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, जनपद सभा पति मन्नू यादव, जनपद सदस्य यामनी ध्रुव, सरपंच सोंनराज वट्टी , सरपंच घुटकेल जगेश्वर ध्रुव, सरपंच मैनपुर भुनेश्वरी नेताम ,अनुविभागीय अधिकारी पवन कुमार प्रेमी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद नगरी विमल कुमार साहू, एस, डी, ओ, आर, ई, एस, शिव सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी आयुष झा, एन के बागडे, आनंद साहू, आर एस नेताम, स्वेता वर्मा, टी डी कश्यप, तुलसी चंद्राकर, सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्र के ग्रामीण जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जीएसटी को सरल बनाने और पीएलआई की वकालत की

केन्द्रीय वित्त मंत्री से उम्मीद

मुंबई। एमएसएमई सेक्टर जुलाई में पेश होने वाले केंद्रीय बजट में सरकार की ओर से उद्योगों की बढ़ती परेशानियों को कम किए जाने की उम्मीद कर रहा है। एमएसएमई सेक्टर की प्रमुख मांगों में जीएसटी को सरल बनाने से लेकर भुगतान के नए नियम (धारा 43बी) को एक साल के लिए टालने और नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना लागू करने की पहल शामिल हैं। सुक्ष्म, लघु व मझोले उद्योग (एमएसएमई) जुलाई में पेश होने वाले बजट में केंद्र सरकार से अपने लिए सकारात्मक फैसलों की उम्मीद कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में जीएसटी को सरल बनाने से लेकर भुगतान के नए नियम (धारा 43बी) को एक साल के लिए टालना और नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को लागू करना शामिल है। जानकारों का मानना है कि से विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और रोजगार देने महत्वपूर्ण भूमिका इस क्षेत्र की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार एमएसएमई क्षेत्र 11.10 करोड़ नौकरियों में से 3 करोड़ 60.41 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करता है।

भारत मर्चेंट चेम्बर के राजीव सिघंल बताते हैं कि भुगतान का नया नियम (धारा 43बी) छोटे व्यापारियों को अभी तक पता ही नहीं है। कपड़ा बाजार में 90 दिनों का पेमेंट का सायकल चलता है लेकिन इसके आने के बाद पेमेंट सायकल बिगड़ गया है। वे कहते हैं कि कारोबार की जमीनी हकीकत को नजर अंदाज करके यह नियम तैयार किया गया। 45 दिनों में बिल का भुगतान हो पाना मुश्किल होता है। ऐसे व्यापारियों के अंदर एक दूसरे के प्रति अविश्वास की भावना बन गई जो कारोबार को प्रभावित कर रही है। इसीलिए हमने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि इस नियम पर विचार किया जाए क्योंकि यह छोटे कारोबार और चेम्बर ऑफ एसोसिएशन्स ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष दीपेन अग्रवाल का कहना है कि केन्द्र सरकार छोटे और मझोले कारोबारियों की परेशानियों पर ध्यान देने की जरूरत है। हमारी पहली मांग यह है कि जीएसटी में अप्रत्यक्ष कर को सरल बनाया जाए क्योंकि इससे कारोबारियों को परेशानी होती है। दूसरा, कई नए क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना को शुरू करने की मांग हम सरकार से कर रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर मैन्युफैक्क्रिंग को बढ़ावा मिलेगा और नए रोजगार उपलब्ध होंगे। तीसरा छोटे और मंझोले क्षेत्र के लिए लीज होल्ड प्रापर्टी पर 18 प्रतिशत जीएसटी को कम करने की जरूरत है।

आरबीआई के बंपर लाभांश से विनिवेश की कम होगी जरूरत

नई दिल्ली। आरबीआई के बंपर लाभांश से केंद्र सरकार की राजकोषीय स्थिति आरामदायक बनी हुई है। ऐसे में बड़े विनिवेश की जरूरत खत्म हो सकती है। शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में सरकार चालू वित्त वर्ष में हिस्सा बेच सकती है। इससे 12,500 से 22,500 करोड़ मिल सकते हैं। आरबीआई की ओर से मिले 2.1 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड लाभांश से सरकार को चालू वित्त वर्ष में विनिवेश की कम जरूरत हो सकती है। केयर रेटिंग्स ने कहा, नई सरकार विनिवेश से प्राप्तियों पर अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को बरकरार रख सकती है। रेटिंग एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा, आरबीआई के बंपर लाभांश से केंद्र सरकार की राजकोषीय स्थिति आरामदायक बनी हुई है। ऐसे में बड़े विनिवेश की जरूरत खत्म हो सकती है। शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में सरकार चालू वित्त वर्ष में हिस्सा बेच सकती है। इससे 12,500 से 22,500 करोड़ मिल सकते हैं। अन्य संभावित बिक्री में कॉनकॉर और पवन हंस शामिल हैं। पिछले दस वर्षों में सरकार ने विनिवेश से 5.2 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार अपनी कंपनियों में 51 फीसदी तक हिस्सेदारी रखती है तो भी उसे बिक्री से 11.5 लाख करोड़ मिल सकते हैं। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में हिस्सेदारी बेचने से सरकार को पांच लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पहली छमाही में मकानों की बिक्री बढ़कर 11 साल के शीर्ष पर

नाइटफ्रैंक इंडिया ने रिपोर्ट जारी की

नई दिल्ली। नाइटफ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पहली छमाही में मकानों की बिक्री सालाना 11 फीसदी बढ़ गई है, जो कि पिछले 11 सालों में अब तक शीर्ष पर है। देश के आठ प्रमुख शहरों में 2024 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर 11 फीसदी बढ़कर 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस अवधि में कुल 1,73,241 मकान बिके। कुल बिक्री में प्रीमियम मकानों की हिस्सेदारी 34 फीसदी रही। नाइटफ्रैंक इंडिया की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-जून, 2024 में आठ शहरों में कार्यालय के लिए जगह की मांग भी 33 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 3.47 करोड़ वर्ग फुट पर पहुंच गई।

एक साल में नौ फीसदी तक बढ़े भवनों के दाम

आठ प्रमुख शहरों में पहली छमाही में सालाना आधार पर मकानों की कीमतें 9 फीसदी तक बढ़ी हैं। बंगलूरू में कीमत सबसे ज्यादा 9 फीसदी बढ़ी है। मकानों के दाम कोलकाता में 6 फीसदी, हैदराबाद-चेन्नई में पांच-पांच फीसदी, मुंबई-एनसीआर-पुणे में चार-चार फीसदी और अहमदाबाद में एक फीसदी बढ़े हैं।

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन-एमडी शिशिर बैजल ने कहा, मजबूत आर्थिक बुनियाद और स्थिर सामाजिक-राजनीतिक हालात के कारण देश का रियल एस्टेट बाजार कुछ तिमाहियों में तेजी से बढ़ा है। आवासीय और कार्यालय के लिए स्थानों की मांग

सेंसेक्स 500 अंक टूटा निफ्टी 24200 से फिसला

नई दिल्ली। सुबह 9 बजकर 43 मिनट पर सेंसेक्स में 417.00 (0.52%) अंकों की नरमी के साथ 79,674.73 के स्तर पर कारोबार होता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 92.21 (0.38%) अंक नीचे गिरकर 24,217.85 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को हुई रिकॉर्ड क्लोजिंग के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन कमजोरी दिखी। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसलकर 80,000 के स्तर से फिसल गया। दूसरी ओर, निफ्टी भी कमजोर होकर 24200 के नीचे आ गया। सुबह 9 बजकर 43 मिनट पर सेंसेक्स में 417.00 (0.52%) अंकों की नरमी के साथ 79,674.73 के स्तर पर कारोबार होता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 92.21 (0.38%) अंक नीचे गिरकर 24,217.85 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार का हाल

सेंसेक्स के शेयरों में इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.5% तक उछले वहीं एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम और टाटा स्टील के शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। निफ्टी बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, प्राइवेट बैंक्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.85% तक की नरमी दिखी। एकल शेयरों में एचडीएफसी बैंक के शेयर कंपनी की ओर से वित्तीय वर्ष 2025 के अपडेट्स जारी करने के बाद 3त्न तक टूट गए। एशियाई बाजार शुक्रवार को नए हाई पर कारोबार करते दिखे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बंद रहे। विदेशी संस्थागत निवेशकों को 2,576 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू निवेशकों ने 2375 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। ब्रेंट क्रूड 2 सेंट की गिरावट के साथ 87.41 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार करता

अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग के हमले के पीछे चीनी कनेक्शन, किया दावा

नई दिल्ली। एक्स पर एक लंबी पोस्ट में, जेठमलानी ने कहा कि किंगडन कैपिटल मैनेजमेंट की आड़ में अमेरिकी व्यवसायी मार्क किंगडन ने अदाणी समूह पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग को काम पर रखा था। सके बाद कोटक इंडिया अपॉर्चुनिटी फंड (KIOF) का निर्माण हुआ। वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी लिंक वाले एक व्यापारी ने शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट तैयार करवाई थी, जिसके कारण अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों को झटका लगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा था कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक किंगडन कैपिटल मैनेजमेंट एलएलसी और उसकी संस्थाओं ने अप्रत्यक्ष रूप से अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों को शॉर्ट करने में हिंडनबर्ग की सहायता की थी। बाजार नियामक की एक जांच से यह भी पता चला है कि कोटक महिंद्रा और हिंडनबर्ग ने अदाणी के शेयरों में शॉर्ट पोजीशन लेने के लिए एक साथ साजिश रची। एक्स पर एक लंबी पोस्ट में जेठमलानी ने कहा कि किंगडन कैपिटल मैनेजमेंट की आड़ में अमेरिकी व्यवसायी मार्क किंगडन ने अदाणी समूह पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग को काम पर रखा था। किंगडन ने अदाणी के शेयरों में कारोबार के लिए ऑफशोर फंड के साथ-साथ ऑफशोर अकाउंट स्थापित करने के लिए कोटक की अंतरराष्ट्रीय निवेश शाखा कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (केएमआईएल) से भी संपर्क किया। इसके बाद कोटक इंडिया अपॉर्चुनिटी फंड (KIOF) का निर्माण हुआ।

भारत में बीएमडब्ल्यू की कार बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की बिक्री में 2024 की पहली छमाही में 21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया भारत में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड के तहत कारों की बिक्री करता है। वहीं, बीएमडब्ल्यू मोटरराड के तहत बाइकों की बिक्री करता है।

पहली छमाही में बीएमडब्ल्यू ब्रांड के तहत 6,734 कारों और मिनी के तहत 364 कारों की बिक्री हुई है। वहीं, बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने 3,614 मोटरसाइकिलों की बिक्री की है। कंपनी की ओर से इस दौरान 397 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री की गई है।कंपनी ने बताया कि अब तक 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचने वाली बीएमडब्ल्यू पहली लग्जरी कार कंपनी है। बीएमडब्ल्यू आईएक्स भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली लग्जरी इलेक्ट्रिक कार है। इसके 1,000 से ज्यादा यूनिट्स की बिक्री हुई है। बीएमडब्ल्यू लग्जरी क्लास वाहन सेगमेंट में 17 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसका कुल बिक्री में योगदान 18 प्रतिशत है। बीएमडब्ल्यू एक्स 7 सबसे ज्यादा बिकने वाला लग्जरी मॉडल है।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पाहवा ने कहा कि हमारे वाहनों के प्रति मजबूत आकर्षण ने हमारी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के साथ-साथ हमें ड्राइविंग में इनोवेशन करने के लिए प्रेरित किया है।बीएमडब्ल्यू स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल्स (एसएवी) का बिक्री में योगदान 54 प्रतिशत का रहा है। इसमें 24 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। बीएमडब्ल्यू एक्स 1 कंपनी की सबसे लोकप्रिय एसएवी है। इसकी बिक्री में हिस्सेदारी 19 प्रतिशत है।बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान कार है। इसका बिक्री में योगदान 17 प्रतिशत है।

खेल, मनोरंजन

ओलिंपिक खिलाड़ियों से मोदी ने कहा- मुझे भरोसा खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे

दिल्ली। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है। ओलिंपिक खिलाड़ियों से मोदी ने बातचीत में कहा- मुझे भरोसा खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ये 140 करोड़ देशवासियों में आशा जगाते हैं। मैं आश्वस्त हूं कि एथलीट अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत को गौरवांवित करेंगे।

मोदी ने पहली बार ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली बॉक्सर निखत जरीन सहित कई शूटरों से बातचीत की और उनकी तैयारियों को जाना।

पीवी सिंधु ने कहा कि मेरा तीसरा ओलिंपिक है। 2016 रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल लेकर आई थी। टोक्यो में ब्रॉन्ज मेडल लेकर आई थी। इस बार कलर चेंज करके लौटना चाहती हूं। मोदी ने सिंधु से कहा कि आप नए प्लेयर्स से क्या कहना चाहेंगी। सिंधु ने कहा कि ओलिंपिक में कई लोग प्रेशर में रहते हैं और ओलिंपिक में भाग लेने को लेकर उत्साहित रहते हैं। मेरा कहना है कि आपको फोकस रखना है और अपना 100 प्रतिशत देना है।

पीवी सिंधू का यह तीसरा ओलिंपिक है। वे टोक्यो में ब्रॉन्ज और रियो ओलिंपिक में सिल्वर जीत चुकी हैं। गोस्वामी ने जवाब दिया, वह मेरे साथ स्विटजरलैंड में ही हैं। यह मेरा और उनका दूसरा ओलिंपिक है। तीन महीने से मैं देश के बाहर ही प्रैक्टिस कर रही हूं। पहले ऑस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग किया और अब स्विटजरलैंड में प्रैक्टिस कर रही हूं। दरअसल, प्रियंका अपने साथ अपने बालकृष्ण (भगवान लड्?डू गोपाल) की मूर्ति साथ रखती हैं। क्क्रूने उनसे कहा कि तुम्हारी शिकायत थी कि तुम्हारा खेल कोई नहीं देखता, अब प्रैक्टिस में लोग आपको खेलते देखते हैं। गोस्वामी ने जवाब दिया कि विदेशों में यह इवेंट अन्य खेलों की तरह ही प्रचलित है। पर आपकी ओर से बढ़ावा देने के बाद देश में भी यह इवेंट काफी प्रचलित हुआ है। भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी थीं। मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निखत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की।

रोहित-बुमराह प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामांकित

जून माह में तीन नॉमिनेशन का ऐलान किया; अफगानिस्तान के गुरबाज भी शामिल

दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वलर्ड कप के बाद जून महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ खिताब के दावेदार की घोषणा कर दी है।इसमें 17 साल बाद टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह के अलावा अफगानिस्तान के बैटर रहमानुल्लाह गुरबाज को शामिल किया गया है।टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा भारत की ओर से टॉप स्कोरर रहे।

उन्होंने 8 मैचों में 36.71 की औसत और 156.7 की शानदार स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए।रोहित ने सुपर-8 में वर्ल्ड कप की सबसे बड़ी दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 गेंदों में 92 रन की पारी खेली। वहीं सेमीफाइनल में उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ भी 39 गेंदों पर 57 रन बनाए थे। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी टी-20 वर्ल्ड कप में प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। उन्होंने 8 मैचों में 4.17 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और 15 विकेट भी लिए। वह टीम इंडिया के दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे।

गुरबाज ने इस टूर्नामेंट में बनाए सबसे ज्यादा रन

अफगानिस्तान के ओपनर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज का प्रदर्शन भी टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार रहा। वह टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर भी रहे। गुरबाज ने 8 मैचों में 124.33 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज की और 281 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 3 अर्धशतक भी जमाया।

28 एथलीट्स की भारतीय टीम, नीरज लीड करेंगे

दिल्ली। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।नीरज चोपड़ा के साथ ही इस बार जेवलिन में किशोर जेना भी भाला फेंकते हुए नजर आएंगे। वहीं पिछले साल एशियन गेम्स में महिलाओं के जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतने वाली अन्नू रानी भी पेरिस में जेवलिन थ्रो में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।नीरज चोपड़ा और अन्नू रानी के अलावा, पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, पुरुषों मे एशिया के टॉप शॉट पुटर में से एक तजिंदरपाल सिंह तूर, महिला रेस वॉकर प्रियंका गोस्वामी और 4×400 मीटर रिले धावक मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन तीन साल पहले टोक्यो में हिस्सा ले चुके हैं।

मिर्जापुर 3 शबनम बनेगी ड्रग कार्टेल का हिस्सा

सुपरहिट क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का बेसब्री से फैंस को इंतजार है। कुछ ही घंटे बचे हैं और सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो जाएगी। लाखों फैंस की तरह एक्ट्रेस शेरनवाज जिजीना भी बेसब्र हैं। उन्होंने बताया कि इस सीजन में उनका किरदार ड्रग कार्टेल का है और वो ड्रग डील करती दिखेंगी।एक्ट्रेस सीरीज में शबनम के किरदार में हैं, जो अफीम का कारोबार चलाने वाले लाला (अनिल जॉर्ज) की बेटी हैं।शेरनवाज जिजीना ने कहा, शबनम ने कभी किसी के साथ बुरा बर्ताव नहीं किया, उसने कभी बंदूक नहीं पकड़ी, और वह इस पूरी चीज से दूर है। लेकिन अब अचानक वह ड्रग डील कर रही है और गुड्डू के खिलाफ खड़ी है। यह मजेदार है।

मिर्जापुर में अपनी पहचान बनाने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा, मिर्जापुर शो पूरी तरह से गद्दी के इर्द-गिर्द घूमता है। शो के पुरुष किरदार गुड्डू पंडित और कालीन भैया, शरद और बाकी सभी हैं, जो इस बात पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं कि गद्दी पर कौन शासन करेगा। हमारे लेखकों और निर्देशकों ने महिलाओं के किरदारों को बहुत खूबसूरती से पेश किया है, क्योंकि महिलाएं सीरीज की जान हैं, वे पुरुषों को गद्दी तक पहुंचने में मदद कर रही हैं। उन्होंने साझा किया कि चाहें वह श्वेता त्रिपाठी शर्मा का गोलू किरदार हो, बीना बनी रसिका हों या माधुरी की भूमिका में ढली ईशा तलवार हों , सभी ने बहुत अच्छा काम किया है।उन्होंने आगे कहा, महिलाओं को पुरुष प्रधान शो में आगे बढ़ने का मौका मिला। और वो बड़े निखर कर सामने आईं। इसका पूरा श्रेय हमारे लेखकों को जाता हैं, जिन्होंने शानदार काम किया है।उन्होंने आगे बताया कि यह सीजन उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है।उन्होंने कहा- वह (उनका किरदार) हर सीजन के साथ शो में बड़ी होती गई हैं। इस किरदार की मासूमियत और सरलता को बनाए रखना बेहद जरूरी था। शो में एकमात्र ऐसी है जिसे सत्ता या पैसे की लालसा नहीं। नुकसान का मलाल नहीं है, बल्कि इसके बजाय, वह हर पहलू में दया दिखाती है।

फिल्म बेबी जॉन में बेहद गंभीर लुक में वरुण

अभिनेता वरुण धवन ने साउथ के निर्देशक कलीश और जवान के निर्देशक एटली कुमार के साथ मिलकर बेबी जॉन नामक एक प्रोजेक्ट बनाया है। बता दें कि घोषणा के बाद से ही निर्माता फिल्म के पीछे के दृश्यों से फैंस को चिढ़ा रहों हैं, जिससे वो और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। अब, निर्माताओं ने हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म से वरुण धवन का एक नया पोस्टर जारी किया है और वो कातिलाना लग रहें हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

आपको बता दें कि फिल्म बेबी जॉन के नए पोस्टर में वरुण धवन लंबे, गीले बाल, बढ़ी हुई दाढ़ी और बेहद गंभीर भाव में दिखाई दे रहें हैं। ऐसा लग रहा है कि वो एक बड़ी लड़ाई में शामिल होने और अपने रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति को हराने के लिए तैयार हैं। पोस्टर में एक तरफ फिल्म की रिलीज की तारीख और अन्य विवरण भी शामिल हैं।वरुण धवन पहली बार फिल्म में अपने एक्शन कौशल का प्रदर्शन करेंगे और बेबी जॉन तीव्र एक्शन, रोमांचकारी मनोरंजन और शक्तिशाली प्रदर्शनों से भरी होगी। यह फिल्म कीर्ति सुरेश की हिंदी फिल्म डेब्यू भी है और इसमें वामिका गब्बी भी हैं, जो सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं।

न्यूज़ गैलरी

भुईयां पोर्टल अपडेट नहीं

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिलान्तर्गत पोड़ी-उपरोड़ा तहसील का भुईयां पोर्टल अपडेट नहीं हुआ है। जिस कारण किसानों को जो जानकारी ऑनलाइन मिल रही थी वह अब नहीं मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों को अपनी जमीन से संबंधित कामकाज के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा हैं कि दो साल पहले तक जमीन से संबंधित जानकारी रकबा, खसरा आदि की जानकारी के लिए तहसील कार्यालय नहीं जाना पड़ता था, तहसील कार्यालय से अपडेट होने वाले भुईयां पोर्टल से पूरी जानकारी ऑनलाइन मिल जाती थी।

बुजुर्ग हुआ उठाईगिरी का शिकार

रायपुर/नवप्रदेश। ई-रिक्सा में एक बुजुर्ग उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग में रखे नकदी ढाई लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुमन लाल वर्मा 62 वर्ष पठारीडीह पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ई-रिक्सा में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी रिक्शा में सवार अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग से नकदी रकम 2 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान का ताला टूटा, नकदी पार

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या नगर चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रामेश्वरी चंद्राकर 55 वर्ष अयोध्यानगर चंगोराभाठा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 20 से 21 जून के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गोदाम से हजारों रुपए का सामान गायब

रायपुर/नवप्रदेश। पैकरा इस्पात के सामने नेवरा स्थित गोदाम में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी सुधांसू शर्मा 31 वर्ष शिक्षक कालोनी तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पैकरा इस्पात के सामतने उसका गोदाम है। जिसमें अज्ञात चोर ने प्रवेश कर गोदाम में रखे टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक का चक्का पार

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुघासीदास प्लाजा के पास खड़ी बाइक से अज्ञात चोर ने चक्का पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंटू रजक 25 वर्ष गुरूघासीदास प्लाजा के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होण्डा बाइक को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक का चक्का पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 2 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेच रहा था युवक, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है कि मुखबिर सूचना तस्दीक हेतु मौके पर जाकर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना नाम रामखिलावन निषाद पिता दीनदयाल निषाद 36 वर्ष पता सूरज नगर लाभांडी थाना तेलीबांधा रायपुर का रहने वाला बताया जो अपने पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 15 पौवा अंग्रेजी शराब जम्मू डीलक्स व्हिस्की एवं बिक्री रकम 240 रुपया मिला मौके पर गवाहों के समक्ष मुताबिक जपती पत्रक के जप्त कर सील बंद कर जप्त किया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(1) ब आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

आत्मानंद विद्यालय की ग्रिल काटकर चोरी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय में चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर पहुंचने के बाद चोरों ने अलग-अलग कमरों में लगे 9 छत पंखे निकालकर चुरा लिये। सुबह विद्यालय के कर्मचारी पहुंचे तो चोरी होने का पता चला। विद्यालय के प्राचार्य ने कटघोरा थाना में चोरी की लिखित सूचना दी है।

शाला प्रवेश उत्सव पर स्टालों का सीएम साय ने पत्नी के साथ किया अवलोकन

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर लगे विभिन्न स्टालों के अवलोकन के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी अवलोकन किया।

राजधानी में बलवा करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी ऋषभ कटारिया अपने भतीजा का जन्मदिन के अवसर पर रिश्तेदार एवं बच्चे जन्मदिन मनाने अपने घर बुलाए थे, मेहमानों की गाड़ी बाहर खड़ी थी। इस गाड़ी में से स्कोडा कार बाहर खड़ी थी। तभी तेज एवं लापरवाही पूर्वक चालक अपनी वहान से स्कोडा कार एवं वरना कार दोनों को ठोकर मारकर गिर गया। उनके बुलेट से दोनो कार को नुकसान पहुंचा,जिसे प्रार्थी द्वारा उठाया गया और उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम मोक्ष राय बताया।

घटना से हुए नुकसान की वजह से उसे अपने पास रखा, उनके पिता को बुलाने कहने पर उसके मोबाइल से उसे बात करने बोला तो वह 1 नंबर पर उसने फोन किया। सभी वहीं पर इकट्ठा होकर इंतजार करने लगे। 10-15 मिनट बाद 7-8 दोस्त सोनेट कार और 1 स्कूटर में सवार होकर आए,आते ही प्रार्थी के परिवार को अश्लील गंदी गाली गलौज गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर किया सोनेट कार में रखे बेसबॉल, डंडे एवं रॉड से मारपीट करना चालू कर दिए।मारपीट करते देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, उक्त आरोपियन द्वारा मारपीट करते हुए प्रार्थी ,उनके परिवार के सदस्यो एवं बीच बचाव में आए लोगों को भी मारपीट करने लगे । जिसमें प्रार्थी एवं बचाव में आए 4-5 सदस्यों को भी सिर,हाथ,पैर एवं अन्य जगहों पर चोट आया। कैसे भी करके सभी लोगों द्वारा उक्त लड़कों को पकडऩे का प्रयास करने लगे, जिसमे तीन लड़के को पकड़ कर रखा गया एवं अन्य लड़के वहां से भाग गए। पकड़े गए लड़के को नाम पूछने पर अपना नाम मोक्ष राय,संजू भारती एवं अपचारी बालक बताएं।घटना की सूचना पर तत्काल पेट्रोलियम टीम थाना प्रभारी घटनास्थल पर उपस्थित आए। तत्काल रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त किया सोनेट कार, बुलेट, मोटर सायकल स्कूटर, बेस बाल एवं राड जप्त किया गया है। मोक्ष राय पिता अनंत राय उम्र 19 वर्ष साकिन बी ब्लॉक 102 रॉयल टावर पचपेड़ी नाका थाना टिकरापारा रायपुर। संजीव भारती पिता संजय भारती उम्र 18 वर्ष सेकंड राधा कृष्ण मंदिर के पीछे संजय नगर आदि शामिल है। थाना टिकरापारा रायपुर अपचारी बालक . रजत मेश्राम पिता मिलन मेश्राम उम्र 26 वर्ष साकिन सूर्य नगर गोगाव थाना गुढियारी रायपुर। 5. गर्व शर्मा पिता गौरव शर्मा उम्र 18 वर्ष साकिन ग्रीन अर्थ थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

निर्दोष लोगों की पिटाई की जांच हो, नहीं तो दिल्ली में होगा प्रदर्शन : आजाद

रायपुर/नवप्रदेश। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं. उन्होंने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात की और बलौदाबाजार हिंसा मामले को संज्ञान में लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. उसके बाद बिलाईगढ़ भटगांव में आयोजित बड़ी जनसभा को संबोधित करने रवाना हुए. रवानगी से पहले चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में जो जेल में बंद लोगों पर जुल्म हो रहा है, वह जुल्म बंद हो, इस जुल्म को हम लोग नहीं सहेंगे। इसलिए हम यहां आए हैं. कल सदन खत्म हुआ है और आज मैं छत्तीसगढ़ में हूं. जिस तरह से छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के लोगों पर जुल्म किया जा रहा है। सतनामी समाज बहुत न्यायप्रिय और हिंसा में विश्वास नहीं करने वाला समाज है। जिस प्रकार से षड्यंत्र करके उनको टारगेट किया जा रहा है। मैं उसके खिलाफ हूं.।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा, इस घटना के बाद जिलाधिकारी और एसपी हटाए गए हैं. यानी की उन लोगों ने लापरवाही बरती थी. उनकी गलती नहीं होती तो क्यों हटाते उन्होंने गलती की उनके लापरवाही से इंटेलिजेंस फेल हुआ है. उनसे कोई बातचीत नहीं किए गए उसका परिणाम है.

इतने लंबे समय से सतनामी समाज के आस्थाओं से खिलवाड़ हो रहा है. एक महीने पहले से वह ज्ञापन दे रहे हैं. सीबीआई जांच की मांग कर रहे है. हमारे आस्था का सम्मान नहीं हो रहा है. इस घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए. किसी जाति, किसी धर्म का हो उस पर कार्रवाई हो. निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा है. सतनामी समाज के जो नौजवान है. भीम आर्मी के जो नौजवान है. उनको पीटा जाएगा तो यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे.

सही जांच नहीं होने पर दिल्ली में करेंगे आवाज बुलंद

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि दिल्ली में हम आवाज उठाएंगे। दिल्ली में हम छत्तीसगढ़ सदन और गृहमंत्री भवन का करेंगे घेराव. सरकार संज्ञान ले, जिनको बचाना चाहती है। उनको बचाने के बजाय इस बड़ी घटना के पीछे जो और बड़े घोटाले को दबाने का प्रयास सरकार कर रही है. वह नहीं होना चाहिए।

छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य उद्देश्य है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना : लक्ष्मी राजवाड़े

कई योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रमुख उद्देश्य ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है और इसके लिए विभाग द्वारा अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा रेडी टू ईट सप्लाई का काम महिलाओं को वापस सौंपा जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार और आर्थिक स्थिरता मिल सके।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि रेडी टू ईट की सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोई रुकावट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और सप्लाई चौन सुचारू रूप से चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा महिलाओं का हक छीन कर उनका यह काम एनजीओ को दिया

गया था, लेकिन हमारी सरकार के आने के बाद फिर से महिलाओं को इस काम में लगाया जा रहा है। हम महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राजवाड़े ने यह भी स्पष्ट किया कि बीज निगम के 162 करोड़ रुपये के पेमेण्ट को लेकर कोई भी अवरोध नहीं है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।

केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र

कमलपुर में रेल्वे का स्टॉपेज पुनः शुरू करने का किया अनुरोध

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस का स्टॉपेज कमलपुर में पुनः शुरू करने का अनुरोध किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस की अप और डाउन गाड़िया नियमित रूप से कमलपुर रेल्वे स्टेशन में रूका करती थीं। कोविड के दौरान रेल्वे द्वारा कमलपुर स्टेशन में इस ट्रेन का स्टॉपेज अस्थाई रूप से बंद किया गया था। श्रीमती राजवाड़े ने कहा है कि उनके क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लोगों ने कमलपुर में पुनः स्टॉपेज शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कमलपुर के आस-पास लगभग 3500 लोगों की आबादी है, जो इस स्टॉपेज के माध्यम से रेल सुविधाओं का उपयोग करती हैं।

दिल्ली-मुंबई हवाई टिकट हुई सस्ती

रायपुर/ नवप्रदेश। ट्रैवल्स संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि इन दिनों रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया 7000 से 8000 रुपये तक उपलब्ध है। वहीं रायपुर से मुंबई का हवाई किराया भी 6500 से 7000 रुपये में उपलब्ध है। इसके साथ ही रायपुर से बैंगलुरू 8000 रुपये, रायपुर से हैदराबाद 7500 रुपये, रायपुर से कोलकाता 6500 रुपये तक उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में हवाई यात्राएं कम हो जाती है, तो विमानन कंपनियों पर भी इसका असर पड़ता है और वे हवाई किराया कम करती है। मालूम हो कि पिछले महीने 21 जून को दिल्ली से रायपुर का हवाई किराया 20 हजार रुपये पार हो गया था। ट्रैवल्स संचालकों का कहना था कि विमानन कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगाना चाहिए।

महिला थाना टिआई 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। एक तरफ कैपिटल पुलिसिंग के लिए आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह पुरे जी.जान से जुटे हुए हैं। दूसरी तरफ अपने महकमे का मोराल बनाये रखने ष्कॉप ऑफ द मंथष् के जरिये और निजात कार्यक्रम से कानून व्यवस्था के लिए बेहतर प्रयास रायपुर पुलिस कर रही है लेकिन अपने अधिकारीयों के अच्छे प्रयासों और खाखी को दागदार करने वाले मातहत अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे।

एफआईआर दर्ज करने के नाम पर रिश्वत लेते रायपुर महिला थाना प्रभारी टिआई वेदवती दरियो को एसीबी ने 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। महिला थाने की टीआई को ट्रैप करने एसीबी के डीएसपी रैंक के अफसर पहुंचे थे। एसीबी के अफसरों के मुताबिक पीड़ित महिला ने चार माह पूर्व अपने पति के खिलाफ थाने में दहेज प्रताड़ना के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला और उसके पति की कई दौर की काउंसिलिंग कराई। काउंसलिंग में दोनों पक्षों द्वारा सहमति नहीं बनने के बाद थाना प्रबारी ने महिला को एफआईआर दर्ज कराने के नाम पर कई दफा थाना बुलाकर घंटों बिठाकर रखने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की।

सूचना के अधिकार के तहत जानकारी भी मांगी

महिला के मुताबिक काउंसिलिंग में समझौता नहीं होने के बाद टीआई द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने की स्थिति में उसने जानकारी मांगने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी भी मांग थीए जिसका थाना प्रभारी ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया। महिला के अनुसार थाना प्रभारी ने उसे हर बार उलझाते हुए एफआईआर की प्रक्रिया प्रोसेस में होने की बात कह टालमटोल करती थी।

सुबह नौ बजे से जाल बिछाया

महिला थाने की टीआई को ट्रैप करने एसीबी की टीम ने सुबह नौ बजे से जाल बिछाया था। पीड़ित महिला सुबह साढ़े नौ बजे के करीब टीआई से मिलने पहुंची। थाने में भीड़ होने की वजह से टीआई ने महिला को दोपहर आने के लिए कहा। दोपहर महिला 20 हजार रुपए लेकर पहुंची तब टीआई ने महिला को 50 हजार रुपए से कम में एफआईआर दर्ज नहीं करने की बात कही। मोलभाव करने पर टीआई 35 हजार रुपए लेने राजी हुई। इसके बाद शाम के समय महिला पुनरू थाने पहुंची और पहली किश्त के रूप में 20 हजार रुपए टीआई की दिया।

यातायात व्यवस्था बनाये रखने सख्त कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा शहरी क्षेत्र में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस का अमला विभिन्न व्यस्त सडक़ों पर मुस्तैद होकर सख्त कार्यवाही कर रहा है।

यातायात के जवानों की शहर में पेट्रोलिंग हो रही है और नो पार्किंग में खड़े किए जाने वाले चार पहिया और अन्य वाहनों पर लॉक करने की सख्त कार्यवाही की जा रही है। अब्चल के कोसाबाड़ी, निहारिका, घंटाघर, टी.पी. नगर, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी सहित एएसआई मनोज राठौर, घनश्याम सिंह, ईश्वरी लहरे, मालिकराम जांगड़े द्वारा टीम के साथ यह कार्यवाही की जा रही है।

डिजिटल सचिवालय : अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल सचिवालय परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को चिप्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

चिप्स द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के मार्गदर्शन में एचआरएमएस सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसमें अवकाश के लिए आवेदन, अचल संपत्ति विवरण और गोपनीय प्रतिवेदन ऑनलाइन भरा जा सकेगा।

राजभवन में भी डिजिटल एचआरएमएस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसी सिलसिले में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित चिप्स के प्रशिक्षणकर्ताओं ने सभी शंकाओं का उचित समाधान किया। प्रशिक्षण में उप सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, अवर सचिव सुश्री अर्चना पाण्डेय, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा सहित राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदेश में पोषण ट्रेकर की मदद से कुपोषित बच्चों की अब सघन निगरानी

ट्रेकर की दक्षता 16 से 95 प्रतिशत तक पहुंची, 22.5 लाख बच्चों की जानकारी हो रही अपडेट

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग के प्रयासों से प्रदेश में कुपोषित बच्चों की निगरानी 'पोषण ट्रेकर एप की मदद से 16 प्रतिशत से बढ़कर 95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अब सभी बच्चों की जानकारी विभिन्न मापदंड़ों पर एक क्लिक में उपलब्ध है। इससे इन कुपोषित बच्चों को संतुलित पोषण प्रदान करने में काफी मदद मिल रही है। प्रदेश में ऐसे 22.5 लाख बच्चे हैं जिनकी पोषण संबंधी जानकारी

अब नियमित रूप से अपडेट की जा रही है। एम्स में बाल रोग विभाग के अंतर्गत स्थापित 'स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर न्यूट्रीशन इंटरवेंशन्स की मदद से यह संभव हो सका है। सेंटर के कार्यक्रम निदेशक प्रो. अनिल कुमार गोयल ने बताया कि टेलीमॉनीटरिंग और टेलीमेंटरिंग की मदद से वर्ष 2023 में 106 न्यूट्रिशन रिहेब्लिटेशन सेंटर्स की टेली मॉनीटरिंग की गई। इसके साथ ही प्रदेश में 57 से अधिक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की टेली मेंटरिंग की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से बच्चों के पोषण से जुड़े चिकित्सकों और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान कर पोषण ट्रेकर पर सही जानकारी प्रदान करने के बारे में बताया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप 1100 आंगनवाड़ी सेंटर्स और 22 हजार से ज्यादा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण ट्रेकर और 'कम्युनिटी बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ सिवियर एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन प्रबंधन कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। बच्चों के कुपोषण के विभिन्न मापदंड़ों पर अब सटीक जानकारी इस सेंटर के पास उपलब्ध हो पा रही है। जनवरी 2023 से अब तक 208 बच्चों को चिन्हित किया गया है जो कुपोषण या अति कुपोषण का शिकार हैं।

डॉ. चिन्मय पण्ड्या को मिला विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध शांति पुरस्कार

हरिद्वार/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु गायत्री परिवार प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या को विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध (वीआईआर) शांति पुरस्कार दिया गया। इस सम्मान समारोह में स्मृतिचिह्न व सम्मान पत्र गायत्री परिवार प्रतिनिधि ने प्राप्त किया। यह समारोह मुंबई के प्रसिद्ध होटल ताज में आयोजित हुआ।

अध्यात्म के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नोबेल पुरस्कार के समकक्ष टेम्पल्टन पुरस्कार की चयन समिति के पूर्व सदस्य डॉ चिन्मय पण्ड्या ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आशीर्वाद से ही सेवाकार्य संभव हो सका है। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान उन्हीं विभूति को समर्पित है, जिन्होंने विश्व भर में भारतीय संस्कृति के नवोन्मेष, सांस्कृतिक उत्थान एवं युवाओं के जागरण हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार की न केवल स्थापना की, वरन आज भी अपना संरक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं और यही कारण है कि आज पूरी दुनिया गायत्री

परिवार के ओर आशाभरी दृष्टि से देख रही है। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या जी एवं शांतिकुंज अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलबाला पण्ड्या जी ने भी इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं अपनी शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि पूज्य गुरुदेव ने मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लक्ष्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की थी। धर्मतंत्र के माध्यम से लोकशिक्षण की व्यवस्था को आधार बनाते हुए युग निर्माण योजना के लक्ष्य को साकार करने के लिए सत्प्रवृत्ति संवर्धन दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की कार्ययोजना शान्तिकुन्ज हरिद्वार के माध्यम से सप्तक्रांति आंदोलन प्रारंभ किया। सप्तक्रांति में साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, पर्यावरण, व्यसनमुक्ति व कुरीति उन्मूलन एवं नारी जागरण गायत्री परिवार के मुख्य सेवा प्रकल्प हैं। शांतिकुंज ने इन्हें राष्ट्र शक्ति के रूप में निखारने की प्रक्रिया का एक विश्वव्यापी आन्दोलन और अभियान बनाया है। जिससे विश्व एवं राष्ट्र श्रेष्ठता, संप्रभुता और संपन्नता के श्रेष्ठ शिखर पर पुनः प्रतिष्ठित हो सके। आयोजक संस्था तर्पण फाउण्डेशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर ख्यातिलब्ध संस्थान है। यह फाउण्डेशन युवा सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए कार्यरत है। फाउण्डेशन द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पंड्या सहित प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को भी वीआईआर शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021